अधिकतम : 34° C
न्यूनतम : 21° C

# शाह टाइम्स

www.shahtimesnews.com

मुरादाबाद, रविवार 7 जून 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 291 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 20 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सीबीएसई में अनियमितताएं धर्मेंद्र प्रधान की अक्षमता का प्रमाण: कांग्रेस पेज 2



प्रज्ञानंद ने आखिरी राउंड में नॉर्वे चेस 2026 का खिताब जीता खेल टाइम्स



अमेरिका-ईरान फिर सैन्य टकराव के बेहद करीब पेज11



AI के सबसे अच्छे 5 कोर्स: नहीं होगी नौकरी की दिक्कत करियर

## संक्षिप्त समाचार

### बिरला आठ को करेंगे राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की बैठक का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार सोमवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा विधानसभा में द्वितीय राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र जोन-दो (उत्तर जोन) के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे जिसमें विभिन्न विधानसभाओं, विधान परिषदों के पीठासीन अधिकारी, सांसद, विधायक, केंद्रीय मंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति हिस्सा लेंगे। लोकसभा सचिवालय की सूचना के अनुसार सम्मेलन का विषय 'भविष्य की चुनौतियों से निपटने और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने में जागरूक समाज और विधि-निर्माताओं की भूमिका' रखा गया है।

### पंचायती राज मंत्रालय कल जारी करेगा रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय आठ जून को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राज्य वित्त आयोगों की डेटासेट पर गठित समिति की रिपोर्ट सोमवार को जारी करेगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार केन्द्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डा. वी. अनंत नागेश्वरन, पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज और राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) के एसोसिएट प्रोफेसर डा. मनीष गुप्ता के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों और अनुसंधान संस्थानों एवं नीति निकायों के विशेष प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह रिपोर्ट जारी करेंगे।

### विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक आठ जून को

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक आठ जून को होगी, जिसमें नीट परीक्षा से जुड़े विवाद, शिक्षा व्यवस्था, महंगाई, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि, चुनाव से जुड़े मुद्दों तथा संसद के मानसून सत्र के लिए साझा रणनीति पर चर्चा होने की संभावना है। कांग्रेस की पहल पर हो रही इस बैठक को विपक्षी दलों के बीच समन्वय मजबूत करने की कोशिश बताया जा रहा है। बैठक सोमवार आठ जून को यहां कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में होगी। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) ने बैठक में शामिल नहीं होने की घोषणा की है। आम आदमी पार्टी पहले ही इंडिया गठबंधन से दूरी बना चुकी है।

### एनसीआर में वायु प्रदूषण नियमों के उल्लंघन के 87 केस


**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता प्रबंधान आयोग (सीएक्यूएम) की प्रवर्तन कार्यबल (ईटीएफ) ने 11 से 29 मई के बीच 245 निरीक्षण किए, जिनमें वायु प्रदूषण संबंधी नियमों के उल्लंघन के 87 मामले सामने आए। आयोग की 132वीं ईटीएफ बैठक में समीक्षा के दौरान बताया कि 19 दिनों की अवधि में निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) स्थलों पर 31, औद्योगिक इकाइयों में 74 तथा डीजल जनरेटर (डीजी) सेटों से संबंधित 140 निरीक्षण किए गए।

# श्रेयस अय्यर टी-20 के नए कप्तान, वैभव सूर्यवंशी की टीम में एंट्री

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को आयरलैंड और इंग्लैंड के आगामी दौरों (जून-जुलाई) और सितम्बर से जापान में होने वाले 2026 एशियाई खेलों के लिए श्रेयस अय्यर को राष्ट्रीय टी-20 टीम का नया कप्तान बनाया है।

राष्ट्रीय टीम चयनकर्ताओं युवा आतिशी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में शामिल किया है। तिलक वर्मा भारतीय टीम के उपकप्तान होंगे। इसके अलावा 15 वर्षीय युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। उन्हें तीनों टीमों जगह मिली है। टीम में हर्षित राणा की भी वापसी हुई है, जिन्होंने आखिरी बार इस साल फरवरी की शुरुआत में कोई प्रतिस्पर्धी मैच खेला है। सूर्यकुमार यादव को टीम में जगह भी नहीं मिली है। वहीं, घरेलू मैदान पर विश्वकप के दौरान नौ पारियों में 136.72 के स्ट्राइक रेट से 242 रन बनाने वाले 35 साल के सूर्यकुमार को खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर कर दिया गया। आईपीएल 2026 में भी उन्होंने मुम्बई इंडियंस के लिए 13 पारियों में 270 रन बनाए थे। बीसीसीआई ने टीम के नेतृत्व में यह बदलाव लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक और उसी साल ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए एक नई टी-20 टीम तैयार करने को लिए किया हैं। इस सीजन में पंजाब किंग्स के साथ प्लेऑफ में जगह बनाने से मामूली अंतर से चूकने के बावजूद, अय्यर ने 14 मैचों में शानदार 498 रन बनाए। इसमें उनका पहला आईपीएल शतक भी शामिल था। अय्यर भारतीय पुरुष टी-20 क्रिकेट टीम के इतिहास में 15वें कप्तान होंगे। भारत अपने दौरे की शुरुआत आयरलैंड के खिलाफ बेलफास्ट में 26 और 28 जून को दो टी-20 मैचों से करेगा, जिसके बाद टीम एक से 11 जुलाई तक इंग्लैंड में पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी। एशियाई खेलों में पुरुषों का क्रिकेट टूर्नामेंट 24 सितम्बर से शुरू होगा और 13 अक्टूबर को पदक मैचों के साथ खत्म होगा।





■ बीसीसीआई ने तीन प्रतियोगिताओं के लिए किया टीम का ऐलान

### आयरलैंड के खिलाफ भारतीय टी-20 टीम:

**श्रेयस अय्यर (कप्तान)**, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव और वैभव सूर्यवंशी।

### इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टी -20 टीम:

**श्रेयस अय्यर (कप्तान)**, तिलक वर्मा (उपकप्तान), रवि बिश्नोई, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, ईशान किशन, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, वरुण चक्रवर्ती, प्रिंस यादव और वैभव सूर्यवंशी।

### एशियाई गेम्स के लिए भारतीय टीम:

**श्रेयस अय्यर (कप्तान)**, तिलक वर्मा (उपकप्तान), रवि बिश्नोई, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, ईशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, वरुण चक्रवर्ती और वैभव सूर्यवंशी।

### खाद्य तेलों के मानक पैक आकार तय

**नई दिल्ली।** सरकार ने उपभोक्ताओं के लिए मूल्य तुलना को आसान बनाने, बाजार में पारदर्शिता बढ़ाने तथा पैकेजिंग में एकरूपता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य तेलों और वसा की पैकेजिंग तथा शुद्ध मात्रा निर्धारण से संबंधित एसओपी में संशोधन किया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने बताया कि खाद्य तेल उद्योग के प्रमुख संगठनों से व्यापक विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया है। विभाग का कहना है कि बाजार में अलग-अलग आकार के पैकेटों की बढ़ती संख्या के कारण उपभोक्ताओं को विभिन्न ब्रांडों की कीमतों और मात्रा की तुलना करने में कठिनाई होती है इसलिए नई व्यवस्था से खाद्य तेलों की पैकेजिंग में एकरूपता आएगी।

# कॉकरोच पार्टी का 5 घंटे प्रदर्शन

## सीजेपी के फाउंडर दीपके ने शिक्षा मंत्री का मांगा इस्तीफा, शनिवार को फिर जंतर-मंतर पर जुटेंगे

दीपके ने कहा: मंत्री के इस्तीफे के लिए 5 दिन का समय, नहीं तो पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा

प्रदर्शन में शामिल हुए सोनम वांगचुक, 1000+ पुलिसकर्मी, बार्डर पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी, (सीजेपी) ने शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर 5 घंटे प्रदर्शन किया। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा था कि इस्तीफे के लिए 5 दिन तक इस्तीफा दें, नहीं तो पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा।

अगले शनिवार, यानी 13 जून को जंतर-मंतर पर फिर प्रदर्शन करेंगे। सीजेपी को जंतर-मंतर पर शनिवार शाम 5 बजे तक प्रदर्शन करने की अनुमति मिली थी, लेकिन दोपहर 3.30 बजे अभिजीत की तबीयत खराब हो जाने के बाद यह समाप्त हो गया। इसके बाद में सोनम वांगचुक के साथ धरनास्थल से रवाना हो गए। अभिजीत सुबह ही अमेरिका से दिल्ली लौटे थे। वे एयरपोर्ट से सीधे जंतर-मंतर पहुंचे थे। यहां अभिजीत अंबेडकर की आटो बायोग्राफी और संविधान की कॉपी लेकर पहुंचे थे। अभिजीत दीपके सुबह 7.30 बर्ज अमेरिका से दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वे डेढ़ घंटे बाद बाहर निकले। सुबह 9.30 बजे अभिजीत सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका के साथ जंतर-मंतर के लिए रवाना हुए। हाथ अंबेडकर की आटो बायोग्राफी थी। सुबह 10.00 बजे -शेष पृष्ठ दो पर





### कॉकरोच जनता पार्टी परेशान लोगों की आवाज: अभिजीत दीपके

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया की कोख से हाल में जन्मी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रवर्तक अभिजीत दीपके ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी किसी पूर्व-नियोजित राजनीतिक रणनीति की उपज नहीं, बल्कि वह सरकार से नाराज लोगों की आवाज बनकर उभरी है और कुछ ही दिनों में लाखों लोग उससे जुड़ चुके हैं। श्री दीपके ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की सत्ता पर काबिज भाजपा ने जनता को हिंदू-मुस्लिम मुद्दों में उलझाकर रखा है, जबकि असली सवाल रोजगार, आजीविका और आम लोगों की समस्याओं का है। उन्होंने कहा कि पिछले पिछले 10-12 वर्षों से हमें हिन्दू-मुस्लिम में उलझाकर रखा गया। क्या हिंदू-मुस्लिम से नौकरियां मिल रही हैं? क्या हिंदू-मुस्लिम की राजनीति से लोगों के घर अच्छी तरह से चल रहे हैं?

# आर्थिक सलाहकार परिषद ने किया आर्थिक हालात पर गहन विचार विमर्श

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पीएम मोदी ने की बैठक की अध्यक्षता

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां आर्थिक सलाहकार परिषद की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें पश्चिम एशिया के संकट से घरेलू अर्थव्यस्था पर पड़ रहे प्रभावों पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

बैठक के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। देश में आर्थिक बदलाव और लंबे समय के विकास की प्राथमिकताओं से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही, सुधारों की प्रक्रिया को और गति देने तथा 'ईज ऑफ़ लिविंग' (जीवन को सुगम बनाने) और 'ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस' (कारोबार की सुगमता) को सुनिश्चित करने पर अपने विचार साझा किए। बैठक में प्रमुख अर्थशास्त्रियों और नीति विशेषज्ञों ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव और उसके भारतीय अर्थव्यवस्था



तथा आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ने वाले प्रभावों पर विशेष रूप से चर्चा की। इसके अलावा वैश्विम ऊर्जा आपूर्ति में अनिश्चितता, महंगाई और आपूर्ति श्रृंखला में बाधा जैसे मुद्दों पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश में आर्थिक वृद्धि को गति देना और व्यापक आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना था। सरकार ने शुक्रवार को ही देश में विदेशी पूंजी का प्रावह बढ़ाने के लिए सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के निवेश पर लागू कर व्यवस्था में बड़ा सुधार लागू किया।

# मानसून महाराष्ट्र-आंध्र तक पहुंचा, दो दिन में 7 राज्यों में एंट्री

नई दिल्ली, वार्ता

■ मप्र-छत्तीसगढ़ में देर से पहुंचेगा, राजस्थान में आंधी

**तीन दिन** की देरी के बाद मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। शनिवार को यह आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम और मणिपुर पहुंच गया। इससे पहले शुक्रवार को कर्नाटक, तमिलनाडु और गोवा में एंट्री की थी।

देश में मानसून 4 जून को केरलम पहुंचा था। आईएमडी के मुताबिक अगले तीन दिनों में मानसून पूर्वोत्तर के सभी राज्यों और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों तक पहुंच सकता है। अगले 10 दिनों में इसके बिहार, झारखंड और ओडिशा पहुंचने की संभावना है।

# अन्नामलाई के आंदोलन से 10 लाख लोग जुड़े

**चेन्नई।** तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के अन्नामलाई ने अपने आंदोलन 'इधु नम्मा इयक्कम' को शुरुआत में ही बड़ा जनसमर्थन मिलने का दावा किया गया है।

अन्नामलाई के अनुसार, आंदोलन शुरू होने के 10 घंटे के भीतर 10 लाख से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। अन्नामलाई ने इसे लोगों का आंदोलन बताते हुए कहा कि यह राज्य के भविष्य को लेकर साझा सोच और मिशन का प्रतीक है। उनका कहना है कि पहले इस आंदोलन को खड़ा किया जाएगा, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा और बाद में इसे राजनीतिक पार्टी में बदला जाएगा। अन्नामलाई ने 2 जून को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इसकी चिट्ठी शुक्रवार को सामने आई। अन्नामलाई के समर्थन में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष करु नागराजन ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मैंने और कई भाजपा नेताओं ने अन्नामलाई का समर्थन करने का फैसला किया है। अन्नामलाई 5 जून की रात दिल्ली से चेन्नई पहुंचे।



■ शुरुआती 10 घंटों के अंदर रजिस्ट्रेशन, समर्थन में तमिलनाडु भाजपा उपाध्यक्ष का इस्तीफा

# कॉकरोच जनता पार्टी ने युवाओं को किया आकर्षित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया के जरिये सामने आई कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की ओर से नीट-पेपर लीक को लेकर शनिवार को जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन में सैकड़ों की तादाद में लोग इकट्ठा हुए। हाथ में पोस्टर-पर्चे लिए कुछ लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की, तो कुछ ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को खत्म करने की मांग की।

जंतर-मंतर दिल्ली में विरोध-प्रदर्शनों का केंद्र है। सरकार की नीतियों के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करने के लिए हर शख्स एवं समूह इसकी ओर रुख करता है, हालांकि सीजेपी का यह प्रदर्शन खास था। यहां सिर्फ समाज के वरिष्ठ प्रतिभागी ही नहीं, बल्कि किशोर, यहां तक की स्कूली बच्चे भी मौजूद रहे। ऐसे ही एक छात्र समर्थ अपने जीवन के पहले विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने जंतर-मंतर पहुंचे। 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले समर्थ की उम्र सिर्फ 17 वर्ष है, लेकिन जब उसे यह पता चला कि यह विरोध प्रदर्शन शिक्षा के मुद्दे पर आयोजित हो रहा है, तो उसने अपनी मां से जिद की कि वह जंतर-मंतर जाना चाहते हैं। उसकी यह जिद मान ली गई। समर्थन ने इस प्रदर्शन में शामिल होने के अनुभव पर कहा कि यह मेरे जीवन का पहला विरोध प्रदर्शन है। सालों से बहुत से ऐसे मुद्दे हैं, जिनसे गुस्सा आता है।




■ अपने जीवन के पहले प्रदर्शन में हजारों की तादाद में जंतर-मंतर पहुंचे नौजवान

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.E.A., M.I.P.S,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997892556, 9997411423

# टीटरी ने अंडों को बचाने के लिए किया डटकर मुकाबला

## ट्रैक्टर चालक की सूझबूझ और पक्षी की ममता ने अंडों को सुरक्षित बचा लिया







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र में ममता और जीव प्रेम की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली है। गांव फिरोजपुर के एक खेत में जुताई के दौरान एक टीटरी (रेड-वॉटल्ड लैपविंग) पक्षी ने अपने अंडों को ट्रैक्टर से बचाने के लिए डटकर मुकाबला किया। ट्रैक्टर चालक की सूझबूझ और पक्षी की ममता ने अंडों को सुरक्षित बचा लिया।

प्रकृति के अनमोल रिश्ते और ममता की एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसे देखकर हर किसी का दिल पिघल जाए। एक खेत में ट्रैक्टर से जुताई के दौरान टीटरी पक्षी की ममता और बहादुरी ने न केवल ट्रैक्टर चालक को हैरान कर दिया, बल्कि वन्यजीव प्रेमियों के लिए भी एक मिसाल पेश की है।

यह घटना किसान छतर सिंह के खेत में हुई। जुताई करते समय जब ट्रैक्टर का भारी रोटावेटर अंडों के करीब पहुंचा, तो टीटरी पक्षी घबराने के बजाय अपने अंडों के पास ही डटी रही। उसने अपने नर साथी के साथ मिलकर अंडों के चारों ओर एक घेरा बना लिया और खेत की अंतिम छोर तक जुताई होने तक वहां से नहीं हटी।

टीटरी के इस व्यवहार को देखकर खेत के मालिक और ट्रैक्टर चालक ने संवेदनशीलता का परिचय दिया। चालक ने अंडों के ऊपर से ट्रैक्टर चलाने के बजाय, उस स्थान को सावधानीपूर्वक बचाते हुए खेत की जुताई पूरी की।

चालक की सतर्कता और पक्षी की अटूट ममता के कारण यह घटना एक सुखद अंत तक पहुंची।

वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, टीटरी पक्षी अपने घोंसले और अंडों की सुरक्षा के लिए अत्यंत संवेदनशील होते हैं। वे किसी भी खतरे का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं, जो उनकी तीव्र मातृत्व प्रवृत्ति को दर्शाता है। इस घटना की सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा हो रही है, जहाँ लोग किसान की मानवता की सराहना कर रहे हैं।

## एक नजर

### क्रिकेट टूर्नामेंट में खिरनी विजयी

**नांगल सोती।** गांव सुंगरपुर बेहड़ा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में खिरनी ने चंदोक की टीम को हराकर मैच जीता। खिरनी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में पांच विकेट पर 123 रन बनाएं। जिसमें दानिश ने सर्वाधिक 24 गेंदो में 53 रन बनाएं। चंदोक के राजा ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए चंदोक की टीम तीन विकेट पर मात्र 90 रन ही बना सकी। खिरनी के दानिश को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंपायर सुमित और तालिब रहे। मैच आयोजन में अजय कुमार, गौरव, ब्रजवीर, नदीम, अब्दुल्ला आदि का सहयोग रहा।

### वांछित दानिश गिरफ्तार



**चांदपुर।** स्थानीय पुलिस ने दर्ज एक अभियोग में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली है। वादी मौहल्ला सरायरफी निवासी ने पांच जून 2026 को पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाते कहा था कि मौहल्ला सरायरफी निवासी दानिश पुत्र शकील अहमद उसकी बहन को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। रास्ते में उसे मौहल्ले का ही फैसल पुत्र गफ्फार व उसके दो अन्य साथी मिले, जिन्होंने वादी की बहन को रास्ते में ही रोक लिया और फैसल ने उसकी बहन के साथ मारपीट की तथा उसके साथ गलत काम कर उसे धमकी दी गई कि अगर किसी से बताया तो जान से मार देंगे। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधाार पर मुअसं 109/2026 धाारा 87/126(2)/70(1)/351(3) बीएनएस में दर्ज कर आरोपी की खोज शुरू कर दी थी। जिसमें पुलिस ने दानिश पुत्र शकील अहमद मौहल्ला सरायरफी, फैसल पुत्र गफ्फार निवासी मौहल्ला सरायरफी, अब्दुल वासित उर्फ गोल्डी पुत्र अब्दुल नासिर निवासीगण मौहल्ला सरायरफी (फीना काला. नी) थाना चांदपुर को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार उपरोक्त अभियोग में प्रकाश में आया कि सुहैल पुत्र असलम निवासी मौहल्ला सरायरफी, कस्बा व थाना चांदपुर को भी आज गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# मदरसे के हिसाब-किताब पर विवाद में दो पक्षों में मारपीट

### दो घायल गंभीर हालत में जिला अस्पताल रैफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के गांव सलारपुर शफ्फकतपुर में शनिवार दोपहर मदरसे के हिसाब-किताब को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। यह विवाद मारपीट में बदल गया, जिसमें दोनों पक्षों से एक-एक व्यक्ति घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार गांव के मदरसे का हिसाब-किताब पहले खुर्शीद अहमद संभालते थे। पिछले लगभग एक महीने से मदरसे के लेन-देन और हिसाब-किताब की जिम्मेदारी इंतजार अहमद के पास थी। शनिवार दोपहर इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई।

इस संघर्ष में एक पक्ष के इस्तेफाक अहमद और दूसरे पक्ष के गुलफाम अहमद घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत नहटौर सीएचसी पहुंचाया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

इंतजार अहमद के पक्ष का दावा है कि उनके पास एक वीडियो है, जिसमें गुलफाम अहमद बाइक पर सामान्य स्थिति में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच के लिए अस्पताल का दौरा किया है। कोतवाल रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# बजरंग दल पदाधिकारी शिवम वर्मा को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर के मोहल्ला रईसान निवासी एवं बजरंग दल के विभाग संयोजक शिवम वर्मा के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को उनका शव घर पहुंचते ही परिजनों, रिश्तेदारों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, व्यापारियों तथा नगरवासियों की भारी भीड़ उनके आवास पर उमड़ पड़ी। गमगीन माहौल में लोगों ने दिवंगत शिवम वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

जानकारी के अनुसार शिवम वर्मा कुछ दिन पूर्व अपनी माता गिरजेश के साथ देहरादून स्थित अपने ननिहाल गए थे। बताया जाता है कि गुरुवार रात भोजन के बाद वह विश्राम करने चले गए थे। इसी दौरान उनके मोबाइल पर किसी का फोन आया, जिसके बाद वह बिना किसी को जानकारी दिए वहां से निकल गए। शुक्रवार को सहारनपुर जनपद के माता शाकंभरी देवी क्षेत्र अंतर्गत नागलमाफी के जंगल में उनका शव एक पेड़ से लटका मिलने की सूचना मिली। घटना की खबर फैलते ही परिजन तथा विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद देर रात उनका शव हल्दौर स्थित आवास लाया गया। शव पहुंचने पर पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल छा गया। शनिवार को बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी में उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई, जो बिजनौर के बैराज घाट पहुंची। वहां वैदिक रीति-रिवाजों के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके फुफेरे भाई हर्ष वर्मा ने मुखाग्नि दी। शोक व्यक्त करने वालों में नहटौर विधायक ओम कुमार, विहिप के प्रांत सहमंत्री जितेंद्र चौधरी, आरएसएस के जिला शारीरिक प्रमुख सत्यपाल सिंह, बजरंग दल के प्रांत शारीरिक प्रमुख आशीष बालियान, विहिप के जिला मंत्री सौरभ शर्मा एवं सुनील वर्मा शाह, बजरंग दल के जिला संयोजक अरुण चौधरी, जिला गोरक्षा प्रमुख सिंधु राज सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सजल अग्रवाल, भाजपा नेता शशिकांत बालियान सहित अनेक सामाजिक व धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल रहे।

अंतिम संस्कार के दौरान नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह पम्मी, समाजसेवी सुशील वर्मा, संजीव रस्तोगी प्रदीप रस्तोगी रघुराज सिंह नागर, नरेंद्र नरुका, हिरदेश प्रकाश, राजीव कुमार, राजकुमार सिंह, लक्ष्मीकांत वर्मा समेत सैकड़ों गणमान्य नागरिक, रिश्तेदार एवं शुभचिंतक मौजूद रहे।

# मंडी समिति का टीनशेड क्षतिग्रस्त होने से परेशानी



### टीनशेड सही कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** मंडी समिति द्वारा डाला गया टीनशेड क्षतिग्रस्त है। जिससे भीषण गर्मी में साप्ताहिक बाजार में पहुंचने वाले दुकानदारों व ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नांगल सोती में शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। मंडी समिति द्वारा बाजार में पहुंचने वाले दुकानदारों और ग्राहकों की सुविधा के लिए टीनशेड डाला गया था। लेकिन यह टीनशेड क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे बाजार में पहुंचने वाले दुकानदारों व ग्राहकों को भीषण गर्मी में परेशानी झेलनी पड़ रही है। दुकानदारों सुशील सैनी, खलील अहमद, मनोज कुमार, रामवीर, अरशद, राजवीर सैनी, शिवकुमार, राजेंद्र सिंह, अशोक कुमार आदि का कहना है कि टीनशेड क्षतिग्रस्त होने से उन्हें खुले में बैठना पड़ता है, जिससे वह गर्मी और बरसात दोनों ही मौसम में तिरपाल डालकर सामान बेचने को मजबूर है। उनके साथ - साथ ग्राहकों को भी परेशानी होती है। दुकानदारों ने समिति के अधिकारियों से टीनशेड सही कराने की मांग की है।

# सुदामा चरित्र का प्रसंग सुन भावुक हुए श्रद्धालु

### मित्रता का दिया संदेश





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम चांदानंगली में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथावाचक निर्मल दासानुदास महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण एवं सुदामा की अमर मित्रता का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा पंडाल भक्तिरस में सराबोर हो गया। महाराज ने कहा कि सुदामा चरित्र हमें सच्ची मित्रता, त्याग, समर्पण और भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि निर्धनता के बावजूद सुदामा ने कभी अपने स्वाभिमान और भक्ति का त्याग नहीं किया। वहीं भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बालसखा का सम्मान कर यह सिद्ध कर दिया कि ईश्वर भक्त के भाव के भूखे होते हैं। कथा के दौरान सुदामा के द्वारका पहुंचने, भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दौड़कर उनका स्वागत करने तथा उनके चरण धोने के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया गया। महाराज ने कहा कि सच्चे मन से की गई भक्ति और निष्काम प्रेम का प्रतिफल भगवान अवश्य देते हैं। कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भजनों पर श्रद्धा भाव से सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान जितेंद्र कुमार, विजय सिंह, पंकज सिंह, मोनू, आकाश, राजेश्वरी देवी, नेहा, रितुल, बॉबी सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**कॉकरोच पार्टी...**

अभिजीत जंतर-मंतर पहुंचे। यहां समर्थकों ने स्वागत किया और लोगों से बातचीत की। सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक दीपके ने अपने समर्थकों के बीच 5 बार छोटी-छोटी स्पीच दी। इस दौरान धमेंद्र प्रधान इस्तीफा दो के नारे लगाए गए। दोपहर 3.30 बजे दीपके की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें गाड़ी में बैठाया गया। इसके बाद प्रदर्शन खत्म कर दिया गया। वे सोनम वांगचुक के साथ रवाना हो गए। प्रदर्शन में सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक, सीपीआई (एमएल) लिबरेशन के महासचिव दिपांकर भट्टाचार्य, सीपीआई नेता एनी राजा और वामपंथी छात्र और युवा संगठनों के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी शामिल हुए। उनके साथ सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका भी मौजूद थे। आशुतोष आईआईटी कानपुर से पास आउट हैं। वे पिछले साल लंदन से भारत लौटे हैं। सीजेपी के प्रदर्शन के मद्देनजर इंदिरा गांधी एयरपोर्ट, मुख्य रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और दिल्ली के बॉर्डर पॉइंट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। 1000 से ज्यादा पुलिस जवान पहले से तय पॉइंट्स पर तैनात किए गए थे। बाजारों और संवेदनशील इलाकों में कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी गई थी। अभिजीत ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी अपनी मांग पर अड़ी है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। उन्होंने धमेंद्र को इस्तीफे के लिए 5 दिन का अल्टीमेटम दिया है। अगर कॉकरोच जनता पार्टी की बात नहीं मानी जाती है, तो 13 जून को जंतर-मंतर पर दोबारा प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं शिवेसना (उद्धव) के चीफ उद्धव ठाकरे ने कहा कि युवाओं को कॉकरोच कहकर उनका अपमान करना गलत है। अब यही युवा अपनी मांगों के लिए आवाज उठा रहे हैं और सरकार को उनकी बात सुननी होगी। अखिलेश यादव ने सीजेपी प्रदर्शन का वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा कि गुरूरमंद हुक्मरानों तक पहुंचे ये आवाज, अब नौजवानों ने भी कर दिया है इंकलाब। एनसीपी(एसपी) के महासचिव रोहित पवार ने कहा कि सीजेपी मिल रहा समर्थन यह दिखाता है कि देश के युवाओं में केंद्र सरकार की नीतियों और मुख्य परीक्षाओं में हुई कथित लापरवाही को लेकर गुस्सा बढ़ता जा रहा है। 30 साल के अभिजीत महाराष्ट्र के संभाजी नगर के रहने वाले डिजिटल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट हैं। अभिजीत ने पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई की है। फिलहाल, अमेरिका की बास्टन यूनिवर्सिटी में पब्लिक रिलेशंस से मास्टर्स की पढ़ाई कर रहे हैं। अभिजीत 2020 से 2022 तक आम आदमी पार्टी (आप) के सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट रहे हैं। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में अभिजीत आप के लिए वायरल मीम बेस्ड ऑनलाइन प्रचार का मटेरियल बनाते थे। किसान आंदोलन से लेकर महंगाई जैसे राजनीतिक मुद्दों पर अभिजीत एक्स अकाउंट पर केंद्र सरकार और पीएम पर निशाना साधते रहे हैं।

# सैफई में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के गो रक्षा अभियान को सपा का समर्थन

**इटावा, वार्ता**

गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर देशव्यापी जन-जागरण अभियान चला रहे ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का शनिवार को सैफई में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया और गौ संरक्षण के मुद्दे पर समर्थन व्यक्त किया। सैफई में आयोजित कार्यक्रम में मैनपुरी सांसद डिंपल यादव, सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, बदायूं सांसद आदित्य यादव, करहल विधायक तेज प्रताप यादव सहित यादव परिवार के राजनीतिक और सामाजिक सदस्य तथा बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती गो संरक्षण और गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर प्रदेश और देशव्यापी जन-जागरण यात्रा पर हैं। इस अभियान के तहत वे विभिन्न जिलों में जाकर

**स्वामी गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर प्रदेश और देशव्यापी जन-जागरण यात्रा पर हैं**

लोगों को जागरूक कर रहे हैं। हाल के दिनों में उनकी यात्रा उस समय चर्चा में आई जब कन्नौज में कथित रूप से प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान पर रुकने की अनुमति न मिलने के बाद उन्हें सड़क किनारे रुकना पड़ा।

इसके बाद समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने उनके प्रति समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम में डिपल यादव ने कहा कि यादव समाज परंपरागत रूप से गौ पालन और गौ सेवा से जुड़ा रहा है तथा वे शंकराचार्य के राष्ट्रमाता जन-जागरण अभियान के साथ खड़े हैं। वहीं शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि गौ माता के संरक्षण और सम्मान से जुड़ी मांगों का वह समर्थन करते हैं। उन्होंने प्रदेश की मौजूदा नीतियों पर भी टिप्पणी करते हुए जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों का उल्लेख किया। अपने संबोधन में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, आस्था और सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण केवल धार्मिक विषय नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने समाज और सरकार दोनों से गोवंश संरक्षण के लिए प्रभावी कदम उठाने का आह्वान किया। साथ ही यादव समाज की गौ पालन परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि इस समुदाय ने लंबे समय से गोवंश की रक्षा और संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की गई और श्रद्धालुओं ने शंक. राचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन में दो सौ से अधिक श्रद्धालु और समर्थक शामिल हुए। समारोह का प्रमुख आकर्षण भगवान श्रीकृष्ण की लगभग 60 फीट ऊंची प्रतिमा रही, जिसके सान्निध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। पूरे परिसर में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। शंकराचार्य की यह यात्रा गौ रक्षा जागरण अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जारी है, जिसके माध्यम से वे गौ संरक्षण, सनातन परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जनजागरण का संदेश दे रहे हैं।

## महबूबा ने जम्मू-कश्मीर की राजनीतिक स्थिति की समीक्षा की

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने शनिवार को बैठक आयोजित कर पार्टी के कामकाज और जम्मू-कश्मीर की मौजूदा राजनी. तिक स्थिति पर चर्चा की। यह बैठक पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के शहर के बाहरी इलाके में स्थित उनके आवास पर हुई। इसमें पार्टी के लगभग सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। पार्टी प्रवक्ता ने बताया कि खिमबर में हुई बैठक में पीडीपी के उपाध्यक्ष मोहम्मद सरताज मदनी, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष अब्दुल रहीम वीरी, महासचिव (संगठन) गुलाम नबी हंजूरा, मुख्य प्रवक्ता महबूब बेग एवं नईम अख्तर, श्री बशारत बुखारी, मंसूर हुसैन और यासिर रेशी सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। पार्टी के तीन विधायक श्री रफीक अहमद नाइक, फैयाज अहमद मीर और वहीद पारा भी बैठक में मौजूद थे।

# अवैध कटान के आरोप में वन दरोगा निलंबित

**जांच में मौके पर मिला लकड़ी कटान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** जंगल से खैर की लकड़ी के अवैध कटान कराने की शिकायत मिलने पर जांचोपरांत सीएफ मुरादाबाद ने बढ़ापुर रेंज के वन दरोगा प्रकाश सिंह को निलंबित कर दिया है।

विभागीय सूत्र बताते है कि नजीबाबाद वन प्रभाग की बढ़ापुर रेंज में तैनात वन दरोगा प्रकाश सिंह पर बढ़ापुर रेंज के आरक्षित जंगल से मूल्यवान खैर प्रजाति की लकड़ी के अवैध कटान कराने की शिकायत मिलने पर सीएफ मुरादाबाद ने मौके पर वन विभाग की टीम भेजकर इस संबंध में जांच कराई थी।

जांचकर्ता वन विभाग की टीम ने मौके पर अवैध लकड़ी कटान पाया और वन दरोगा प्रकाश सिंह की भूमिका भी संदिग्ध मिली। टीम ने जांच आख्या सीएफ मुरादाबाद को सौपी। जिस पर कार्रवाई करते हुए सीएफ मुरादाबाद ने बढ़ापुर रेंज में तैनात वन दरोगा प्रकाश सिंह को निलंबित कर दिया है। डीएफओ नजीबाबाद अभिनव राज ने वन दरोगा प्रकाश सिंह के निलंबन की पुष्टि की है।

# नजीबाबाद में टैक्सी चालक वसूल रहे ज्यादा किराया

**कोटद्वार मार्ग पर खुलेआम गुंडई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** कोटद्वार मार्ग पर चलने वाली टैक्सियों के चालक खुलेआम गुंडई करते हुए मनमाना किराया वसूल रहे है। जिससे यात्री परेशान है। इनकी गुंडागर्दी इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि यह खुद को कानून से ऊपर समझ रहे है।

गौरतलब है कि स्थानीय निवासी बड़ी तादाद में प्रतिदिन नौकरी व पढ़ाई करने सहित अपने निजी कामों से उत्तराखंड के कोटद्वार जाते हैं। कोटद्वार के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही ट्रेन में कम डिब्बे लगे होने के कारण लोगों को रोडवेज बसों व प्राइवेट वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। जिससे वह समय से और बिना परेशानी के अपने गंतव्य तक पहुंच सके। ऐसे में नजीबाबाद से चलाई जा रहे डग्गा मार टैक्सियों के चालक मौका लगने पर सवारियों से मनचाहा किराया वसूलते है। ऐसा ही एक मामला सुबह सामने आया। कुछ लोग ड्यूटी करने के लिए कोटद्वार जा रहे थे। रोडवेज न मिलने का कारण मजबूरन मैक्स टैक्सी से जाना पड़ रहा था, जिससे कि समय से अपने ऑफिस पर पहुंचा जा सके। लेकिन जब मैक्स चालक से नजीबाबाद से कोटद्वार का किराया पता किया गया, तो उसने प्रति व्यक्ति सौ रुपए किराया बताया। जिसका उन लोगों ने विरोध किया, लेकिन मैक्स चालक ने यह कहकर साफ मना कर दिया कि हमारा किराया 100 रुपए प्रति व्यक्ति है और अगर आपको जाना है, तो जाओ। जिसकी सूचना किसी व्यक्ति द्वारा मीडिया को दी गई। बताया जाता है कि कोटद्वार मार्ग पर अवैध रूप से टैक्सियां चल रही है।

टैक्सी चालक पुलिस व परिवहन विभाग के अधिकारियों से भी नहीं डरते है। क्षमता से अधिक सवारियां बैठाई जाती हैं।

## एक नजर

### सोलर बैटरी चुराने वाले दो चोर गिरफ्तार



**नगीना।** पुलिस ने निर्माणाधीन मकान की छत से सोलर बैटरी चोरी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की गई चार बैटरियां (इस्टमैन सी 10 सीरीज) और घटना में इस्तेमाल किया गया एक नीला ई-रिक्शा बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार, मौहल्ला सराय मीर निवासी अब्बास अहमद ने तीन जून को अज्ञात चोरों के खिलाफ सोलर बैटरी चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। जांच में जुटी पुलिस टीम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए धर्मवीर निवासी मौहल्ला कस्बा और सफरूद्दीन निवासी लुहारी सराय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जनता की शिकायत पर चला बुलडोजर

**झालू।** नगर पंचायत प्रशासन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जनहित से बढ़कर कुछ नहीं। मौहल्ला इस्लामाबाद में सरकारी सड़क पर अवैध रूप से लगाए गए गेट को जनता की शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हटवा दिया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और कस्बे की जनता नगर पंचायत की सक्रियता की जमकर सराहना कर रही है। जानकारी के अनुसार कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर नियमों के विपरीत गेट स्थापित कर दिया गया था, जिससे आम लोगों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। मामले की शिकायत नगर पंचायत तक पहुंची, तो अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया और नियमों के अनुसार कार्रवाई करते हुए अवैध गेट को हटवा दिया। नगर पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि सरकारी भूमि, सार्वजनिक सड़कों और नगर पंचायत की संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या अतिक्रमण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि नगर का विकास, सुचारू यातायात और आम जनता की सुविधाओं के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत की प्रशंसा करते हुए कहा कि लंबे समय से सार्वजनिक रास्तों पर हो रहे अतिक्रमणों के खिलाफ ऐसी ही सख्त कार्रवाई की आवश्यकता थी। लोगों का मानना है कि इससे अतिक्रमण करने वालों में कानून का भय पैदा होगा और सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। नगर पंचायत प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे किसी भी सरकारी भूमि या सार्वजनिक मार्ग पर अवैध कब्जा न करें तथा यदि कहीं अतिक्रमण दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल नगर पंचायत को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। जनता की शिकायत पर हुई इस कार्रवाई ने यह साबित कर दिया है कि नगर पंचायत झालू सुशासन, पारदर्शिता और जनहित के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा नगर को अतिक्रमण मुक्त और व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# धामपुर का शिफा नर्सिंग होम सीज

## नर्सिंग होम संचालक पर दर्ज मुकदमे के बाद प्रशासन का बड़ा एक्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** हबीबवाला क्षेत्र स्थित एक निजी नर्सिंग होम के संचालक पर महिला कर्मचारी द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शिफा नर्सिंग होम को सीज कर दिया है। यह कार्रवाई शनिवार को ग्राम औरंग शाहपुर बनवारी स्थित नर्सिंग होम पर की गई।

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व एक महिला कर्मचारी ने नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ कोतवाली धामपुर में तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाए थे। महिला का आरोप है कि वह पिछले वर्ष से नर्सिंग होम में कार्यरत थी। इसी दौरान संचालक ने उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर आरोपी ने उससे शादी करने का आश्वासन दिया और कथित तौर पर इसी भरोसे पर उसके साथ कई बार संबंध बनाए। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि वह वर्तमान में गर्भवती है और आरोपी द्वारा उस पर गर्भपात कराने का दबाव बनाया गया। साथ ही मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप भी लगाए गए हैं। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। मामले की विवेचना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार द्वारा की जा रही है। इसी प्रकरण में स्वास्थ्य विभाग ने भी कार्रवाई की। नायब तहसीलदार नहटौर की मौजूदगी में एसीएमओ धामपुर डॉ. राहुल के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्राम औरंग शाहपुर बनवारी पहुंची और शिफा नर्सिंग होम को सीज कर दिया। कार्रवाई के दौरान लेखपाल आशीष त्यागी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में मामले को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्य रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर रोष

**ग्रामीणों ने की कार्यवाही की मांग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गांवड़ी में मुख्य रास्ते पर अतिक्रमण और निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस को संयुक्त तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार करीब दस वर्ष पूर्व तत्कालीन ग्राम प्रधान सरिता देवी द्वारा गांव के मुख्य मार्ग पर लगभग 30 फीट चौड़ा खड़ंजा निर्माण कराया गया था। आरोप है कि गांव के ही एक परिवार के नरेश सिंह, हरबंस सिंह, हरपाल सिंह, शिशुपाल सिंह और टिंकू सिंह पुत्रगण लल्लू सिंह ने कुछ दिन पूर्व उक्त रास्ते का खड़ंजा उखाड़ दिया तथा वहां मकान की बुनियाद भरकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान गीता देवी तथा अन्य ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपित पक्ष ने विरोध करने वालों से विवाद करने का प्रयास किया। इससे गांव में तनाव और रोष का माहौल बना हुआ है। आज शाम ग्राम आलमपुर गांवड़ी निवासी नन्हे सिंह, महेंद्र सिंह, सुनीता देवी, राजकुमार सिंह, चंद्रपाल सिंह, उमेश सिंह, टीकम सिंह, सुरेश कुमार, नितिन कुमार, प्रेम सिंह, पप्पू सिंह, यशपाल, नरेश कुमार, परविंदर सिंह, शमशेर सिंह, डालचंद, टिकेंद्र, सुभाष सिंह सहित ग्राम प्रधान रीता देवी एवं अन्य ग्रामीणों ने संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त तहरीर थाना पुलिस को सौंपकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र कुमार राठी ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# नहटौर में दो शातिर चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से लाखों रुपये का चोरी का सामान और विदेशी मुद्रा बरामद की है।

यह मामला 29 मार्च 2026 का है, जब ग्राम नवादा निवासी चंद्रपाल के घर में चोरी हुई थी। अज्ञात चोरों ने घर से एक गैस सिलेंडर, चांदी की पायल और विदेशी मुद्रा (अमेरिकी डॉलर तथा इंडोनेशियाई रुपये) चुरा ली थी। चोरी हुई विदेशी मुद्रा का भारतीय मूल्य लगभग 20,000 रुपये आंका गया था।

पीड़ित चंद्रपाल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 92/2026, धारा 305(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। उप निरीक्षक संयम यादव के नेतृत्व में एक पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। 6 जून 2026 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी कहीं भागने की कोशिश में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नूरपुर रोड स्थित तरकौला भट्टे के पास घेराबंदी की और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नौशाद (42 वर्ष), पुत्र अब्दुल गफूर, निवासी ग्राम मिर्जापुर, नहटौर, और शमशाद (27 वर्ष), पुत्र इरशाद, निवासी खारी, थाना हल्दौर, के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किया गया पूरा सामान बरामद कर लिया है।


इस बरामदगी के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की है। कोतवाल रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

# वोटर लिस्ट में धांधली का मुद्दा उठा

## कार्यकर्ता पूरी तरह से जागरूक रहे : हनी फैसल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा की मासिक बैठक में वोटर लिस्टों में की जा रही गड़बड़ियों एवं धांधली का मुद्दा जोरशोर से उठाते हुए कार्यकर्ताओं से जागरूक रहने का आह्वान किया गया। जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि वोटर लिस्टों को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी सही वोट नहीं कटना चाहिए और फर्जी वोट नहीं बनना चाहिए।



प्राप्त समाचार के अनुसार समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक आज जिला कार्यालय पर हुई। जिसमें संगठन को मजबूत करने एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विचार विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने कहां कि कार्यकर्ता जनहित के मुद्दों को उठाए। साथ ही वोटर लिस्ट में गड़बड़ी पर जागरूक रहे। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट का एक-एक पन्ना व नाम जांचा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में वोटर लिस्ट एवं बूथ कमेटियों की ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसी शिकायतें आ रही है कि वोटर लिस्ट में काफी लोगों के नाम नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी सही मतदाता का नाम नहीं छूटना चाहिए और गलत ढंग से किसी का नाम वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट पर पैनी नजर रखनी होगी। अगर कही पर गड़बड़ी मिलती है, तो अपने क्षेत्र के बीएलओ, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों को सूचित करें। ताकि समय रहते कमियों को दूर कराया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाए। संगठन को बूथ लेवल पर अधिक मजबूत करें। चुनाव में पार्टी के पक्ष में पीडीए की भागेदारी बढ़ाना सुनिश्चित करें। आज भाजपा सरकार में पीडीए का उत्पीड़न हो रहा हैं। आम आदमी महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते बिजली व पेट्रोल के दामों से त्रस्त हैं। किसान व युवा परेशान हैं। जनता समाजवादी पार्टी की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है। आने वाला वक्त पीडीए समाजवादियों का हैं।

इस मौके पर नूरपुर के वरिष्ठ नेता हाजी जियाउद्दीन अंसारी का स्वागत किया गया। बैठक का संचालन जिला महासचिव धनंजय यादव ने किया। बैठक में विधायक राम अवतार सिंह सैनी, डॉ. रमेश तोमर, पूर्व सांसद यशवीर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन, अखलाक पप्पू, जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन अमित चौहान, सत्यपाल सिंह, महमूद कुरैशी भोलू, जावेद अख्तर, पंकज अग्रवाल, प्रभा चौधरी, शहजाद अंसारी, शिवकुमार गोस्वामी, मदन लाल सैनी, महमूद कस्सार, चौधरी दिनेश, हेमंत कुमार, अहमद खिजर खां, कमलेश भुईयार, नसीम अहमद, योगेश रस्तौगी, डॉ. कुंतेश सैनी, शेख जाहिद, आबिद खां, सिकंदर कस्सार, राधा सैनी, कृपारानी प्रजापति, मो. मिन खान, योगेंद्र सिंह, पंकज अग्रवाल, दिलशाद अंसारी, डॉ. योगेंद्र चौधरी, मनोज राजपूत, अशोक गहलौत, डॉ. लुकमान, देवानंद भुईयार, डॉ. सरफराज, आदित्य चौहान, प्रमोद प्रधान, ऐजाज अंसारी, सुरेश चंद्रा, मा. रमेश सैनी, जुल्फेकार कुरैशी, रईश कस्सार, सुधीर चौधरी, सुरेंद्र वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### खस्ताहाल मार्ग के निर्माण की मांग

**नजीबाबाद।** हरिद्वार हाईवे पर मंडावली से हुकुमतपुर केशव मार्ग की जर्जर हालत को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर तत्काल मरम्मत की मांग की है। ज्ञापन में ग्रामीणों को सड़क की बदहाली से हो रही परेशानी का जिक्र है। मोटा महादेव बाईपास से नजीबाबाद-हरिद्वार हाईवे तक यह मार्ग करीब चार वर्ष से अत्यंत दयनीय अवस्था में है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और उखड़ी आरसी के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। बरसात में मार्ग पूरी तरह जलमग्न हो जाता है। जिससे भारी दिक्कत होती है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि सड़क पुनर्निर्माण के लिए टेंडर संबंधित विभाग द्वारा किया गया था। कई बार अधिकारियों से अनुरोध भी किया गया, परंतु कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। ज्ञापन पर ग्राम मंडावली, हुकूमतपुर केशव, औरंगपुर भिक्कू, नारायणपुर रतन, जटपुरा खास, जटपुरा गौंडा, नियामतपुर टांडा आदि के ग्रामीणों ने हस्ताक्षर किए है।

### मात्र दो शिकायतों का निस्तारण




**नजीबाबाद।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में मात्र दो शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिससे शिकायत कर्ताओं को मायूस लौटना पड़ा। समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उपजिलाधिकारी आशुतोष रामप्यारे जैसवाल एवं क्षेत्राधिकारी आकांक्षा गौतम ने संयुक्त रूप से जनसुनवाई की। इस मौके पर 32 शिकायतें दर्ज कराई गई। सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग की 13 एवं पुलिस विभाग की 12 थीं। प्राप्त शिकायतों में से मात्र दो का मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के समयबद्ध निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा में पारदर्शी तरीके से किया जाए। सीडीओ ने कहा कि सरकार की मंशा है कि फरियादियों को तहसील-दिवस में ही राहत मिले।

### मेधावी विद्यार्थी सम्मानित



**बिजनौर।** वामा सारथी अध्यक्षा श्रीमती रिया झा एवं एसपी अभिषेक झा ने पुलिस लाइन सभागार में सम्मान समारोह में शैक्षिक सत्र 2025-26 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में सेवायोजित अधिकारियों व कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर अन्य बच्चों को भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया गया।

### विवादित भूमि पर निर्माण



**बिजनौर।** ग्राम निजामतपुरा गंज निवासी जरीना पत्नी स्व. अब्दुल्ला ने थाना कोतवाली शहर में शिकायती पत्र देकर विवादित भूमि पर न्यायालय के आदेश के बावजूद निर्माण कराए जाने का आरा. प लगाया है। उन्होंने आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने तथा निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है। उसने कहा कि धारा-116 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के अंतर्गत खाता तकसीम (बंटवारा) से संबंधित कई वाद उपजिलाधिकारी बिजनौर के न्यायालय में विच. ाराधीन हैं। जरीना का कहना है कि न्यायालय ने 13 अप्रैल 2026 को पारित आदेश में विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद हबीबुल्ला पुत्र चंदा द्वारा विवादित भूमि पर पक्का निर्माण कराया जा रहा है। शिकायत में कहा गया है कि संबंधित भूमि संयुक्त खाते की है, जिसमें 16 सहखातेदार दर्ज हैं। उसका आरोप है कि पांच जून को जब वह निर्माण कार्य रुकवाने के लिए मौके पर पहुंचीं तो हबीबुल्ला और उसके पुत्र आकिल उर्फ गुड्डू ने उनके साथ अभद्रता, गाली-गलौज और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। जरीना ने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर निर्माण कार्य रुकवाने और आरोपितों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### पर्यावरण दिवस पर विचार गोष्ठी

**बिजनौर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वदेशी जागरण मंच द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन बिजनौर क्लब में किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर भी इसमें मौजूद रहीं। गोष्ठी की अध्यक्षता श्रीमती सुधा राठी ने की और संचालन नगर सह संयोजक गजेंद्र चौहान ने किया । प्रान्त संयोजक स्वदेशी जागरण मंच प्रशान्त महर्षि मुख्य वक्ता के रूप में रहे। जिलाधिकारी ने बिजनौर कलब के प्रांगण में आंवले के पेड़ लगाया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का सामना व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेकर किया जाना चाहिए। प्रशान्त महर्षि ने पंच तत्वों से बने शरीर को बीमारियां लगने का कारण पंच तत्व का प्रदूषण बताया। जिला संयोजक अजय वत्स ने पेट्रोल व खाद्य तेल बचाने और स्वदेशी सामान का उपयोग करने का संकल्प दिलाया। अध्यक्ष सुधा राठी ने भौतिक और अभौतिक दोनों प्रकार के प्रदूषणों को रोक कर भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने का संदेश दिया । कार्यक्रम में सतीश त्यागी सह जिला संयोजक, राजेश अरोड़ा, श्रीमती रीता शर्मा, कुशल पाल सिंह, सुधीर अग्रवाल, अजय शर्मा, रिफाकत मिर्जा, सरदार परमजीत सिंह, हरवीर सिंह, विवेक नारायण, संजय शर्मा, योगेश्वर त्यागी, गजेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# हादसे में बाइक सवार की मौत

## दो मासूम गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसके साथ मौजूद दो मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बच्चों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मोजीपुरा निवासी कुलदीप सिंह (40 वर्ष) पुत्र ऋषिपाल अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूपी 20 बीडी 6731 (हीरो सुपर स्प्लेंडर) से अपनी ससुराल ग्राम कसौर से घर लौट रहे थे। उनके साथ उनका नौ वर्षीय पुत्र कृष्णा तथा उनके साले का पांच वर्षीय पुत्र तुषार पुत्र बिल्लू भी बाइक पर सवार थे।

बताया जाता है कि स्वाहेड़ी गांव से किरतपुर की ओर हाईवे किनारे सर्विस रोड पर पहुंचने पर बिजनौर की तरफ से आ रही रोडवेज बस संख्या यूपी 78 जेएम 9320 ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में उपचार के दौरान कुलदीप सिंह ने दम तोड़ दिया, जबकि दोनों बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है।

हादसे के बाद रोडवेज बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया है। मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

# दहेज हत्या के चर्चित मामले में उम्र कैद



## गिरफ्तारी के बाद से नहीं मिली जमानत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** दहेज हत्या के चर्चित मामले में अमरोहा की अदालत ने दोषी पति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर आठ हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। गिरफ्तारी के बाद से ही आरोपी जेल में बंद था और उसे मुकदमे के दौरान जमानत नहीं मिल सकी।

मामला रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम नारायणवाला निवासी श्रीराम सिंह की पुत्री सोनी से संबंधित है। सोनी का विवाह छह अप्रैल 2018 को अमरोहा जनपद के रजबपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महेश्वरा निवासी सुरेश के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में नकद धनराशि और बुलेट की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर सोनी को मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था तथा उसके साथ मारपीट की जाती थी। तीन दिसंबर 2023 को सोनी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतका के पिता श्रीराम सिंह ने पति सुरेश, बहनोई सुंदर सिंह निवासी अतरासी कलां तथा जयवीर सिंह निवासी अहरौला, थाना मंडी धनौरा के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्य न मिलने पर जांच अधिकारी ने सुंदर सिंह और जयवीर सिंह का नाम मुकदमें से हटा दिया था। जबकि पति सुरेश के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल कर उसे जेल भेज दिया गया। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (विशेष पॉक्सो एक्ट तृतीय) की अदालत में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता रविंद्र गर्ग ने प्रभावी पैरवी करते हुए साक्ष्य एवं गवाह प्रस्तुत किए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने आरोपी सुरेश को दहेज हत्या का दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा तथा आठ हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदालत के फैसले के बाद मृतका पक्ष ने निर्णय पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे न्याय की जीत बताया है।

# डॉ. इन्द्रदेव ने मनाया भव्य समारोह

## निष्ठावान भाजपाई एक साथ आए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम माननगर स्थित श्री साईं पब्लिक स्कूल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 51वें जन्मदिवस के अवसर पर पूर्व भाजपा विधायक व प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जिला अध्यक्ष डॉ. इन्द्रदेव सिंह के नेतृत्व में जन्मदिन को एक भव्य समारोह के रूप में उत्साह पूर्वक मनाया।











प्राप्त समाचार के अनुसार समारोह की अध्यक्षता सरदार हरनाम सिंह केहरीपुर ने की तथा संचालन मास्टर श्याम सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश (हरिद्वार) और उत्तराखंड आपदा प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष विनय रुहेला, विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति, जिला अध्यक्ष लव कुमार सहित भाजपा के कई दिग्गज नेता, कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के जन्मदिन समारोह का आयोजन विश्व हिन्दू महासंघ के बैनर तले हुआ। समारोह में विशेष रूप से पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने सेवानिवृत्त सैनिकों जसवीर सिंह, निर्मल सिंह, आदि का फूलमालाओं से स्वागत किया। डॉ. इंद्रदेव सिंह ने मुख्यमंत्री के आलमपुर गांवडी आगमन के समय हेलीपैड पर हुई मुलाकात के भावुक पलों का वर्णन करते हुए कहा कि उनका अद्भुत तेज मेरी आंखों के माध्यम से होता हुआ मेरे शरीर में उतरकर मुझे ऊर्जा प्रदान कर गया।

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में 'एक वृक्ष मां के नाम' अभियान के अंतर्गत महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश, ओम चौधरी, भिखारी प्रजापति तथा पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद कुमार सहित अन्य ने वृक्षारोपण भी किया। पूर्व विधायक डॉ. इन्द्रदेव सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था में सुधार तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपराध नियंत्रण और सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इस दौरान उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के योगदान को भी याद किया। डॉ. इन्द्रदेव सिंह ने कहा कि लोग अक्सर उनसे पूछते हैं कि चार बार विधायक रहने के बावजूद उन्होंने आलिशान घर क्यों नहीं बनाया। इसका उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने लोगों के दिलों में घर बनाया है और हमेशा वहीं रहना चाहते हैं।

महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश ने महिलाओं की सुरक्षा, सामाजिक सद्भाव और प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सुरक्षा और विकास किसी भी समाज की प्रगति के मूल आधार हैं। विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखते हुए नागरिकों से राष्ट्र निर्माण और सामाजिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

समारोह का समापन राष्ट्रहित, समाज सेवा एवं जनकल्याण के संकल्प के साथ हुआ। समारोह में ओम चौधरी (हरिद्वार), आकाश सिंह (बिजनौर), राहुल चौधरी (हरिद्वार), एम.पी. शर्मा (हरिद्वार), राजेंद्र चौधरी (जिला प्रभारी), पवन राजा, विनीत कुमार, मास्टर धर्मेंद्र सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# करंट लगने से बछड़े की मौत

## ग्रामीणों में फैला आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना हिदायतपुर चौहड़वाला में स्थित रविदास मंदिर के समीप खुले स्थान पर रखे विद्युत ट्रांसफार्मर से करंट उतरने के कारण बछड़े की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है तथा उन्होंने विद्युत विभाग से ट्रांसफार्मर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम के रविदास मंदिर के निकट विद्युत विभाग द्वारा स्थापित ट्रांसफार्मर खुले स्थान पर रखा हुआ है। सुबह क्षेत्र में हुई हल्की वर्षा के बाद ट्रांसफार्मर में करंट उतर आया। इसी दौरान वहां से गुजर रहा एक गाय का बछड़ा करंट की चपेट में आ गया। करंट लगते ही बछड़ा मौके पर ही तड़पने लगा और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि रविदास मंदिर के आसपास सुबह से लेकर देर शाम तक महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों का लगातार आवागमन रहता है। इसके बावजूद ट्रांसफार्मर के चारों ओर न तो कोई सुरक्षा घेराबंदी की गई है और न ही किसी प्रकार के चेतावनी संकेत लगाए गए हैं। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

ग्रामीणों ने बताया कि यदि बछड़े की जगह कोई बच्चा या राहगीर करंट की चपेट में आ जाता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ट्रांसफार्मर के चारों ओर मजबूत जाली या सुरक्षा दीवार बनवाने की मांग की है।

ग्रामीण सुनील कुमार, मदन पाल सिंह, जोगेंद सिंह, दिनेश कुमार, मनोहर सिंह, सुरेश सिंह, यादराम सिंह, अजय कुमार आदि ने एसडीओ विद्युत उपखंड भिक्कावाला अमित कुमार से तत्काल उक्त ट्रांसफार्मर से सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## शाह टाइम्स खबरें छुपाता नहीं, छापता है


**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, किरतपुर**

**अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916**

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्री अफजल रिफाकत खान पुत्र श्री रिफाकत खान नि. मौहल्ला छज्जूपुरा, परगना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद**, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति सं. 3385 व 3385/A **स्थित मौहल्ला छज्जूपुरा में श्री हिफाजत अली व रिफाकत अली पुत्रगण श्री लियाकत अली खां** के नाम के स्थान पर अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामे व दानपत्र की छाया प्रति संलग्न कर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। प्रार्थी ने स्वामित्व के रूप में श्री हिफाजत अली खान पुत्र श्री लियाकत अली यूसुफ खान नि 265 ई फ्लैट न 2901 बी विंग 265 ई ओरचिड एनक्लेव बेलासीस रोड मुम्बई महाराष्ट्र द्वारा श्री अफजल रिफाकत खान पुत्र श्री रिफाकत खान नि. 61/3 जुम्मा शरीफ (सिराज मेन्शन) बिल्डिंग द्वितीय पीर खान स्ट्रीट नागपाड़ा मुम्बई महाराष्ट्र के नाम हुए रजिस्टर्ड बैनामे तथा श्रीमती नाजमा रिफाकत खान पत्नी रिफाकत खान व गुलरेज रिफाकत खान पुत्र श्री रिफाकत खान नि.गण 61/3 जुम्मा शरीफ सिराज मेन्शन बिल्डिंग द्वितीय पीर खान स्ट्रीट नागपाड़ा मुम्बई महाराष्ट्र दानदाता द्वारा श्री अफजल रिफाकत खान पुत्र श्री रिफाकत खान नि. 61/3 जुम्मा शरीफ (सिराज मेन्शन) बिल्डिंग द्वितीय पीर खान स्ट्रीट नागपाड़ा मुम्बई महाराष्ट्र दानग्रहीता के नाम हुये दानपत्र के अनुसार सम्पत्ति संख्या 3385 व 3385/A स्थित मौहल्ला छज्जूपुरा, कस्बा किरतपुर में श्री हिफाजत अली व रिफाकत अली पुत्र लियाकत अली खां के स्थान पर अपना नाम पालिका गृहकर रिकार्ड में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि **जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें।** अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा विवाद की स्थिति आवेदन स्वतः निरस्त माना जायेगा।

विवरण:- सम्पत्ति संख्या 3385 (201.865) व 3385/A(113.55 वर्ग मी. -आवासीय) स्थित मौहल्ला छज्जूपुरा किरतपुर (बिजनौर)

**अधिशासी अधिकारी**


# जंगल में कुम्बल लगाकर सात ट्यूबवेल से स्टार्टर व केबिल चोरी

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर भावता तथा जगन्नाथपुर के जंगलों में चोरों ने कुंबल काटकर सात ट्यूबवेल से स्टार्टर तथा केबिल चोरी कर लिया। किसानों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर भावता निवासी किसान हुकम सिंह, जसराम सिंह, कन्हैया सिंह, रविंद्र पाल, अरविंद तथा ग्राम जगन्नाथपुर के किसान बिजेंदर और प्रमोद कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि चोरों ने उनके नलकूप की दीवार पर कुंबल काटकर तथा ताले तोड़कर स्टार्टर तथा केबिल चोरी कर ली है। किसानों ने चोरियां रोकने की मांग की है।

# धर्म परिवर्तन व दुष्कर्म प्रकरण में तीन और आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने तथा एससी-एसटी एक्ट से जुड़े चर्चित मामले में धामपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन और वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



गौरतलब है कि एक युवती की शिकायत पर थाना धामपुर में 1 जून 2026 को ग्राम पीपलसाना निवासी फैजान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

विवेचना के दौरान मामले में नए तथ्य सामने आने पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के साथ-साथ धर्म परिवर्तन अधिनियम एवं एससी-एसटी एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गई। जांच के दौरान पुलिस को तीन अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता के भी साक्ष्य मिले, जिसके बाद उन्हें भी मुकदमे में नामजद किया गया।

पुलिस के अनुसार इस मामले में मुख्य आरोपी फैजान को पहले ही 2 जून को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं शनिवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी शावान उर्फ शाहनवाज पुत्र जमीर अहमद निवासी ग्राम पीपलसाना, फरमान पुत्र जमीर अहमद निवासी ग्राम पीपलसाना तथा आरिफ पुत्र इमामुद्दीन निवासी ग्राम कराल थाना चांदपुर को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार के नेतृत्व में की जा रही है। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

गिरफ्तारी की कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार, कांस्टेबल सौरभ तथा रिट कांस्टेबल विनोद गिरी की टीम द्वारा की गई।


**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद**

**अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916**

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री मौ. इमरान व श्री मौ. इरफान व श्री मौ. रिजवान, श्री मौ. फुरकान पुत्रगण श्री मौ. उमर मौहल्ला वाहिदनगर** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री मौ. आरिफ पुत्र श्री हबीब अहमद व श्री मौ. सुहैल अजीम सिद्दीकी व श्री मौ. साहिल अजीम सिद्दीकी पुत्रगण रईस अख्तर सिद्दीकी** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **वाहिदनगर**, नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**


## एक नजर

### पर्यावरण संरक्षण पर काव्य गोष्ठी

**नजीबाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या परवाणी हिंदी संस्थान द्वारा रूफटॉप कैफे में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन को समर्पित एक भावपूर्ण काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन भावना अग्रवाल द्वारा किया गया तथा रश्मि अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने प्रकृति संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ भावना अग्रवाल की रचना आओ धरा को दुल्हन बनाए, हर सूखे वन में फूल खिलाएं से हुआ। डा. वर्षा अग्रवाल ने रघुकुल रीति सदा चली आई, चारों तरफ हरियाली छाई का संदेश दिया। मीनाक्षी अग्रवाल ने प्रकृति मां बूढ़ी हो गई है सुनाकर प्रकृति की पीड़ा को स्वर दिया। मृदुला त्यागी ने मेरे घर के बाहर जो खड़ा था नीम का पेड़ के माध्यम से वृक्षों से जुड़ों संवेदनाओं को व्यक्त किया। हिमानी भारद्वाज ने पर्यावरण और हमारी जिम्मेदारी विषय पर अपने विचार रखे। सुमन चौधरी ने मैंने तुम्हें फल-फूल, ढेरों संसाधन दिए और तुमने मेरी आंखों में आंसू भरपूर दिए कहकर प्रकृति की वेदना व्यक्त की। रचना शास्त्री ने पंचतत्व से देह है, पंचतत्व से प्राण के माध्यम से पर्यावरणीय संतुलन का संदेश दिया। अंजना टाक ने हरी-भरी वादियों में कभी बहती थी ठंडी बयार सुनाया। सुशीला गोयल ने कंक्रीट में बदल गई देखो गली-गली कहकर चिंता जताई। रश्मि अग्रवाल ने क्यों न संभल जाएं, पर्यावरण की लटों को सुलझाएं का संदेश दिया, जबकि शिवानी अग्रवाल ने धरा की स्वच्छता में है मान कहकर स्वच्छता का महत्व बताया। डा. सारंगा देश असीम धामपुर, प्रो.पूनम चौहान ने वृक्षों की उपेक्षा पर प्रश्न उठाए। नीतू अग्रवाल ने प्रकृति की पुकार, रमा अग्रवाल ने प्रकृति बांट रही उपहार, शिल्पी अग्रवाल ने धरती कराहती जाती है, उमा अग्रवाल ने तुम कितनी सुंदर लगती हो तथा जया अग्रवाल ने जीवन का सौरभ तो मिलता है प्रकृति की गोद में जैसी भावपूर्ण पंक्तियां प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में संजय अग्रवाल, धारा अग्रवाल, जया अग्रवाल, लक्ष्य अग्रवाल सहित अनेक साहित्य प्रेमी एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

### किसानों के ट्यूबवेल पर चोरी

**हीमपुर दीपा।** ग्राम हीमपुर दीपा में कई किसानों की ट्यूबवेल से मोटर, स्टार्टर सहित केबल चोरी होने से हड़कंप मच गया। एक साथ कई नलकूपों पर हुई चोरी ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। दरअसल नवागत थाना प्रभारी के चार्ज संभालने के बाद ग्रामीणों को लगा था कि अब चोर उच्चक्कों में दहशत का माहौल पैदा हो जाएगा और क्षेत्र में चोरियां कम हो जाएंगे लेकिन नवागत थाना प्रभारी के चार्ज संभालने के बाद सब कुछ उलट गया। अभी थाना प्रभारी को चार्ज संभाले जुम्मा जुम्मा 8 दिन नहीं हुए कि शातिर चोरों ने माढ़ीवालो, पंडित नरेश शर्मा सहित कई किसानों के ट्यूबवेल से न केवल मोटर बल्कि स्टार्टर और विद्युत केबिल भी चोरी कर लिया। जहां किसानों को हजारों रुपए का नुकसान हुआ, वही उन्हें यह विश्वास हो गया है कि थाना प्रभारी कोई भी रहे शातिर चोरों को इससे कोई भी फर्क नहीं पड़ता। पुलिस को चुनौती देने का उनका काम लगातार जारी रहेगा।

### पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

**नजीबाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजगढ़ वन रेंज में पर्यावरण को हरा-भरा और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस कड़ी में भागूवाला के ग्राम मिर्जापुर में वन अधिकारियों और ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से पौधारोपण किया। रेंजर देव ऋषि सक्सेना और ग्राम प्रधान सोमदत्त सिंह ने उपस्थित लोगों को हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान रेंजर देव ऋषि सक्सेना ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़ हमारे जीवन में ऑक्सीजन के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण स्रोत हैं। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से आग्रह किया कि केवल पौधारोपण तक ही सीमित न रहें, बल्कि वे अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनकी नियमित देखभाल करें, ताकि भविष्य की पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और स्वस्थ वातावरण मिल सके। रेंजर ने इस दिवस के इतिहास पर चर्चा करते हुए बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा साल 1972 में की गई थी। इसके बाद पहली बार 1974 में स्टॉकहोम में यह दिवस मनाया गया था। तब से लेकर आज तक हर वर्ष पांच जून को दुनिया भर में यह दिन पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है।


**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र नजाकत पुत्र स्व. रियासत अली मेरे व मेरे परिवार वालों के कहने व सुनने में नहीं रहता है। आये दिन शराब पीकर अभद्र व्यवहार, गाली गलौच व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देता है। मैंने उसकी इन्हीं हरकतों से तंग व परेशान होकर नजाकत से अपने व अपने परिवार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। अब मेरा और मेरे परिवार से उसका कोई भी मतलब वास्ता नहीं रहा है। भविष्य में उसके द्वारा किसी भी कृत्य व लेनदेन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा । **इदरीशा पत्नी स्व. रियासत अली निवासी ग्राम पावटी, थाना हल्दौर, जनपद बिजनौर।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौ. रफत अपनी पत्नी शबाना के कहने व असर में है। यह दोनों मिलकर मेरे व मेरी पत्नी सितारा के साथ लड़ाई झगड़ा करते है तथा दोनों मुझ पर समस्त सम्पत्ति अपने नाम कराने का दबाव बनाते है। मना करने पर घर से निकालने की धमकी देते है। मैंने इन्हें बहुत समझाया, परन्तु वह अपनी आदतों में सुधार नहीं लाये। इनसे तंग आकर मैंने अपने सामाजिक व पारिवारिक संबंध समाप्त कर लिए है तथा अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उक्त दोनों से मेरा व मेरी पत्नी का कोई संबंध वास्ता नहीं रहा। न ही मेरी किसी चल व अचल सम्पत्ति में इनका कोई हक रहेगा। **खुर्शीद पुत्र खैराती निवासी ग्राम नूरूल्लापुर हफीज, थाना कोतवाली शहर, जिला बिजनौर।**

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री खुर्शीद अहमद द्वारा संस्था नूरानी मस्जिद पथवारी इंतेजामियां कमेटी अराकाने कमेटी ग्राम पथवारी, पोस्ट नंगली पथवारी, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर का मोहतमिम/प्रबंधक दर्शाते हुए संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। तथा प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री रसीद खां सदर /अध्यक्ष, नसीम अहमद नायब सदर / उपाध्यक्ष, खुर्शीद अहमद मोहसिन प्रस्तावक मुतवल्ली/ सचिव, फुरकान नायब मुतवल्ली/उप सचिव, शकील अहमद खजांची /कोषाध्यक्ष, तासीरा शहजाद, सईद अहमद, विकार अहमद, नाजिर हुसैन, इरफान अहमद सदस्य दर्शाए गये हैं।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बंधि कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो. रजि. एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अंतर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से**
**( आनन्द विक्रम सिंह )**
**सहायक निबन्धक**

# सफाई कर्मी की सड़क हादसे में मौत

## तेज रफ्तार बस ने बाइक को टक्कर मारी, दो बच्चे घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** किरतपुर थाना क्षेत्र में देर रात एक तेज रफ्तार बस ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार कुलदीप सिंह (40 वर्ष) की मौत हो गई, जबकि दो बच्चे घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।





यह घटना शुक्रवार देर रात उस समय हुई जब मोजीपुर थाना बिजनौर निवासी कुलदीप सिंह बच्चों तुषार (पांच वर्ष) और कृष्ण कुमार (वर्ष वर्ष) के साथ बाइक पर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि मुंढाला पुल के पास पहुंचने पर एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

मृतक कुलदीप सिंह नगर पालिका में संविदा सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत थे। उनकी शादी को 20 वर्ष हो चुके थे और उनके तीन बेटियां और एक बेटा है। कुलदीप अपनी ससुराल कसोर गांव से बच्चों को लेकर बिजनौर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। हादसे की खबर मिलते ही नगर पालिका के कई कर्मचारी और परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है और मामले की जांच जारी है।

# बिजनौर में गर्मी का प्रकोप जारी

## लोग घरों में रहने को मजबूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज मौसम में बदलाव देखा गया। सुबह से ही तेज धूप निकलने के कारण दिनभर गर्मी का प्रकोप बढ़ गया। दोपहर तक शहर की सड़कें सूनी हो गईं और लोग भीषण गर्मी के चलते घरों में रहने को मजबूर हो गए।

तेज धूप और बढ़ती गर्मी के कारण तापमान में अचानक वृद्धि दर्ज की गई। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग विभिन्न उपाय करते दिखे। गौरतलब है कि बिजनौर जिले में मई की शुरुआत से ही



तेज गर्मी पड़ रही थी। हालांकि, बीच-बीच में बादल छाने, हल्की ठंडी हवा चलने और बारिश होने से कुछ समय के लिए राहत मिली थी, लेकिन समग्र रूप से गर्मी का प्रभाव बना हुआ था।

गुरुवार और शुक्रवार को आसमान में घने बादल छाए रहे। शुक्रवार सुबह हुई बारिश से मौसम में ठंडक आई और ठंडी हवाओं ने लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाई।

हालांकि, शनिवार सुबह से मौसम ने फिर करवट बदली और तेज गर्मी पड़ने लगी। भीषण गर्मी के कारण बाजारों में भी चहल-पहल कम दिखी। लोग गर्मी से बचने के लिए सिर पर कपड़ा या छाता लगाए हुए थे। कई लोग ठंडा पानी, शरबत, बेल का जूस, मौसमी का जूस और कोल्ड ड्रिंक जैसे ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करते नजर आए।

कुछ लोग पेड़ों की छांव में आराम कर रहे थे, जबकि अधिकांश लोग अपने घरों में ही रहे। शहर निवासी अनुज और परमजीत ने बताया कि पिछले दो दिनों से मौसम सुहाना था, लेकिन शनिवार सुबह से गर्मी फिर तेज हो गई है। उन्होंने कहा कि लोग केवल आवश्यक काम के लिए ही घरों से बाहर निकल रहे हैं, अन्यथा घर में रहना पसंद कर रहे हैं।

# तहसील परिसर में विधवा से मारपीट का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील धामपुर परिसर में एक विधवा महिला के साथ कथित रूप से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कोतवाली धामपुर में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई तथा मेडिकल परीक्षण कराए जाने की मांग की है।

पुलिस को दी गई शिकायत में बदरूनियां पत्नी सुल्तान ने बताया कि वह एक गरीब विधवा है और अपनी पुत्री के नाम वसीयत संबंधी कार्य कराने के लिए तहसील धामपुर गई थी। आरोप है कि इसी दौरान कुछ लोग

## पुलिस से कार्रवाई की मांग

एक राय होकर पहुंचे, उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

महिला का आरोप है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों एवं अन्य वस्तुओं से हमला किया, जिससे वह घायल हो गई। मारपीट के दौरान उसकी हालत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़ी। पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद उसे शारीरिक चोटें आई हैं तथा वह काफी डरी और सहमी हुई है।

# नगीना चौक पर वाहन चेकिंग अभियान

## 20 वाहनों के काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शनिवार को ट्रैफिक पुलिस ने नगीना चौक पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

चेकिंग के दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले, वाहन के आवश्यक दस्तावेज साथ न रखने वाले तथा अन्य यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों को रोककर उनके वाहनों की जांच की। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर करीब 20 वाहनों के चालान किए गए।

अचानक चले इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप की




स्थिति देखने को मिली। कई वाहन चालक पुलिस चेकिंग से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेते नजर आए, जबकि कई लोगों को मौके पर ही नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई।

अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात नियमों का पालन करना बेहद आवश्यक है। पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की।

ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा को लेकर भविष्य में भी इसी प्रकार विशेष अभियान चलाए जाते रहेंगे और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से सुरक्षित यात्रा और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया।

# बसपाई विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुटे: अकील अंसारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** बहुजन समाज पार्टी के सीनियर लीडर एवं पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी ने कहा कि जनपद बिजनौर में बहुजन समाज पार्टी से युवाओं का लगातार जुड़ना बहन मायावती की अच्छी विचारधारा एवं पार्टी की नीतियों का ही परिणाम है।

उन्होंने कहा कि जनपद बिजनौर में बहुजन समाज पार्टी लगातार मजबूत हो रही है और युवाओं का बसपा से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि आगामी विधानसभा चुनाव में बहन मायावती का पुनः उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनना तय है। जिसकी प्रबल सम्भावना है। उन्होंने बसपा के सच्चे सिपाहियों से अपील करते हुए कहा कि बहन मायावती की विचारधारा एवं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए बहन मायावती की सरकार में सर्व समाज के लिए चलाई गई जन कल्याणकारी योजनाओं एवं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें और



आने वाले विधानसभा 2027 के चुनाव में पार्टी के दिशा निर्देशों के अनुसार पार्टी के घोषित प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह काम तभी होगा, जब हम सब एक मंच पर आएंगे और बहुजन समाज का झंडा उठाते हुए बूथ स्तर से लेकर सैक्टर और विधानसभा व जनपद स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने का काम करेंगे। बहुजन समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी ने कहा कि बसपा में ही सर्व समाज की पार्टी है और इसी में सर्व समाज का हित सुरक्षित है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष बने अल्वी ने भी मौजूद रहे।

# व्यापारियों और कर विभाग के बीच सीधा संवाद

## जीएसटी समस्याओं पर मंथन, 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान और कर व्यवस्था को अधिक सरल एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से राज्य कर विभाग द्वारा 'व्यापारी संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। चौक बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित इस कार्यक्रम में व्यापारियों, कर विशेषज्ञों और विभागीय अधिकारियों ने खुलकर अपने विचार रखे तथा जीएसटी से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य कर विभाग की सहायक आयुक्त साधना चौहान ने की। इस अवसर पर विभिन्न व्यापार मंडलों के प्रतिनिधि, कर अधिवक्ता, चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) और बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों और विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था।

सहायक आयुक्त साधना



चौहान ने कहा कि राज्य कर विभाग व्यापारियों को उत्पीड़न मुक्त और पारदर्शी वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विभाग केवल राजस्व संग्रह तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों को आसान और सुविधाजनक बनाना भी उसकी प्राथमिकता है।

कार्यक्रम में जीएसटी पोर्टल के नए फीचर्स, पंजीयन प्रक्रिया, ई-वे बिल व्यवस्था और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) से संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने व्यापारियों को बदलते कर नियमों के प्रति जागरूक रहने की सलाह भी दी।

संवाद कार्यक्रम के दौरान व्यापारी प्रतिनिधियों ने जीएसटी से संबंधित कई व्यावहारिक समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। व्यापारियों ने तकनीकी दिक्कतों, अनुपालन संबंधी चुनौतियों और अन्य कर मामलों को प्रमुखता से उठाया। विभागीय अधिकारियों ने कार्यक्रम के दौरान ही व्यापारियों की अनेक शंकाओं का समाधान किया। वहीं जिन मामलों में नीतिगत निर्णय की आवश्यकता थी, उन्हें उच्च स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया गया।

अधिकारियों ने व्यापारियों से आग्रह किया कि वह कर व्यवस्था से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए केवल विभाग की आधिकारिक वेबसाइट और हेल्पडेस्क का ही उपयोग करें। उन्होंने कहा कि भ्रामक और अपुष्ट सूचनाओं पर भरोसा करने से अनावश्यक परेशानियां खड़ी हो सकती हैं।

कार्यक्रम के समापन पर सहायक आयुक्त साधना चौहान ने सभी व्यापारिक संगठनों, कर विशेषज्ञों और मीडिया प्रति. निधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राज्य कर अधिकारी तरमेन्द्र सिंह, दुरविजय सिंह, राजपाल सिंह, प्रदीप सिंह, चन्द्र प्रकाश सिंह, प्रधान सहायक शाह नवाज, वरिष्ठ सहायक निखिल कुमार, कपिल शर्मा सहित विभिन्न व्यापारिक संगठनों और टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दो घरों से नकदी और जेवरात चोरी

## ग्रामीणों में दहशत पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम मंडोरी में बीती रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। सुबह घटना की जानकारी होने पर ग्राम में हड़कंप मच गया। जबकि पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मंडोरी निवासी मुकीम के परिवार के सदस्य गर्मी के चलते घर के बाहर और छत पर सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर घर में घुस गए और कमरों के ताले तोड़कर वहां रखी अलमारियों व बक्सों को खंगाल डाला। सुबह फज्र की नमाज के लिए उठे परिजनों ने जब कमरों का सामान बिखरा देखा, तो चोरी की जानक. ारी का पता चला। चोर करीब 20 तोला सोना, लगभग 1.75 किला. ग्राम चांदी तथा करीब 1 लाख 70 हजार रुपये की नकदी अपने साथ ले गए। चोरों ने इसी रात गांव निवासी कासिम के घर को भी



निशाना बनाया। परिजनों के अनुसार परिवार के लोग घर के बाहर सो रहे थे। जिसका फायदा उठाकर चोर कमरे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए। सुबह जागने पर कमरे का सामान अस्त-व्यस्त मिला। जांच करने पर लगभग 75 हजार रुपये नकद करीब 250 ग्राम चांदी और एक तोला सोने के आभूषण गायब मिले। एक ही रात में दो घरों में हुई चोरी की घटनाओं से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। सूचना फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थलों पर जमा हो गई। लोगों ने क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी मौके का निरीक्षण कर जांच टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस का कहना है कि चोरी की घटनाओं के संबंध में विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है। आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है तथा जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

वहीं ग्रामीणों का मानना है कि एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाया जाना किसी सक्रिय चोर गिरोह की ओर इशारा करता है। उन्होंने पुलिस से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# पर्यावरण दिवस पर लगाए पौधे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सभासदपति शेख रईस अहमद ने अपने प्रतिष्ठान परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान उनके साथ जिला बिजनौर से सपा सीनियर नेता अखलाक उर्फ पप्पू ने भी संयुक्त रूप से शेख रईस अहमद ने पौधों के बारे में व विश्व पर्यावरण दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पेड़ जीवन का आधार है। पेड़ों का पर्यावरण बनाए रखने में विशेष योगदान रहता है। समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता अखलाक पप्पू जो कि शेख रईस अहमद के भांजे है ने आज चांदपुर सना ट्रेडर्स पर पहुंचकर मामा भांजे ने राजनीतिक विषयों पर चर्चा की तथा पौधारोपण किया।

# हरिपाल शास्त्री महाविद्यालय में पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम फीना स्थित हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार के साथ वर्धमान कॉलेज बिजनौर के वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर राजीव अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। वर्धमान कॉलेज बिजनौर से आए प्रोफेसर राजीव अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण संतुलन हेतु पौधारोपण करना बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने कहा वृक्षों का अंधाधुंध कटान होने से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। लोगों को ऑक्सीजन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने



कहा कि कुछ लोग निजी स्वार्थ के कारण प्रकृति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सरकार को भी ऐसे लोगों पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। शुद्ध वायु में जल प्राप्त करना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। इस मौके पर प्रॉक्टर डॉ. आरपी सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के दलीप कुमार, नूरपुर के गन्ना पर्यवेक्षक सचिन कुमार यादव, डॉ. ओमपाल त्यागी, रुक्मिणी देवी, छाया राजपूत, नीशु देवल, शनि चौहान, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, वरुण कुमार आदि उपस्थित रहे।

# युवती नकदी व जेवर लेकर घर से गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम इलाहाबास से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक 19 वर्षीय युवती घर से नकदी और सोने के जेवर लेकर अचानक लापता हो गई है। युवती के पिता ने इस संबंध में पुलिस को लिखित शिकायत दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीड़ित पिता ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उनकी 19 वर्षीय पुत्री रात को घर से बिना बताए कहीं चली गई। पिता के अनुसार, युवती अपने साथ घर में रखे 1 तोला सोने के जेवर और 1,45,000 रुपये नकद भी ले गई है। बेटी के घर पर न मिलने पर परिजनों ने उसकी हर संभावित स्थान और रिश्तेदारों के यहां तलाश की। पिता का दावा है

## अज्ञात व्यक्ति पर बहला-फुसला कर ले जाने का आरोप


कि काफी खोजबीन के बाद उन्हें जानकारी मिली है कि उनकी बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। पीड़ित पिता ने नहटौर कोतवाली पुलिस से अपनी पुत्री की बरामदगी और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तहरीर दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब युवती की लोकेशन और अन्य माध्यमों से उसकी तलाश कर रही है।

# ठियाबंदी उखाड़ने का कार्य करने वाले पर दर्ज हो एफआईआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** अगर कोई भी ठियाबंदी उखाड़ने का कार्य करे तो पुलिस एवं राजस्व की टीम मिलकर उसके विरुद्ध एफआईआर के साथ-साथ ठोस से ठोस कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में तहसील गुन्नौर के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील गुन्नौर में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण निचले स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अगर कोई भी ठियाबंदी उखाड़ने का कार्य करे तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए पाबंद सहित ठोस से ठोस कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए। पैमाईश के मामलों में सहमति बनाकर पैमाईश सुनिश्चित की जाए। धारा 67 के मामलों का निस्तारण शीघ्र हो अपने अपने पटल पर पत्रावलियों का रखरखाव सही से हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राजस्व एवं पुलिस की टीम समन्वय बनाते हुए शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करे इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट प्रभागीय वनाधिकारी प्रीती यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकास चन्द्र आदि मौजूद रहे।



सम्भल। ग्राम कसेरवा में दो मंजिला मस्जिद को ध्वस्त करते दो-दो बुल्डोजर जस्टिस।

# अवैध रूप से संचालित दो क्लीनिक सील

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से संचालित दो क्लीनिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें सीज कर दिया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में संचालित अन्य अवैधा क्लीनिकों के संचालकों में हड़कंप मच गया और कई लोगों ने अपनी दुकानों को बंद कर दिया।

जानकारी के अनुसार, असमोली थाना क्षेत्र के गांव शाहबाजपुर कला में आमिर भारत मेडिकल स्टोर के पास संचालित सिटी आयुष क्लीनिक तथा ग्राम पंचायत के तेलीपुरा में गुलफाम क्लीनिक के संबंध में स्वास्थ्य विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों के आधार पर नोडल अधिकारी डा. मनोज चौधरी ने

**○नोडल अधिकारी के कार्रवाई से मचा हड़कम्प, बंद की दुकानें**

दोनों क्लीनिकों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक संचालकों से संचालन संबंधी आवश्यक अभिलेख और वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वे कोई भी संतोषजनक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। दस्तावेज न मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोनों क्लीनिकों पर ताला लगाकर उन्हें सीज कर दिया। डा. मनोज चौधरी ने बताया कि अवैध रूप से संचालित चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में संचालित अन्य अवैध क्लीनिकों के संचालकों में भय का माहौल है और कई लोगों ने अपने क्लीनिक बंद कर दिए हैं।

# दो मंज़िला मस्जिद बुल्डोजर जस्टिस से ध्वस्त

**○ग्राम कसेरवा में तहसीलदार के आदेश पर की गई कार्रवाई**
**○कब्रिस्तान की सरकार भूमि पर बनी होने के आरोप**
**○तहसीलदार की अदालत ने दिए थे बेदखली के आदेश**
**○जिलाधिकारी की अदालत में दायर की थी अपील**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सरकारी भूमि पर बने मज़ार, मस्जिद और कब्रिस्तान हटाओ अभियान के तहत कब्रिस्तान की सरकारी भूमि पर बनी मस्जिद को बुल्डोजर जस्टिस से जमींदोज करा दिया गया। बुल्डोजर जस्टिस कार्रवाई का डीएम और एसपी ने भी पहुंचकर जायजा लिया।

प्रशासन के अनुसार जिले में सरकारी भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराने का अभियान के तहत ग्राम कसेरवा में कब्रिस्तान की सरकारी भूमि पर मस्जिद का निर्माण किये जाने का आरोप में तहसीलदार अदालत में मुकदमा चलाया गया था। मस्जिद पक्ष तहसीलदार अदालत में मुकदमा हार गया। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप ने 21 अर्पेल को मस्जिद कमेटी के खिलाफ बेदखली का आदेश कर दिया था। मस्जिद कमेटी की ओर से जिलाधिकारी की अदालत में अपील दायर की गई लेकिन बेदखली के आदेश पर कोई स्टे अथवा बेदखली रोकने को कोई आदेश न होने पर तहसीलदार ने मस्जिद के ध्वस्तीकरण को कमेटी का गठन किया था। नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल के नेतृत्व में गठित टीम नगर पालिका परिषद सम्भल और नगर पंचायत सिरसी से चार जे सी बी व डम्फर के अलावा सफाई कर्मचारियों को मांगा गया था। शनिवार को टीम प्रभारी नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल भारी पुलिस व पीएसी जवानों के साथ ग्राम कसेरवा पहुंचे और मस्जिद को बुल्डोजर जस्टिस से ध्वस्तीकरण कराना शुरू कर दिया। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह के अनुसार राजस्व अभिलेखो में गाटा सं. 409 कब्रिस्तान की भूमि है। उसमें 120 वर्ग मीटर पर मस्जिद का निर्माण कर लिया गया था। जबकि इसी हिस्से में तीन मकान भी बने हुए है। इसके अलावा गाटा सं. 410 खाद के गढडों के लिए दर्ज है। जिस पर लगभग 600 वर्ग मीटर पर भी आठ मकानों का निर्माण किया गया है जबकि गाटा सं. 411 वाली भूमि वृक्षारोपण के आरक्षित है। बुल्डोजर कार्रवाई का डीएम अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने भी गांव पहुंचकर जायजा लिया। तहसीलदार ने बताया कि गांव के लोगों ने कब्रिस्तान की भूमि सुरक्षित कराने को शिकायत की थी। जिसकी जांच में कब्रिस्तान की भूमि पर मस्जिद का निर्माण कब्जा कर किया गया था। धारा 67 के तहत की गई कारैवाई में मस्जिद पक्ष को अपना पा रखने का पूरा समय व मौका दिया गया था। लेकिन कोई भी ऐंसा दस्तावेजी साक्ष्य नहीं दिया गया जिससे कि मस्जिद का निर्माण निजि भूमि पर किया गया हो। उधर गांव के लोगों का का कहना है कि मस्जिद सैकड़ों साल पुरानी बनी हुई है। जबकि मस्जिद के मुतवल्ली जाकिर हुसैन ने बताया कि सैकड़ों साल पुरानी बनी मस्जिद का 25 साल पूर्व पुनर्निमण कराया गया थौ। ग्रामीणों का आरोप है कि मस्जिद तोड़ने की कोई सूचना नहीं थी। सुबह ही इसकी जानकारी मिल सकी है। कुछ दिन पूर्व सूचना मिल जाती तो कोई कार्रवाई की जाती है। जबकि इस मस्जिद में वह और उनके बुजुर्ग नमाज अदा करते चले आ रहे हैं। ग्रामीणों ने मस्जिद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को दुखद बताया।

# बूथ स्तर तक मजबूती के लिए काम करेगी सपा

**○कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी**
**○मासिक बैठक में हुई चर्चा**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में डबल वोट कटवाने के अभियान पर प्रमुखता से बल दिया गया। जबकि संगठन की बूथ स्तर तक मजबूत करने पर चर्चा की गई।

बहजोई स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष असगर अली असारी ने कहा कि मतदाता सूची में एक व्यक्ति के कई स्थानों पर नाम होने से चुनाव प्रक्रिया की शुद्धता प्रभावित होती है। उन्होने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई कि वे अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर डबल, ट्रिपल या मृत व्यक्तियों के नाम चिन्हित करें और निर्धारित फार्म भरवाकर निर्वाचन आयोग को आवेदन दें। बैठक में सभी सेक्टर प्रभारी और बूथ अध्यक्षों को 15 दिन के अंदर सूची सत्यापन का काम पूरा करने का लक्ष्य दिया गया, ताकि आगामी चुनाव में एक व्यक्ति, एक वोट का सिद्वांत पूरी तरह लागू हो सके। जिला महासचिव



सम्भल- सपा की बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी।

कृष्ण मुरारी शंखधार ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर भी विस्तार से चर्चा की। बैठक में प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की कमेटी बनाकर उसमें युवाओं, महिलाओं और पिछड़ा-दलित समाज के साथियों को उचित प्रतिनिधित्व देने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष असगर अली असारी संचालन जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने किया। बैठक में अमित यादव, उमेश यादव, उमेश दिवाकर, अशोक यादव, संजय मदान ने भी अपने विचार रखें।जबकि शोभित कुमार काका सददाम कुरेशी निसार अहमद आसिफ इकबाल मनीष यादव चेतन गुप्ता अशोक गुप्ता लव कुमार यादव जीशान सभासद गिरीश यादव पप्पू शर्मा डा. हो राम सिंह चंद्रकेश यादव गिरीश यादव जितेंद्र यादव अंकित गुप्ता रिंकू चौहन रियासत भाई तस्लीम भाई अकिल भाई शेख सदन वीरन यादव साबिर खान विवेक शर्मा रामबाबू नरेंद्र यादव बब्बन मौर्य आकाश शंखधार आदि उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों में मूक दर्शक नहीं बल्कि घायल मदद कर बने राहवीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सड़क हादसों में मूकदर्शक नहीं बनें बल्कि घायल की मदद करें और राह-गीर वीडियो बनाने के बजाय जान बचाने के लिए कार्य करें। सरकार बचाने वालों को इनाम देगी। सरकार ने इनाम की राशि को बढ़ाकर पांच हज़ार से पॉच गुना अधिक कर पच्चीस हज़ार कर दिया है। योजना को लागू भी कर दिया गया। इसके लिए डीएम की अध्यक्षता वाली कमेटी नामों का चयन करेगी। इसी के साथ योजना के लिए पांच कड़ी शर्तें भी तय की गयी हैं।

अक्सर देखा जाता है कि जब सड़क पर कोई दर्दनाक हादसा होता है, तो वहां मौजूद भीड़ घायल व्यक्ति की मदद करने के बजाय अपने मोबाइल से वीडियो बनाने में व्यस्त हो जाती है। जो हमारे समाज की खत्म होती संवेदनशीलता को दर्शाता है। इसी लापरवाही और समय पर इलाज न मिलने के कारण कई बार घायलों की रास्ते में ही मौत हो जाती है, जो कि बेहद दुखद है। इस गंभीर समस्या और मानवीय संवेदनाओं की कमी को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने इसे बेहद गंभीरता से लिया है। रास्तों या हाईवे पर होने वाले हादसों में मृत्यु दर कम करने और घायलों को तत्काल मदद पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में राह-वीर (गुड सेमेरिटन) योजना लागू की गई है। इस योजना का मकसद लोगों को मदद के लिए प्रेरित करना और उन्हें सम्मानित करना है। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने दुर्घटनाओं में गोल्डन आवर हादसे के तुरंत बाद का सबसे महत्वपूर्ण समय के भीतर घायलों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने वाले मददगारों (गुड सेमेरिटन) के लिए यह अहम पहल की है। प्रदेश में अब ऐसे मददगारों को राह-वीर के नाम से जाना जाएगा और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए दी जाने वाली इनामी राशि को 5,000 रुपये से बढ़ाकर सीध 25,000 रुपये कर दिया गया है।

# वर्धमार नदी के पुनरूद्धार कार्य का डीएम एसपी ने किया शुभारम्भ

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** विकासखण्ड गुन्नौर के ग्राम बाघऊ में आज जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा एक जनपद पाँच नदियाँ थीम के अंतर्गत मंत्रोच्चारण एवं पूजा-अर्चना के साथ नारियल फोड़कर तथा फावड़ा चलाकर वधमार नदी पुनरुद्वार कार्य का शुभारम्भ किया गया।

उल्लेखनीय है कि 05 जून 2026 को ग्राम बाघऊ में वर्धमार नदी के कैचमेंट क्षेत्र में ग्राम समाज/ऊसर भूमि पर अवैध रूप से निर्मित खेरे वाले चमन शाह बाबा दरगाह शरीफ की मजार को तहसीलदार रवि सोनकर के निर्देशन में नायब तहसीलदार रजपुरा अनुज कुमार तथा राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मजार को हटवाकर भूमि को कब्जामुक्त कराया गया था। कार्रवाई के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक स्वयं मौके पर उपस्थित रहे तथा उन्होंने की गई कार्रवाई का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में जनपद में एक जनपद पाँच नदियाँ के अंतर्गत जल संरक्षण जल संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में



बबराला- वर्धमार नदी के पुनरूद्वार कार्य का फावड़ा चलाकर शुभारमी करते एसपी।

विलुप्तप्राय एवं अस्तित्वहीन होती जा रही नदियों के पुनर्जीवन का कार्य किया जा रहा है। इसीके तहत वर्धमार नदी के पुनरुद्वार का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है यह नदी विकास खण्ड गुन्नौर एवं विकास खण्ड जुनावई से होकर गुजरेगी लगभग 14.5 किलोमीटर लंबी यह नदी आगे चलकर महावा नदी में मिलती है नदी की पुरानी पहचान को पुर्नस्थापित करने के उद्देश्य से अतिक्रमण हटाने खुदाई पौधारोपण तथा अन्य संरक्षण संबंधी कार्य किए जाएंगे। साथ ही मनरेगा योजना के अंतर्गत भी कार्य कराए जाएंगे। जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला विकास अधिकारी राम आशीष उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकास चन्द्र अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग राजीव कुमार तहसीलदार रवि सोनकर तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अभियान चलाकर मार्गों को कराया अतिक्रमण मुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर में मुख्य बाजार में अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

नगर के मुख्य बाज़ार से लेकर अन्य मार्गों पर अतिक्रमण का जाल फैला हुआ है। मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने को मार्गों को चिन्हित किया गया था। शनिवार को नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी और पुलिस उपाधीक्षक के संयुक्त नेतृत्व में यशोदा चौराहा से पुरानी तहसील होकर कोतवाली सम्भल तक,मुख्य डाकघर से टण्डन चौराहा, कोतवाली से चमन सराय होकर नगर पालिका की टंकी, बाल विद्या मन्दिर स्कूल एवं ऐजंन्टी चौराहा से भारतीय स्टेट बैंक तक एवं मनोकामना मन्दिर से पार्क से होकर हसनपुर रोड पर लिंक मार्ग पर, जनता पैट्रोल पम्प, बरेली सराय से प्रेम शंकर वाटिका, दुर्गा कालोनी तक अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इसके अलावा सरथल पुलिस चौकी से कल्कि विष्णु मन्दिर तक मार्ग पर भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इससे पूर्व मेयशोदा चौराहा से पुरानी तहसील होकर कोतवाली सम्भल मार्ग एवं को डाकघर से टंडन चौराहा मार्ग अभियान चलाकर मुख्य डाकघर से कोतवाली संभल से चमन सराय होकर नगर पालिका की टंकी तक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जबकि अन्य मार्गों को भी आगामी दिवसों में तीन-तीन दिवस के अंतराल पर अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की कार्रवाई की जाएगी।

## नवीन स्विच गियर लगाने को विद्युतापूर्ति रहेगी बाधित

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत 33/11 केवी उपकेन्द्र धनारी पर स्थापित पुराने 33 केवी स्विच गियर एवं कंट्रोल पैनल को हटाकर उनके स्थान पर नवीन स्विच गियर व कंट्रोल पैनल स्थापित करवाने का कार्य सम्पन्न कराया जायेगा। जिस कारण आठ जून सोमवार को 33 केवी लाइन का शटडाउन कुल 05 घण्टे पूर्वाह्न 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक रहेगा, जिस कारण 33/11 केवी उपकेन्द्र धनारी तथा उससे निर्गत समस्त 11 केवी पोषकों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

सम्बन्धित उपभोक्ताओं को उक्त सूचना के सम्बन्धा में अवगत कराया जा सके। यह जानकारी अजय कुमार उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड धनारी ने दी।

# लूट की सूचना निकली फर्जी

**○चौकी प्रभारी के प्रयासों से दो घंटे हुआ सच और झूठ का पर्दाफाश, नकदी ओर जेवर के साथ सूचना देने वाला गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** थाना हजरत नगर गढ़ी की कस्बा स्थित पुलिस चौकी प्रभारी ने झूठी लूट का खुलासा कर नकदी व ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार कर लिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम रहटोल निवासी अमन पुत्र जेनपाल ने ट्रैक्टर मालिक अवनेश कुमार पुत्र अनिल कुमार को चौकी क्षेत्र के बिलारी तिराहे के पास लूट की झूठी सूचना दी थी। टैक्टर मालिक ने चौकी पुलिस को सूचना दी। लूट की सूचना पर पुलिस में हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में चौकी प्रभारी हमराहियों सहित मौके पर पहुंच गए। इसी बीच थानाध्यक्ष संजय



सिरसी- डेढ़ लाख की लूट की झूठी सूचना देने का ट्रैक्टर के साथ आरोपी।

कुमार भी आ गए ओर ट्रकैटर चालक से घटना की जानकारी ली। प्रारम्भिक जांच व पूछताछ में ही खुलासा हो गया कि ट्रैक्टर चालक ने मालिक की एक लाखपचास हज़ार की रकम हड़पने को लूठ की झूठी सूचना दी थी।पुलिस ने ट्रैक्टर व नकदी और मोबाईल फोन को बरामद कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। घटना का खुलासा करने में थानाध्यक्ष संजय कुमार, चौकी प्रभारी फिरोज खान, गौरव त्यागी,अनिल कुमार, अक्षय कुमार आदि हमराही शामिल रहे। उधर लूट की झूठी घटना का दो घंटे में खुलासा करने पर चौकी प्रभारी फिरोज खान की कार्यशैली की क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है।

# एक रात में चोरों ने दो घरों से लाखों का माल समेटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना क्षेत्र के रचैटा गांव में शुक्रवार की रात्रि चोरों ने दो घरों में सेंधा लगाकर तीन लाख का सामान समेट लिया। चोरी की जानकारी सुबह परिजनों को हुई तो पी आर बी को सूचना दी तो स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और परिजनों से जानकारी की।

असमोली थाना क्षेत्र में रचैटा गांव निवासी मोहम्मद अकरम के घर चोर सेंधा लगाकर अंदर दाखिल हुए और कमरे में रखी आलमारी का ताला तोड़कर पचास हजार की नकदी,सोमा चांदी का जेवर, पच्चीस जोड़ी नए कपड़े समेत करीब डेढ लाख का सामान चोरी कर ले गए। चोरी की दूसरी घटना फेरी लगाकर फल बेचने वाले राजा के घर हुई। चोर दीवार फांदकर अंदर पहुंचे और कमरे का ताला तोड़कर चालीस हजार की नकदी ,सोना चांदी का जेवर समेत करीब डेढ़ लाख का सामान समेट कर फरार हो गए। शनिवार की सुबह परिजन कमरे में पहुंचे तो सामान बिखरा देखकर चोरी की जानकारी हुई। पीडितों ने चोरी की तहरीर पुलिस को दी है। चोरी की दूसरी घटना फेरी लगाकर फल बेचने वाले राजा के घर हुई। चोर दीवार फांदकर अंदर पहुंचे और कमरे का ताला तोड़कर चालीस हजार की नकदी ,सोना चांदी का जेवर समेत करीब डेढ़ लाख का सामान समेट कर फरार हो गए। शनिवार की सुबह परिजन कमरे में पहुंचे तो सामान बिखरा देख चोरी की जानकारी हुई।

# तरह-तरह से हो रही जल की बर्बादी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जल है तो कल है। जल ही जीवन है इसे सार्थ बनाने के लिए स्वयं सेवी संस्थाओं से लेकर सरकारी एजेसियॉ जल बचाओ जीवन बचाओ के नारे देकर तरह-तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन कराकर जागरूक कर रही हें,लेकिन जगह-जगह लगे समरसिबल ओर पानी की टंकियों से पानी व्यर्थ बहता जगह-जगह दिखायी दे रहा है।

कहा ही नहीं जाता बल्कि कटु सत्य है कि जल बिना जीवन नहीं है। इसीलिए जल अमूल्य है। इसकी कद्र उन लोगों से पूछिए जिनके क्षेत्र में पानी की किल्लत बनी हुई है। जिन्हे नहाना तो छोड़िए पीने को भी शुद्व पानी मिलता ही नही है। लेकिन शहर हो या देहात जहां सुबह जल की बर्बादी किसी न किसी तरह से रूक नहीं रही है। इतना ही नहीं जल की बर्बादी को समरसिबल सौने पै सुहागा वाली कहावत को चरित्रार्थ कर रहे है। घर हो या अन्य स्थान समरसिबल

**○जल विभाग है बेखबर आमजन भी नहीं जागरूक, आने वाली पीढ़ी के लिए उत्पन्न हो सकती है समस्या**

को काफी-काफी समय तक यूं ही चलाकर छोड़ दिया जाता है। इतना ही नहीं जगह-जगह लगे वाटर कूलरों की टोंटियॉ तो कुछ दिन दिखायी देती है,जबकि उसके बाद उनमें से पानी यूं ही बहता रहता है। जलस्तर नीचे पहुंच चुका है, पानी का टीडीएस बड़ चुका है। साफ पानी पीने को नहीं मिल पा रहा है। कहा जाता ही कि साढ़े तीन सौ फिट नीचे का पानी पीने योग्य है। जो पानी हम पी रहे हैं उसमे अशुद्विया है। इसीलिए लोग अपने घरों में आरओ लगवा रहे हैं ताकि पानी साफ मिल सके। कुछ स्थानों पर तो टंकियों में टोंटी तो छोड़िए पुराने नलों एम टंकी फिट कर दी गई हैं जिसमे पानी बंद करने का स्रोत ही नहीं है। टंकी आने से जाने तक पानी की बर्बादी लगातार होती रहती है। यह मात्र एक समस्या नहीं है अपितु आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़ा खतरा है। जब पानी का स्तर अधिक नीचे पहुंच जाएगा तब पीने के पानी की बड़ी समस्या उत्पन्न हो जायेगी। ऐसा न हो की आने वाली नस्लों को पीने के पानी को लंबी लंबी लाइनों में लगना पड़े और पानी के लिए झगड़े न हों।

# किसान के खेत से दबंगी के बल पर खनन का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** खनन माफियों द्वारा दबंगई के बल पर किसान के खेत की मिटटी उठा ली।पीड़ित ने पुलिस को देकर कार्रवाई की गुहार लगाया।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव मुबारक बंद निवासी तौफीक पुत्र पीरबख्श ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए बताया की क्षेत्र में अवैध खनन बड़े स्तर पर हो रहा है खनन माफिया किसानों की जमीन से दबंगई के बल पर जबरन अवैध खनन कर रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि मुबारकपुर बंद के मुजम्मिल व मुदस्सिर पुत्रगण इसरार ने उसकी खेत की उपजाऊ मिटटी को जबरन उठा लिया है। जब उसने मिटी उठाने से मना किया तो आरोपियों

**○खेत स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर लगायी गुहार**

ने उसके साथ गाली गलौज की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए कहा जो तुझसे हो कर लेना। पीड़ित ने थाना असमोली पुलिस को तहरीर देखकर उपरोक्त के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर
तहसील रोड सम्भल

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तीन तहसीलों में होंगे भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर पंचायत कार्यालय बबराला में शनिवार को पतंजलि परिवार की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य और बृहद रूप में आयोजित करने की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया। बैठक का संचालन भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी रामवीर सिंह शास्त्री ने किया। तीन तहसीलों में मुख्य कार्यक्रम योजना के अनुसार, जनपद की तीनों तहसीलों में बड़े स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे गुन्नौर तहसील नगर पालिका के सहयोग से योग पार्क, राजघाट रोड, बबराला जबकि सम्भल तहसील नगर पालिका के सहयोग से शंकर भूषण इंटर कालेज, सम्भल, चंदौसी तहसील राजेश कुमार सरस्वती इंटर कालेज, चंदौसी, इसके अलावा ब्लॉक और प्रखंड स्तर पर भी योग शिक्षकों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बैठक में योग शिक्षकों से आहवान किया गया कि वे योग के प्रचार-प्रसार हेतु प्रतिमाह कम से कम पांच नए अभ्यर्थी तैयार करें।

## संगठन के विस्तार पर दिया ज़ोर

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** बैठक में संगठन विस्तार पर जोर देते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पतंजलि किसान सेवा समिति के राज्य प्रभारी उत्तर प्रदेश दयाशंकर आर्य ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। उन्होंने कहा, संगठन की शक्ति का ही परिणाम है कि आज पतंजलि पूरे देश में एक लाख निशुल्क योग कक्षाएं संचालित कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि वे तहसील स्तर पर प्रवास कर सक्रिय कार्यकर्ताओं की खोज करें, ताकि जिला, तहसील और प्रखंड स्तर पर टीमों का पुनर्गठन कर उन्हें और अधिाक सक्रिय किया जा सके। कक्षाओं के विस्तार पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए गए कि एक ही स्थान पर कई शिक्षक न रहकर अलग-अलग स्थानों पर योग कक्षाएं लगाएं। बैठक में भुवनेश, तिलक मुनि, योगेंद्र कुमार शर्मा, अरुण कुमार यादव, अशोक कुमार, दिनेश आर्य, कालाराम यादव, आवेश सतीश सत्यपाल , शिवराज, ओमपाल, सुनीता और अष्टवसु सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व योग शिक्षक उपस्थित रहे।

# 1.574 किलो चरस के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिविल लाइंस पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.574 किला. ग्राम अवैध चरस बरामद की है। बरामद मादक पदार्थ की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने शनिवार को शेरुआ चौराहा के पास स्थित खाली प्लॉटिंग क्षेत्र से हिफजुर रहमान उर्फ हसनैन स पुत्र गुलजार अहमद निवासी दसवां घाट, मालियों वाली गली, थाना नागफनी को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से अवैध चरस की खरीद-फरोख्त में लिप्त था।पुलिस पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि अधिक मुनाफे के लालच में वह चोरी-छिपे नशे के कारोबार से जुड़ गया था। आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में ऐसा कार्य न करने की




बात कही।गिरफ्तारी के संबंध में थाना सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एक्ट, डकैती, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। मझोला, नागफनी, मुगलपुरा और सिविल लाइंस थानों में उसके विरुद्ध कई मामले दर्ज पाए गए हैं। पुलिस उसके अन्य आपराधिक मामलों की भी जानकारी जुटा रही है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा और ऐसे अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है।

# जिला अस्पताल में वेंटिलेटर संकट, अधिकांश मशीनें राब होने से गंभीर मरीजों की बढ़ी परेशानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला अस्पताल में गंभीर मरीजों के उपचार के लिए उपलब्ध वेंटिलेटर सुविधाएं संकट से जूझ रही हैं। अस्पताल में करीब 11 वेंटिलेटर मशीनें मौजूद हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश खराब पड़ी हैं। इसके चलते गंभीर अवस्था में आने वाले मरीजों के इलाज में दिक्कतें सामने आ रही हैं और स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है।जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. रविंद्र कुमार ने बताया कि खराब वेंटिलेटरों की सूचना संबंधित कंपनी को दे दी गई है। मशीनों की मरम्मत कराने और उन्हें जल्द से जल्द चालू कराने के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि गंभीर मरीजों के उपचार में वेंटिलेटर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए इनका कार्यशील होना बेहद आवश्यक है।डॉ. कुमार के अनुसार अस्पताल प्रशासन ने भी उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर



वेंटिलेटरों की खराब स्थिति से अवगत कराया है तथा पर्याप्त और सुचारु वेंटिलेटर सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन ऐसे मरीज पहुंचते हैं जिन्हें तत्काल वेंटिलेटर सपोर्ट की आवश्यकता होती है।शनिवार को आजम नामक एक गंभीर मरीज को उपलब्ध वेंटिलेटर पर उपचार दिया गया, जिससे उसकी स्थिति संभालने में मदद मिली। हालांकि सीमित संख्या में कार्यरत मशीनों के कारण अस्पताल कर्मियों को मरीजों के प्रबंधन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि जिला अस्पताल जैसे बड़े सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में सभी वेंटिलेटरों का क्रियाशील होना जरूरी है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को समय पर जीवनरक्षक उपचार मिल सके। अस्पताल प्रशासन को उम्मीद है कि जल्द ही खराब मशीनों की मरम्मत कर उन्हें दोबारा संचालन में ला दिया जाएगा।

## एक नजर

### शांतिभंग की आशंका में तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा

**बिलारी।** थाना क्षेत्र के ग्राम चंगेरी में शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका के चलते बिलारी पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस के अनुसार दिनांक 5 जून 2026 को रपट संख्या 128 के आधार पर अमन पुत्र धर्मवीर (22 वर्ष), इन्द्रपाल पुत्र रघुवीर सिंह (42 वर्ष) तथा नितिन पुत्र इन्द्रपाल (22 वर्ष) निवासीगण ग्राम चंगेरी, थाना बिलारी को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170/126/135 के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई उपनिरीक्षक बीरेन्द्र कुमार एवं आरक्षी नितिन कुमार द्वारा की गई। गिरफ्तार सभी आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### आबकारी अधिनियम के मामले में वांछित वारंटी गिरफ्तार

**बिलारी।** न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के अनुपालन में बिलारी पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक विनीत कुमार एवं आरक्षी विपुल कुमार ने ग्राम हाजीपुर निवासी सर्वेश यादव पुत्र पूरन सिंह को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध ग्राम न्यायालय बिलारी से मुकदमा संख्या 2925/25, अपराध संख्या 563/25, धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत गैर जमानती वारंट जारी था। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस द्वारा वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है।

### घर में घुसकर मारपीट व जानलेवा हमले के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगलिया जट में घर में घुसकर मारपीट और जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम नगलिया जट निवासी सूरज सिंह की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में आरोप है कि आरोपियों ने घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट की। इस दौरान सीताराम के सिर पर जान से मारने की नीयत से फरसे से वार किया गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में कार्रवाई करते हुए बिलारी पुलिस ने आरोपी दिनेश पुत्र खुशीराम निवासी ग्राम नगलिया जट को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान उसके कब्जे से एक ईंट भी बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है तथा अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर फत्तेहपुर नत्था में हुआ वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**बिलारी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम फत्तेहपुर नत्था में नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट एवं नागरिक एकता परिषद के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर नीरज शर्मा ने कहा कि बढ़ती गर्मी और हीट वेव से बचाव के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना आवश्यक है। वहीं प्रेम कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और मौसम असंतुलन की समस्या से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर पौधरोपण जरूरी है। कार्यक्रम में विशाल प्रधान प्रत्याशी, राजदीप सिंह, रवि रस्तोगी, नेम सिंह, राजू, सुरजन सिंह, कल्याण सिंह, मुकट सिंह, महेंद्र मौर्य, अफसर अली, दिलशाद सलमानी एवं दीनदयाल यादव सहित अनेक लोगों ने सहभागिता कर पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### बिलारी में टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण

**बिलारी।** सीएचसी बिलारी के चिकित्सा अधीक्षक ने ग्राम सुजानपुर व जतपुरा झाड़ू में टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि 10 जून 2026 से विटामिन-ए कार्यक्रम शुरू होगा। साथ ही 14-15 वर्ष की बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण प्रत्येक तीसरे शुक्रवार को सब सेंटरों तथा प्रत्येक रविवार को पीएचसी पर किया जाएगा। अभिभावकों से पात्र बच्चों एवं बालिकाओं का समय पर टीकाकरण कराने की अपील की गई।

### तहसील समाधान दिवस में एसडीएम प्रिंस वर्मा ने सुनीं जन समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



**बिलारी।** तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी (एसडीएम) प्रिंस वर्मा ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बिलारी तहसील में नवागंतुक एसडीएम प्रिंस वर्मा का यह पहला संपूर्ण समाधान दिवस रहा। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें विद्युत विभाग से 4, विकास विभाग से 6, पुलिस विभाग से 7 तथा आपूर्ति विभाग से 13 शिकायतें शामिल रहीं। अधिकारियों द्वारा इनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक अपनी समस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंचे। समाजवादी पार्टी के नेता राजेश यादव भी अपने समर्थकों के साथ तहसील पहुंचे और विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने ज्ञापन में उठाए गए मुद्दों पर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। समाधान दिवस में तहसीलदार आदित्य कुमार एवं नायब तहसीलदार मानसी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जनता की समस्याओं को संवे. दनशीलता के साथ सुनते हुए उनके प्रभावी समाधान का भरोसा दिलाया।

### चारागाह की भूमियों को कब्जा मुक्त कराने की उठाई मांग

**कांठ (शाह टाइम्स)** गो रक्षक विकास शर्मा ने क्षेत्र में चारागाह और गोचर के नाम से दर्ज भूमि को कब्जा मुक्त करा कर गौशाला में संरक्षित पशुओं के चारे के लिए खाली कराए जाने की मांग उठाई वह आज तहसील पहुंचे और जिला अधिकारी को पत्र देकर उन्होंने कहा की उक्त जमीन में नेपियर घास लगाकर गौशाला में संरक्षित गोवंश के चारे की व्यवस्था कराई जा सकती है। उन्होंने बताया कि तहसील क्षेत्र में सात गौशालाएं संचालित हैं जिनमे बेसहारा गोवंशों को संरक्षित किया गया है लेकिन चारे की जमीन उपलब्ध न होने के कारण गोवंश हरे चारे से महरूम रहते है उन्होंने बताया कि इन गौशालाओं में हजारों गोवंश संरक्षित हैं और उनके चारे की व्यवस्था चारागाह भूमि से अच्छी कहानी नहीं हो सकती।

# भाजपा बूथ अध्यक्ष शोएब साबरी के छोटे भाई मोहम्मद सुहैल, अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद हुआ निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** नगर निवासी भाजपा बूथ अध्यक्ष शोएब साबरी के छोटे भाई मोहम्मद सुहैल (32) पुत्र मुन्ने का बृहस्पतिवार देर शाम अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद निधन हो गया। युवक की मौत से परिवार और मोहल्ले में मातम का माहौल है। परिजनों के अनुसार सुहैल को तीन दिन से बुखार था और उनका उपचार नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां चल रहा था। बृहस्पतिवार को उन्हें इंजेक्शन भी लगाया गया था। शाम को खाना खाने के बाद वह घर पर आराम कर रहे थे, तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और मुंह से खून की उल्टी होने लगी। घबराए परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने



जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन गंभीर हालत के चलते सुहैल ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की असामयिक मौत की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को नगर के कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग अंतिम विदाई देने पहुंचे।

# मेससीमो बीपीएल-7 का भव्य शुभारंभ, रोमांचक मुकाबलों ने बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** आइडिया ग्राउंड पर मेससीमो बीपीएल-7 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। लगातार सातवें वर्ष आयोजित हो रहे इस नाइट टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली ने फीता काटकर किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए ग्राउंड को भविष्य में स्टेडियम के रूप में विकसित कराने का आश्वासन दिया। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में एमआरएफ टायर ने गुजरात टाइटंस को 11 रन से हराया। गुजरात टाइटंस की टीम 61 रन पर सिमट गई। एमआरएफ टायर की ओर से नितिन ने 23 रन और नाज ने 21 रन बनाने के साथ 4 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। नाज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने जीडी किंग को आसानी से पराजित कर दिया। जीडी किंग की टीम 41 रन पर ऑलआउट हो गई, जबकि मुंबई इंडियंस ने मात्र 29 गेंदों में लक्ष्य हासिल कर लिया।



अरबाज ने 24 और जुनैद ने 18 रन की तेजतर्रार पारी खेली। टूर्नामेंट में कॉमेंट्री की जिम्मेदारी सोनू, मोहम्मद यामीन और हनी ने निभाई, जबकि अंपायरिंग मोहम्मद वसीम, रियाज आलम और रियाजुल रहमान ने की। स्कोरिंग का कार्य तारिक, जमाल और मोहम्मद आसिम ने संभाला। इस अवसर पर शुभम राठी ने खिलाड़ियों को पढ़ाई और खेल दोनों पर समान रूप से ध्यान देने की प्रेरणा दी तथा डॉ. भीमराव आंबेडकर और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जीवनी पढ़ने का संदेश दिया। आयोजक बिट्टू, तस्लीम अजहरी और मीनू ने सभी खिलाड़ियों, दर्शकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए टूर्नामेंट के आगामी मुकाबलों में भी बड़ी संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की।

# जल्द शुरू होगा राजकीय यूनानी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय निशुल्क चिकित्सा शिविर में 272 मरीजों का हुआ उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के बाबा लक्ष्मण दास की मणि परिसर में राजकीय यूनानी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय को संचालित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए आयुष विभाग द्वारा नागरिक परिषद बिलारी के सहयोग से निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन तहस. ीलदार आदित्य कुमार, नगर पालिका परिषद बिलारी के अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह, नागरिक परिषद के वरिष्ठ संरक्षक राकेश जैन एवं शकील साबरी ने फीता काटकर किया। इसके बाद अतिथियों ने बाबा लक्ष्मण दास की मणि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने कहा कि बिलारी के नाम से स्वीकृत राजकीय यूनानी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय को शीघ्र ही बाबा लक्ष्मण दास की मणि परिसर से संचा.



लित कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में यहां एक अस्थायी कक्ष की व्यवस्था कर चिकित्सालय की शुरुआत की जाएगी। इसके उपरांत भूमि की पक्की बाउंड्रीवाल का निर्माण कराकर एक स्थायी भवन भी बनाया जाएगा, जिससे वर्तमान में सहसपुर से संचालित चिकित्सालय को बिलारी में स्थानांतरित कर जनता को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। चकित्सा शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शि. विर के दौरान 272 मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मरीजों को रोगानुसार परामर्श देने के साथ-साथ आवश्यक दवाइयां भी मुफ्त वितरित की गईं। शिविर में राजकीय यूनानी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रभारी डॉ. ज्योति सिंह, उनकी सहयोगी डॉ. वर्णिका तथा निजी चिकित्सक डॉ. झरना सिंह ने मरीजों का परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने आयुष चिकित्सा पद्धति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धति आज भी लोगों के लिए प्रभावी एवं लाभकारी साबित हो रही है। यदि चिकित्सालय बिलारी में नियमित रूप से संचालित होता है तो नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इस अवसर पर समाजसेवी एवं शिक्षाविद डॉ. राकेश रफीक, मास्टर लटूरी सिंह, तिलक राज चांदना, फैसल रजा, सभासद राकेश यादव, के.पी. सिंह राणा, संजय सक्सेना, नौमान जमाल, रणजीत सिंह यादव, कासिम अंसारी, माजिद हुसैन, अनीस अहमद, मुनव्वर हुसैन, कफील अहमद इदरीसी, राहत जान, हसीव अहमद, रविशंकर, अनिल गुप्ता, डॉ. रशीद, अली जान कसार, हकीम नईमुद्दीन बंजारा, किशन लाल प्रजा. पति, सुखवीर सिंह यादव सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नागरिक परिषद बिलारी के संयोजक डॉ. जितेंद्र दक्ष ने किया तथा सभी अतिथियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

शिविर की सफलता को लेकर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बिलारी में शीघ्र चिकित्सालय संचालन की मांग दोहराई।

# ट्यूबवेल पर रखे ट्रांसफार्मर को चोरों ने बनाया निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव सरकड़ा बिश्नोई के जंगल में ट्यूबवेल के ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया किसान विकास कुमार ने बताया कि सुबह



6:00 बजे खेत पर पानी देने के लिए सुबह पर पहुंचा तो देखा कि ट्रांसफार्मर खम्बो से नीचे गिर पड़ा है और उसके अंदर का पीतल कॉपर एवं अन्य कीमती सामान नहीं है अज्ञात चोरों द्वारा ट्रांसफार्मर का सभी कीमती सामान चुरा ले गए और खाली खोखा वही छोड़कर चले गए किसान ने बताया कि मेरा ट्यूबवेल गांव से आधा किलोमीटर दूरी पर है कल शाम 5:00 बजे में ट्यूबवेल पर से गया था सुबह 6:00 बिजली आ रही थी खेतों में सिंचाई के लिए आकर देखा तो ट्रांसफार्मर नीचे पड़ा है उसमें से सभी कीमती सामान गायब है जिसकी शिकायत हमने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मुआयना किया, पीड़ित की तैयारी के आधार पर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात कर रही है आपको बताते चलें कि डिलारी थाना क्षेत्र में चोर सक्रिय हैं आए दिन किसानों के ट्यूबवेल पर रखे ट्रांसफार्मरों को निशाना बना रहे हैं नगर पंचायत ढकिया के जंगल में भी चोरों ने ट्यूबवेल पर रखे ट्रांसफार्मर को निशाना बनाया था इससे पहले भी कई ट्रांसफार्मरों को चोरों द्वारा निशाना बनाया था। लेकिन कर अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है इसमें लेकर क्षेत्र के किसानों में रोष व्याप्त है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर मुरादाबाद रेल मंडल का विशेष अभियान पौधारोपण से लेकर प्लास्टिक मुक्त स्टेशन का दिया गया संदेश

**मुरादाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक




विनीता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में रेलवे स्टेशनों, कॉलोनियों और कार्यालय परिसरों में पौधारोपण, शपथ ग्रहण, रैली, नुक्कड़ नाटक तथा स्वच्छता संबंधी गति. विधियां आयोजित की गईं। मंडल में 15 मई से 5 जून तक विशेष पर्यावरणजागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके तहत प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों एवं उत्तर रेलवे महि।ला कल्याण संगठन की पदाधिकारियों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद मंडल कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। वहीं बाल विद्या मंदिर, रेलवे स्टेडियम के निकट आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने हस्तनिर्मित गमलों में पौधे लगाए। मंडल रेल प्रबंधक ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करते हुए उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर 20 प्लास्टिक बोतल क्रेशर मशीनों का उद्घाटन भी किया गया, जिससे प्लास्टिक अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण को बढ़ावा मिलेगा। उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा स्टेशन परिसर में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर यात्रियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसे मंडल रेल प्रबंधक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के उद्देश्य से यात्रियों को निशुल्क कपड़े के हैंडबैग भी वितरित किए गए। रेलवे स्टेशन से शुरू हुई रैली विभिन्न रेलवे कॉलोनियों से होकर स्काउट्स हट्स पर संपन्न हुई। रेलवे प्रशासन ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर रामगंगा स्वच्छता अभियान के 201 सप्ताह पूर्ण, स्वयंसेवक सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर परिवर्तन 'दी चेंज' संस्था एवं जिला गंगा समिति, मुरादाबाद के संयुक्त तत्वावधान में डियर पार्क स्थित वन चेतना केंद्र में ट्रेल के साथ हुई, जिसमें उपस्थित अतिथियों एवं स्वयंसेवकों ने वन चेतना केंद्र की जैव विविधता का अवलोकन किया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा। इसके बाद आयोजित संगोष्ठी में रामगंगा कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी सरदार गुरविंदर सिंह, रेंजर गिरीश चंद्र श्रीवास्तव तथा नमामि गंगे की जिला कार्यक्रम अधिकारी पूजा सिंह उपस्थित रहीं।



सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में नदियों को स्वच्छ बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी को आवश्यक बताया। संस्था के अध्यक्ष कपिल कुमार ने बताया कि 201 सप्ताह से निरंतर चल रहा यह अभियान जनसहयोग और सामाजिक जागरूकता का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम विशेष कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संस्था द्वारा संचालित 'रामगंगा स्वच्छता अभियान' के लगातार 201 सप्ताह सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नेचर नदी के संरक्षण, स्वच्छता और प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई।इस अवसर पर रामगंगा स्वच्छता अभियान में लगातार 201 सप्ताह से सक्रिय योगदान देने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान का समापन रामगंगा स्वच्छता अभियान के 200 सप्ताह पर आधारित पुस्तक के विमोचन, गंगा शपथ ग्रहण तथा हस्ताक्षर अभियान के साथ हुआ। इस दौरान संस्था के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# भाजपा की आत्मनिर्भर मंडल बैठक संपन्न, बूथों को मजबूत बनाने पर जोर

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी ठाकुरद्वारा नगर मंडल की आत्मनिर्भर मंडल बैठक का आयोजन ग्राम राम.ूवाला गणेश स्थित पंचायत घर में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री काशीश चौहान ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष, पदाधिकारी और कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं तथा बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाकर ही चुनावी सफलता प्राप्त की जा सकती है। काशीश चौहान ने कहा कि इस प्रकार की बैठकों से कार्यकर्ताओं के बीच संवाद स्थापित होता है और संगठनात्मक मजबूती बढ़ती है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रत्येक बूथ को सशक्त बनाने का आह्वान किया। साथ ही केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 10 जून को 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्साहपूर्वक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का भी आह्वान किया। बैठक के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने आगामी विधानसभा चुनाव में ठाकुरद्वारा विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारने की मांग रखी। इस पर जिला मंत्री काशीश चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव निर्धारित समय से पहले दिसंबर में भी संभावित हो सकते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभी से चुनावी मोड में आकर निष्ठा, मेहनत और लगन के साथ संगठन के लिए कार्य करने का आह्वान किया। बैठक के उपरांत सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों से लाए गए टिफिन के साथ सहभोज कार्यक्रम में सहभागिता की। बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि ने तथा संचालन दिनेश कुमार प्रजापति ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री डॉ. ओमपाल सैनी, जितेंद्र सिंह चौहान, मनोज चौहान, आशुतोष अग्रवाल, मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार, जयवीर सिंह चौहान, डॉ. उमेश कश्यप, ओम कुमार एडवोकेट, गौरव चौहान, पवन पुष्पद, उदयवीर सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपेश रानी चौहान, अशोक सैनी, इकराम कुरैशी, डॉ. आफताब हाशमी, धर्मेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह चौहान, शाहिद सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 58 शिकायतो को डीएम ने गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के दिए निर्देश



**कांठ (शाह टाइम्स)** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल की उपस्थिति में तहसील कांठ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 58 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि जनसुनवाई, तहसील दिवस एवं थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर उसका संतोषजनक समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि निस्तारित शिकायतों की गुणवत्ता की समीक्षा स्वयं उनके द्वारा 15 दिवस पश्चात की जाएगी। यदि किसी शिकायत का निस्तारण केवल औपचारिकता के रूप में पाया गया तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि समाधान दिवस में विशेष रूप से भूमि पैमाइश, सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति (हाइडिल) तथा राजस्व संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। सभी समस्याओं के शत-प्रतिशत समाधान हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या को सम्मानपूर्वक सुना जाए तथा उसका प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के निस्तारण में संवेदनशीलता, जवाबदेही एवं पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

समाधान दिवस में संबंधित विभागों के जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ट्रैफिक पुलिस ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश



**कांठ (शाह टाइम्स)** ट्रैफिक पुलिस के टीएसआई रामकुमार सिंह के नेतृत्व में पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देते हुए रेलवे फाटक के पास पौधारोपण कराया गया इस दौरान कांठ में तैनात ट्रैफिक पुलिस के उप निरीक्षक कांस्टेबल और अन्य ने भी पौधारोपण किया रामकुमार सिंह ने कहा कि पौधा रोपण करने के साथ-साथ उनकी देखभाल भी करना जरूरी है तभी हम पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बना सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सभी लोगों को अपने-अपने घरों के आसपास या सार्वजनिक स्थलों में कम से कम एक पौधा मां के नाम का रोपण करना चाहिए बताया कि आज के दौर में वातावरण प्रदूषित होता चला जा रहा है और वृक्ष प्रदूषण कम करने में अहम भूमिका अदा करते हैं इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करके उन्हें वृक्ष के रूप में परिवर्तित कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश भी देना चाहिए।

### टेनिस क्रिकेट मैच फाइनल में बीरपुर थान ने नगली को हराकर फाइनल जीता



**मूंढापाण्डे।** मुनीमपुर खेल मैदान पर प्रीमियम लीग सीजन 3 क्रिकेट के रोमांचक फाइनल मैच 15ओवरों का खेला गया। इस मुकाबले को देखने के लिए हजारों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी पहुंचे, जिससे पूरा मैदान खचाखच भर गया, फाइनल मुकाबला नदीम बीरपुर थान और नगली टाईगर की टीम के बीच हुआ, कप्तान साहिल की टीम नगली टाईगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 39 रनों पर सिमट गई, जवाब में उतरी बीरपुर थान की टीम से कप्तान नदीम ने बल्लेबाजी करते हुए 20रन बनाकर जबरदस्त खेल दिखाया, बीरपुर थान की टीम की और से विशाल ने पांच, आमिर ने तीन इरशाद ने दो विकेट लेकर टूर्नामेंट के फाइनल में नगली को आलआउट कर दिया , बीरपुर थान ने बल्लेबाजी करते हुए 39 रनों के लक्ष्य को 4 वें ओवर में ही हासिल कर फाइनल मैच जीत लिया, मूंढापांडे ब्लॉक प्रमुख डाक्टर नवदीप यादव ने फाइनल मैच जीतने वाली बीरपुर थान टीम के खिलाड़ी नदीम मोर्गन (कप्तान) आयान खां, आमिर, अमित, सलमान खां,इरशाद,राशिद,साजन,शिवा,विशाल याकूब चौधरी को मेडल और ट्रॉफी इनामी राशि देकर सम्मानित किया।

### प्लॉट बेचने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी, पीड़ित ने कार्रवाई की मांग

ठाकुरद्वारा। थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम फरीदनगर निवासी जमील ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर एक व्यक्ति पर प्लॉट बेचने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर धनराशि वापस दिलाने और आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र के रामूवाला गणेश स्थित लगभग 172 गज के प्लॉट को बेचने का प्रस्ताव दिया और भरोसा दिलाकर सौदा तय कर लिया। आरोप है कि प्लॉट की कीमत के रूप में पीड़ित से करीब तीन लाख रुपये विभिन्न माध्यमों से लिए गए, जिनमें नकद भुगतान के साथ बैंक खाते में आरटीजीएस के जरिए भी धनराशि भेजी गई। पीड़ित का कहना है कि वर्ष 2023 में विक्रय विलेख (बैनामा) कराने का आश्वासन दिया गया, लेकिन बाद में आरोपी ने टालमटोल शुरू कर दी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि बाद में आरोपी ने प्लॉट किसी अन्य व्यक्ति के नाम कर दिया और न तो जमीन का कब्जा दिया और न ही रुपये वापस किए। पीड़ित का यह भी आरोप है कि जब उसने अपनी रकम वापस मांगी तो आरा. पी ने अभद्र व्यवहार करते हुए धमकी दी और कहा कि वह उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। शिकायतकर्ता ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करने तथा उसकी जमा धनराशि वापस दिलाने की मांग की है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर एसएम डिग्री कॉलेज में हुआ पौधारोपण



**चन्दौसी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर के एस.एम. डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कॉलेज परिसर में शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव ने पौधारोपण कर किया। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत कॉलेज की संस्थापिका स्वर्गीय रानी रामकली की स्मृति में पौधा लगाया गया। उन्होंने कहा कि वृक्ष प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं और मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। पौधे हमें प्राणवायु प्रदान करने के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राचार्य ने उपस्थित लोगों से प्रतिबंधित पॉलीथीन का प्रयोग न करने तथा उसे न जलाने की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने विद्यार्थियों एवं नागरिकों से पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने और स्वच्छ एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर बड़े बाबू लोकेश अग्रवाल, अशोक पाराशरी, सुभाष वाल्मीकि सहित कॉलेज का स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया।

### संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचीं 58 शिकायतें, तीन का मौके पर निस्तारण

ठाकुरद्वारा। तहसील परिसर में शनिवार को उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में क्षेत्र के 58 फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को अधिकारियों के समक्ष रखा। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि अन्य शिकायतों को संबंधित विभागों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया। समाधान दिवस में भूमि विवाद, विद्युत बिल संशोधन, जर्जर विद्युत पोल और अन्य जनसमस्याओं से संबंधित प्रकरण प्रमुख रूप से सामने आए। ग्राम बढ़ापुर हाल निवासी श्यामपुर कॉलोनी निवासी एक शिकायतकर्ता ने खेत की मेड़ तोड़कर भूमि पर कब्जा करने तथा विरोध करने पर धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई।

वहीं ग्राम हसुपुरा निवासी कृष्णपाल ने विद्युत बिल में छूट दिलाने की मांग करते हुए अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपा। नगर पालिका परिषद की सभासद चंद्रकांता ने वार्ड संख्या-3 में लगे जर्जर विद्युत पोलों को बदलवाने की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि पोल काफी पुराने और क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे किसी भी समय दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी उमाशंकर मुदगल, कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार परमार, राजस्व विभाग के कर्मचारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने अधूरे सड़क निर्माण को कावड़ यात्रा से पहले पूरा करने के दिए निर्देश



**कांठ (शाह टाइम्स)** जिला अधिकारी ने तहसील समाधान दिवस के उपरांत कांठ से छजलैट के बीच अधूरे पड़े सड़क निर्माण का निरीक्षण किया और संबंधित विभाग को कावड़ यात्रा से पहले इस कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण के कार्य की प्रगति यातायात प्रबंधन अतिक्रमण की स्थिति एवं आमजन की सुविधा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया और कहा कि इन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान होना चाहिए। और कांवड़ यात्रा से पहले इस अधूरे सड़क चौड़ीकरण को पूरा कराकर कावड़ यात्रा संपन्न कराने का संपर्क भी लेना चाहिए।

## समाधान दिवस में वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति से फरियादी निराश

**ठाकुरद्वारा।** शनिवार को तहसील परिसर स्थित सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में अपनी समस्याओं और शिकायतों के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचे फरियादियों को उस समय निराशा हाथ लगी, जब जनपद मुख्यालय से कोई वरिष्ठ प्रशासनिक अथवा पुलिस अधिकारी कार्यक्रम में नहीं पहुंचा। शिकायतकर्ताओं ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखने की इच्छा जताई, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें अपेक्षित सुनवाई नहीं मिल सकी। कई फरियादी अपनी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण की उम्मीद लेकर आए थे, लेकिन निराश होकर वापस लौट गए। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल ने सोशल मीडिया के माध्यम से जारी बयान में कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण करना है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी से शिकायतों के समाधान में तेजी आती है और लोगों का प्रशासन पर विश्वास भी मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और सत्ताधारी दल के नेताओं को भी इस विषय में पहल करनी चाहिए, ताकि वरिष्ठ अधिकारी समाधान दिवस में नियमित रूप से उपस्थित होकर नागरिकों की समस्याएं सुनें और उनका समाधान सुनिश्चित करें। संजीव सिंघल का कहना है कि पिछले काफी समय से ठाकुरद्वारा में आयोजित होने वाले समाधान दिवसों में जनपद स्तर के वरिष्ठ अधिकारी नहीं पहुंच रहे हैं, जिसके कारण आम जनता को इसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने शासन और प्रशासन से इस मामले का संज्ञान लेने तथा समाधान दिवस की व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने की मांग की है। साथ ही कहा कि जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की नियमित उपस्थिति से फरियादियों की समस्याओं के समाधान में सकारात्मक सुधार आ सकता है।

## वर्धमार नदी के पुनरुद्धार कार्य का शुभारंभ डीएम-एसपी ने किया भूमिपूजन

**चन्दौसी/बबराला।** लंबे समय से उपेक्षा और अतिक्रमण का दंश झेल रही वर्धमार नदी को पुनर्जीवित करने की दिशा में शनिवार को महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। बबराला और यारा फर्टिलाइजर्स के बीच से गुजरने वाली नदी के पुनरुद्धार कार्य का जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की मौजूदगी में विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर पुनरुद्धार अभियान का शुभारंभ किया। वहीं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने फावड़ा चलाकर कार्य की शुरुआत कराई और अभियान को सफल बनाने का संदेश दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, एक समय वर्धमार नदी क्षेत्र की प्रमुख जलधाराओं में शामिल थी और इसमें गंगा का निर्मल जल प्रवाहित होता था। नदी न केवल सिंचाई और भूजल संरक्षण का महत्वपूर्ण स्रोत थी, बल्कि क्षेत्र के पर्यावरणीय संतुलन में भी इसकी अहम भूमिका थी।

लोगों का कहना था कि वर्धमार नदी का पुनर्जीवन क्षेत्र के पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## दहेज मे नकदी व कार की मांग को लेकर विवाहिता के 7 मारपीट कर घर से निकला

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर अपने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदनगर निवासी कविता पुत्री चन्द्रपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर मे कहा कि मेरा विवाह 18 मार्च 2025 में थाना काठँ क्षेत्र के गांव मिश्री बेगमपुर निवासी रोहित कुमार पुत्र नन्हे सिंह के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुआ था । शादी के वक्त पिता ने अपनी समर्थ से अधिक दान दहेजदिया था आरोप है कि ससुराल वाले शादी में मिले दहेज से खुश नहीं थे । कुछ दिन बाद ही अतिरिक्त नकदी तथा कार की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और कई बार घर से निकालने की धमकी भी दी गई।

पीड़िता का आरोप है कि हाल ही में ससुराल पक्ष के लोगों ने एकजुट होकर उसके साथ मारपीट की तथा कहा कि जब तक वह अपने मायके से कार और नकद रुपये नहीं लाएगी, तब तक उसे अपने साथ नहीं रखेंगे। शोर सुनकर आसपास के लोगों के पहुंचने पर उसकी जान बच सकी। महिला ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई करने तथा उसे न्याय और सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त होने पर मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# आठ जून से तीन जुलाई तक चलेगा 'नगर निगम आपके द्वार' अभियान, वार्डों में लगेगी जन चौपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में नगर आयुक्त श्री दिव्यांशु पटेल के नेतृत्व में नगर निगम मुरादाबाद द्वारा महानगर में 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत 'नगर निगम आपके द्वार' अभियान का आयोजन 08 जून 2026 से 03 जुलाई 2026 तक किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य नगर निगम की सेवाओं को सीधे आमजन तक पहुंचाना तथा नागरिकों की समस्याओं का उनके क्षेत्र में ही त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। नगर निगम द्वारा संचालित इस विशेष अभियान के तहत सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी संबंधित वार्डों में पहुंचकर नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर निस्तारण करेंगे। प्रत्येक वार्ड में संबंधित पार्षद की अध्यक्षता में जन चौपाल आयोजित की जाएगी, जहां स्वच्छता, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट, कर संबंधी समस्याएं, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, अतिक्रमण, पशु नियंत्रण तथा अन्य जनहित से जुड़े मामलों की सुनवाई एवं समाधान किया जाएगा। अभियान के दौरान महानगर की मलिन बस्तियों में भी विशेष जन चौपाल एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों की अध्यक्षता माननीय महापौर द्वारा की जाएगी, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक नगर निगम की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। नगर आयुक्त श्री दिव्यांशु पटेल द्वारा अभियान के सफल संचालन के लिए विस्तृत रोस्टर जारी कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन तीन वार्डों में जन चौपाल आयोजित होगी। इसके लिए विभागवार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारियां तय करते हुए वार्डवार ड्यूटी भी निर्धारित कर दी गई है। इसी क्रम में शनिवार को स्मार्ट सिटी मीटिंग हॉल में अपर नगर आयुक्त श्री अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की रूपरेखा, विभागीय दायित्वों एवं जन समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक को संबोधित करते हुए अपर नगर आयुक्त श्री अजीत कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन चौपालों में प्राप्त शिकायतों का अधिकतम संख्या में मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नागरिकों को नगर निगम की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान नगर निगम और नागरिकों के बीच संवाद एवं विश्वास को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के निर्देशानुसार सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक वार्ड में प्रभावी जनसुनवाई, स्वच्छता गतिविधियों तथा जनकल्याणकारी सेवाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम का लक्ष्य इस अभियान के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित मुरादाबाद के निर्माण को गति देना है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादी वृद्ध बेहोश होकर गिरा, मचा हड़कंप



**चन्दौसी।** तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब अपनी शिकायत लेकर पहुंचे एक वृद्ध फरियादी अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों और मीडियाकर्मियों ने तत्काल सहायता कर उन्हें संभाला, जिसके बाद कुछ देर में उन्हें होश आ गया। जानकारी के अनुसार, 70 वर्षीय मनवीर निवासी ग्राम आनंदपुर, थाना बहजोई अपनी जमीन पर कथित अवैध कब्जे की शिकायत लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे थे। उन्होंने पहले बाहरी विंडो पर अपनी प्रार्थना पत्र जमा किया और बाद में उपजिलाधिकारी को भी अपनी शिकायत सौंपी। शिकायत देने के बाद जैसे ही वह तहसील कार्यालय के मुख्य द्वार के पास पहुंचे, अचानक चक्कर आने से बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। काफी देर तक वृद्ध को जमीन पर पड़ा देख आसपास मौजूद लोग मौके पर दौड़ पड़े। उनके साथ आया 12 वर्षीय पोता भी घबरा गया और रोने लगा। मौके पर मौजूद लोगों एवं मीडियाकर्मियों ने वृद्ध को उठाकर उनके चेहरे पर पानी के छींटे मारे और ठंडी जगह पर लिटाया। करीब दस मिनट बाद उन्हें होश आया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। होश में आने पर मनवीर ने बताया कि उनका अपने पड़ोसी से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। वह अपनी शिकायत के समाधान के लिए तीन-चार बार संपूर्ण समाधान दिवस में आ चुके हैं, लेकिन अब तक समस्या का निस्तारण नहीं हुआ है। इसी उम्मीद में वह इस बार अपने 12 वर्षीय पोते को साथ लेकर फिर शिकायत करने आए थे। घटना के बाद तहसील परिसर में कुछ देर तक लोगों की भीड़ जुटी रही। वहीं फरियादियों ने शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## बाग विवाद में अधिवक्ता पर हमले का आरोप, नौ नामजद समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा

**कुंदरकी।** बाग की फसल और अतिक्रमण को लेकर चल रहे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। काजीपुरा निवासी अधिवक्ता रागिब अली खान ने नौ लोगों को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित के अनुसार चार जून को उन्होंने अपने बाग की फसल अवैध रूप से बेचे जाने और अतिक्रमण की शिकायत पुलिस से की थी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर ठेकेदार को विवादित पेड़ों की फसल न तोड़ने की हिदायत दी थी। आरोप है कि पुलिस के लौटने के बाद दिलशाद, जरजीस, जैद, तहब्बुर, शुएब, मो. निस, शारिक, शाहिद और वाहिद समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों, सरिया, रॉड और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। अधिवक्ता ने घटना को जानलेवा बताते हुए कार्रवाई की मांग की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विहिप-बजरंग दल के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में चल रहे शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन समारोह कृष्ण बाल विद्या मंदिर, मंगूपुरा के प्रांगण में संपन्न हुआ। सात दिवसीय वर्ग में 27 जिलों से पधारे 165 कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा प्रभु श्रीराम और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद मंच पर आसीन अतिथियों को पटका पहनाकर एवं हनुमान चित्र स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच पर बजरंग दल राष्ट्रीय संयोजक श्री किशन प्रजापति, मेरठ प्रांत संगठन मंत्री अरुण भाई साहब, प्रांत मंत्री राजकुमार डूंगर, प्रांत संयोजक निमेष जी व महानगर अध्यक्ष अमित गुप्ता उपस्थित रहे। इसके पश्चात वर्ग में मुख्य सहयोग करने वाले मेरठ प्रांत के बजरंग दल कार्यकर्ताओं को पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापति ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने एक सप्ताह तक घर-परिवार की सुख-सुविधाएं छोड़कर संगठन के लिए समय दिया। सात दिन के वर्ग में सभी ने देश के प्रति सम्मान, देश की रक्षा और सनातन धर्म की रक्षा का प्रण लिया। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश पर गर्व होना चाहिए। मुगल और अंग्रेजों ने देश को लूटा, कोहिनूर हीरा भी ले गए। भगवान राम और कृष्ण ने राक्षसों का वध किया, उसी प्रकार आज लव जिहाद, लैंड जिहाद, जिम जिहाद से बजरंगियों को देश की रक्षा का प्रण लेना चाहिए। महाराजा सुहेलदेव, राणा सांगा, महाराणा प्रताप, शिवाजी महाराज के पराक्रम को याद रखने की बात कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि कहीं भी कोई जिहाद हो रहा हो तो उसका विरोध कर उसे अंजाम तक पहुंचाना मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।पुनीत आर्य ने दिया सहयोग का आश्वासन कार्यक्रम अध्यक्ष पुनीत आर्य, फिनिक्सको इंटरनेशनल जनरल सेक्रेटरी व समाजसेवी ने कहा कि वह तन-मन-धन से विहिप बजरंग दल के साथ खड़े रहेंगे।कार्यक्रम में राजकमल गुप्ता, डॉ. शेफाली सिंह, महापौर प्रिया अग्रवाल, विभोर गुप्ता, आनंद मोहन गुप्ता, अनिल कठेरिया, डॉ. गौरव कश्यप सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# टीम इंडिया के आगे पस्त हुए अफगान गेंदबाज

## अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट के पहले दिन कप्तान गिल व केएल राहुल ने जड़े शतक

■ भारत ने पहले दिन तीन विकेट के नुकसान पर 368 रन पर विशाल स्कोर बनाया

**मुल्लांपुर, वार्ता।** कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 103 ) और केएल राहुल (100) के शानदार शतकों की बदौलत भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के पहले दिन शनिवार को 85 ओवर में तीन विकेट पर 368 रन का विशाल स्कोर बना लिया। शुभमन गिल ने अच्छा टॉस जीता और टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने बेहतरीन बल्लेबाजी कर परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाया। और जमकर रन बटोरे।

टेस्ट में बड़ा सवाल यह था कि क्या वे लंबे और कठिन टी20 सीजन के बाद रेड-बॉल क्रिकेट की मांगों के लिए जल्दी से खुद को ढाल पाएंगे, और इसका जवाब जोरदार हां था। यशस्वी जयसवाल (24) को छोड़कर हर




बल्लेबाज ने अहम योगदान दिया। केएल राहुल और गिल ने शानदार शतकों के साथ नेतृत्व किया, जबकि साई सुदर्शन (81) और ऋषभ पंत (नाबाद 50) ने अच्छी तरह से संकलित अर्द्धशतक बनाए। कुछ शतकीय साझेदारियां भी हुईं, जिससे भारत को 368 रन पर मजबूत स्थिति में दिन खत्म करने में मदद मिली। आज का दिन गिल और राहुल के नाम रहा।

गिल ने 143 गेंदों की नाबाद शतकीय पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया। राहुल ने 185 गेंदों पर शतक में 11 चौके लगाए। साथ ही सुदर्शन और पंत ने भी अच्छी पारी खेली। सुदर्शन ने 104 गेंदों पर 81 रन में 13 चौके लगाए जबकि पंत ने 70 गेंदों पर नाबाद 50 रन में दो चौके और तीन छक्के लगाए। हालांकि अफगानिस्तान ने कई कैच छोड़े। पहले राहुल के खिलाफ आसान रिव्यू नहीं लिया गया। फिर सुदर्शन का कैच टपकाया गया और उसके बाद पंत का भी कैच छोड़ा गया। टेस्ट कप्तान के तौर पर गिल का शानदार प्रदर्शन जारी है। अब कल भारत कोशिश करेगा कि एक ऐसे स्कोर तक पहुंचे, जहां से उन्हें फिर बल्लेबाजी न करनी पड़े। अफगानिस्तान ने कठिन परिस्थितियों में कड़ी मेहनत की। मौसम बेहद गर्म था और उनके गेंदबाजों, विश. ाकर तेज गेंदबाजों ने पहले दो सत्रों के दौरान जोरदार प्रयास किया। हालांकि, अंतिम सत्र में उनका उत्साह खत्म होता दिखाई दिया, जो शायद बताता है कि उन्होंने दूसरी नई गेंद नहीं लेने का फैसला क्यों किया। वह विकल्प कल सुबह उपलब्ध रहेगा जब गेंदबाज तरोता. जा होंगे और परिस्थितियां अधिक अनुकूल हो सकती हैं। आज दुसरे दिन भी उम्मीद जताई जा रही है कि विकेट अच्छा खेलेंगी और पिच से खूब रन निकलेंगे।

### सवांगकेव को हराकर एला बर्मिंघम ओपन के सेमीफाइनल में

**बर्मिंघम, वार्ता।** फिलीपींस की स्टार टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंड्रा एला ने थाईलैंड की मनानचाया सवांगकेव को हराकर 2026 बर्मिंघम ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। शुक्रवार को खेले गए महिला एकल के क्वार्टरफाइनल मुक. ाबले में एला ने सवांगकेव को 6-3, 6-2 से टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दुनिया की नंबर 37 खिलाड़ी पहले सेट में पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करते हुए 48 मिनट में सेट जीत लिया। दूसरे सेट में, एला ने ब्रेक लेकर 4-2 की बढ़त बनाई और फिर दो और गेम जीतकर सेट और मैच को 6-2 से अपने नाम किया। अब दोनों खिलाड़ियों के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 1-1 का हो गया है। सवांगकेव ने 2024 ताकासाकी ओपन के क्वार्टर-फाइनल में हुए तीन सेट के मुकाबले में एला को हराया था। मैच के बाद एला ने कहा, मैंने मैच का अंत बहुत अच्छे एहसास के साथ किया।

# प्रज्ञानंद ने आखिरी राउंड में नॉर्वे चेस 2026 का खिताब जीता



■ भारतीय ग्रैंडमास्टर ने जर्मनी के विसेंट कीमर को क्लासिकल प्रारूप में हराकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की
■ महिला वर्ग में असाउबाएवा ने नॉर्वे शतरंज का खिताब जीता, आखिरी राउंड में तीन निर्णायक क्लासिकल गेम हुए

**ओस्लो (नॉर्वे), वार्ता।** भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने आखिरी राउंड में जीत हासिल कर नॉर्वे शतरंज 2026 का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने अंतिम और 10वें राउंड में जर्मनी के विसेंट कीमर को क्लासिकल प्रारूप में हराकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

इस राउंड में वेस्ली सो से आधे अंक पीछे रहने के बावजूद, प्रज्ञानंद को पता था कि जीत उन्हें लीडर से आगे निकलने की मजबूत स्थिति में पहुंचा देगी। शुक्रवार को सफेद मोहरों के साथ विसेंट कीमर का सामना करते हुए, भारतीय ग्रैंडमास्टर ने मौके का पूरा फायदा उठाया और एक अहम जीत हासिल की। पूरे 3 अंक मिलने से प्रज्ञानंद के कुल 18 अंक हो गए और उन्होंने पहला स्थान पक्का कर लिया। इस जीत के साथ इस टूर्नामेंट को जीतने वाले प्रग्गनानंदा पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। वेस्ली सो, जो आखिरी दिन से पहले टूर्नामेंट में आगे चल रहे थे, ने अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ अपना क्लासिकल गेम बराबरी (ड्रॉ) पर खत्म किया। बाद में सो ने आर्मागेडन गेम जीता और अतिरिक्त अंक हासिल किए। ओस्लो में शानदार टूर्नामेंट के बाद फिरोजा तीसरे स्थान पर रहे। दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और वर्ल्ड चैंपियन गुकेश डोम्माराजू के बीच हुआ मुकाबला कार्लसन की क्लासिकल जीत के साथ खत्म हुआ। नॉर्वेजियन स्टार ने लंबे संघर्ष के बाद जीत हासिल की और टूर्नामेंट का समापन जीत के साथ किया। 10वें राउंड के बाद, प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने 18 अंकों के साथ नॉर्वे चेस 2026 का खिताब जीता। वेस्ली सो 17 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

### मोदी ने नॉर्वे शतरंज का खिताब जीतने पर ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद को बधाई दी



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नॉर्वे शतरंज 2026 का खिताब जीतने के लिए भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद रमेशबाबू को बधाई दी है। श्री मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रज्ञानंद को बधाई देते हुए कहा है कि यह वास्तव में एक अद्भुत उपलब्धि है जो उनके लगातार बेहतरीन प्रदर्शन को दिखाती है। श्री मोदी ने भविय के प्रयासों के लिए भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस शानदार उपलब्धि के लिए प्रज्ञानानंद को बधाई! यह वाकई एक अद्भुत उपलब्धि है जो उनके लगातार बेहतरीन प्रदर्शन को दिखाती है। उनके भविय के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। उल्लेखनीय है कि प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने आखिरी दौर में जीत हासिल कर नॉर्वे शतरंज 2026 का खिताब अपने नाम किया।

### प्रज्ञानंद के नॉर्वे चेस जीतने वाले पहले भारतीय बनने पर पूरे देश को गर्व है: गौतम अडानी



**अहमदाबाद, वार्ता।** अडानी स्पोर्ट्सलाइन ने शनिवार को ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद आर को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट 2026 का खिताब जीतने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूरे देश को उनके इस प्रतिठित टॉफी जीतने वाले पहले भारतीय बनने पर गर्व है। 20 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद ने दुनिया नंबर वन मैग्नस कार्लसन, मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश डी, अलीरेजा फिरोजा, वेस्ली सो और विसेंट कीमर जैसे खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए नॉर्वे शतरंज का खिताब जीता। इस दौरान, उन्होंने कार्लसन को दो बार हराया और गुकेश के खिलाफ एक अहम क्लासिकल जीत दर्ज की।

### खेल विशेष

### मैत्री मुकाबले में तजाकिस्तान ने भारत को 3-1 से हराया

**तुर्सुनजोदा, वार्ता।** भारतीय फुटबॉल टीम को शुक्रवार को खेले गए मैत्री मुकाबले में ताजिकिस्तान से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। यह जून के फीफा अंतर्राष्ट्रीय विडो के दौरान होने वाले दो 2026 अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल फेंडली मैचों में से पहला मैच था। शेरिद्दीन बोबोएव ने (नौंवे), मेहरूबोन करीमोव ने (62वें) और एहसोनी पन्शानबे ने (68वें) मिनट में मेजबान टीम के लिए गोल किए। जबकि फारुख चौधरी ने (89वें) मिनट में डायरेक्ट फ्री-किक से गोल करके भारत को सांत्वना गोल दिलाया। लंदन में यूनिटी कप में जमैका और जिम्बाब्वे से हारने के बाद भारत की यह लगातार तीसरी हार थी। खालिद जमील की कोचिग वाली भारतीय टीम लंदन से सीधे तजाकिस्तान पहुंची थी। ताजा फीफा फुटबॉल रैंकिंग में 137वें स्थान पर मौजूद भारत ने शुरुआत में ही दुनिया की 103वें नंबर की टीम तजाकिस्तान पर दबाव बनाने का प्रयास किया।

### कोलाज स्पोर्ट्स क्लब की ईस्ट दिल्ली राइडर्स पर 10 रन की रोमांचक जीत

**नई दिल्ली, वार्ता।** कोलाज स्पोर्ट्स क्लब ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए प्रतिठित 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजीकृत) के ग्रुप ए लीग मुकाबले में ईस्ट दिल्ली राइडर्स को शनिवार को 10 रन से रोमांचक शिकस्त दी। टॉस जीतकर ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलाज स्पोर्ट्स क्लब ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 238 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से दीपक पुनिया ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए मात्र 29 गेंदों में नाबाद 64 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 7 छक्के शामिल रहे।

### सानिका के शानदार अर्धशतक से आकाश टाइगर्स को मिली पहली जीत

**मुंबई, वार्ता।** आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबअर्ब्स ने सानिका चालके के शानदार अर्धशतक की मदद से शनिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ठाणे स्काई राइजर्स पर सात विकेट की आसान जीत के साथ उद्घाटन नुवामा प्राइवेट टी20 मुंबई महिला लीग में अपनी पहली जीत दर्ज की। 157 रनों का पीछा करते हुए, टाइगर्स ने सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए चार गेंद शो रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। सानिका ने 36 गेंदों में 68 रनों की शानदार पारी खेलकर शुरुआत से ही लक्ष्य निर्धारित कर दिया। उन्होंने हुमैरा काजी (18) के साथ केवल 7.2 ओवर में 69 रन की महत्वपूर्ण शुरुआती साझेदारी की। जबकि काजी ने सहायक भूमिका निभाई, सानिका ने गेंदबाजों पर आक्रमण करते हुए 10 चौके और दो छक्के लगाए।

# चोटिल कोहली की जगह यशस्वी जायसवाल भारतीय वनडे टीम में

■ विराट जुलाई के मध्य में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में खेल पाएंगे, चेनकर्ता अजीत अगरकर ने जताई उम्मीद

**मुंबई, वार्ता।** हाल ही में सम्पन्न हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान मांसपे. शियों में खिचांव के कारण विराट कोहली को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर कर दिया गया है। 13 जून से शुरू होने वाली इस सीरीज के लिए कोहली की जगह यशस्वी जायसवाल को टीम में शामिल किया गया है।

मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने आगामी टी-20 मैचों के लिए भारतीय टीम की घोषणा करते हुए इस बात की पुटि की।




उन्होंने ने कहा कि उम्मीद है कि कोहली जुलाई के मध्य में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में खेल पाएंगे। अगरकर ने कहा, विराट को (आईपीएल) फाइनल में चोट लगे हुए अभी एक हफ्ता भी नहीं हुआ है। हमें अभी ठीक-ठीक समय का पता नहीं है। लेकिन ऐसा लगता है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए फिट हो सकते हैं। यह कोई पक्का जवाब नहीं है, इसलिए इसे मेरी बात न मान लें। मुझे अभी फिजियो से कोई स्पट समय-सीमा नहीं मिली है। आईपीएल में कोहली जबरदस्त फॉर्म में थे। उन्होंने 165-85 के स्ट्राइक रेट से 675 रन बनाए, जो आईपीएल में उनके अब तक के सबसे अच्छे प्रदर्शनों में से एक है और आरसीबी को अपना आईपीएल खिताब बचाने में मदद की। जायसवाल, जो भारत के लिए 50 ओवर के फॉर्मेट में रेग. ुलर खिलाड़ी नहीं हैं, ने छह महीने पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने पिछले वनडे मैच में शुभमन गिल की गैर-मौजूदगी में नाबाद शतक लगाया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि हार्दिक पांड्या और रोहित शर्मा के वनडे सीरीज में हिस्सा लेने से पहले उनकी फिटनेस मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है। सैकिया ने पुटि की।

# मनीषा भानवाला व नेहा सांगवान ने जीते स्वर्ण पदक उलानबतोर

■ जगरेब ओपन में मिली कामयाबी के बाद, रैंकिंग सीरीज में यह उनका इस साल का दूसरा स्वर्ण पदक है

**(मंगोलिया), वार्ता।** एशियन गेम्स के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय पहलवान मनीाा भानवाला और नेहा सांग. वान ने उलानबतोर ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में क्रमशः महिला 57 किलोग्राम और 59 किलोग्राम फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। 62 किलोग्राम वर्ग की पूर्व एशियाई चैंपियन मनीाा भानवाला ने शुक्रवार को 57 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में दक्षिण कोरिया की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता सोन इल-सिम को पिनफॉल से हराया।

मनीषा भानवाला ने फाइनल मुकाबले में सोन इल-सिम को महज 4 मिनट के भीतर पिन करके जीत दर्ज की।

जगरेब ओपन में मिली कामयाबी के बाद, रैंकिंग सीरीज में यह उनका इस साल का दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले सेमीफाइनल में भारतीय पहलवान ने तुर्की की एल्विरा सुलेमान कमालोग्लू को हराया था। वहीं, नेहा सांगवान ने 59 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में उत्तर कोरिया की प्योल हांग को 5-3 से हराकर उलानबातर ओपन में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। भारतीय पहलवान ने पिछले साल मंगो. लिया में 57 किलोग्राम वर्ग जीता था। पूर्व अंडर-17 विश्व चैंपियन नेहा ने पांच मुकाबले जीतकर इस साल अपना दूसरा रैंकिंग सीरीज पदक जीता। उन्होंने फरवरी में मुहम्मेट मेलो में रजत पदक जीता था। इस बीच, नीलम को 50 किलोग्राम वर्ग में कजाकिस्तान की मारल तंगिरबेर्गेनोवा के खिलाफ तकनीकी श्रेठता के आधार पर 10-0 से हराकर कांस्य पदक से संतोा करना पड़ा। इससे पहले सेमीफाइनल में उन्हें पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की अंकी बाओ से हार का सामना करना पड़ा था। महिलाओं के 53 किलोग्राम वर्ग में मीनाक्षी गोयत स्थानीय पहलवान त्सोग्ट-ओी. चरिन नामुंटसेत्सेग से रेपेचेज राउंड में हारकर पोडियम से बाहर हो गईं। हर्ीता 72 किलोग्राम वर्ग में पदक जीतने में असफल रहीं। भारतीय ग्रीको-रोमन पहलवानों ने भी अपने पदकों की संख्या में बढ़त बनाई। साहिल ने 60 किला. ेग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता, जबकि उनके हमवतन सुमित दलाल ने इसी महीने एशियाई खेलों के ट्रायल जीते थे। वह चोट की वजह से कांस्य पदक मुक. ाबले से पीछे हट गए।

# भारतीय टीम ने जीता महिला अंडर-18 एशिया कप का कांस्य पदक

**(जापान), वार्ता।** भारतीय अंडर 18 महिला हॉकी टीम ने शनिवार को तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में कोरिया पर 3-0 की शानदार जीत के साथ महिला अंडर-18 एशिया कप में कांस्य पदक अपने नाम किया। संदीप कुमारी ने (दूसरे), कप्तान स्वीटी कुजूर (16वें) और नौशीन नाज ने (33वें) मिनट में गोल किए और भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर अपनी जगह पक्की की।

सेमीफाइनल में चीन से शूटआउट में मिली करीबी हार के बाद वापसी करने के इरादे से उतरी भारतीय टीम ने शानदार शुरुआत की और शुरुआती दो मिनटों में ही बढ़त बना ली। संदीप कुमारी दूसरे मिनट में गोलकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई, जिससे मैच का माहौल भारत के पक्ष में बन गया। भारत ने गेंद पर अपना कब्जा बनाए रखा और अटैकिंग सर्कल में लगातार मौके बनाए। उनकी मेहनत 16वें मिनट में रंग लाई, जब कप्तान स्वीटी कुजूर ने (16वें) मिनट में मैदानी गोल करके भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया और टीम दूसरे क्वार्टर में बेहतर स्थिति में पहुंची। दो गोल की आरामदायक बढ़त के साथ, भारत ने ब्रेक के बाद भी खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और 33वें मिनट में अपनी बढ़त को और बढ़ा दिया। टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर नौशीन नाज ने (33वें) मिनट में शानदार मैदानी गोल करके अपना नाम स्कोरशीट में दर्ज कराया।

# एशियाई खेलों में होगी बुमराह की वापसी

## उससे पहले वह भारतीय टीम के साथ आयरलैंड और इंग्लैंड नहीं जाएंगे

**मुंबई, वार्ता।** इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ होने वाली टी 20 सीरीज के अलावा श्रेयस अय्यर एशियन गेम्स में भी भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। आईपीएल 2026 के बाद यह पहली बार होगा जब जसप्रीत बुम. राह टीम के साथ जुड़ेंगे। उससे पहले वह भारतीय टीम के साथ आयरलैंड और इंग्लैंड नहीं जाएंगे। इस टूर्नामेंट में भी तिलक वर्मा को उपकप्तान बनाया गया है और वैभव सूर्यवंशी को टीम में शामिल किया गया है।

जापान के आइची प्रीफेक्चर में 2026 एशियन गेम्स 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक आयोजित होंगे। इसका कार्यक्रम वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की तीन मैचों की वनडे सीरीज से





टकरा रहा है, जो 27 सितम्बर से 3 अक्टूबर के बीच खेली जाएगी। इसके बाद 6 अक्टूबर से पांच टी20 मैचों की सीरीज होगी। एशियन गेम्स की पुरु क्रिकेट प्रतियोगिता टी20 फॉर्मेट में खेली जाएगी और 24 सितम्बर से शुरू होगी। फाइनल 3 अक्टूबर को खेला जाएगा। स्वर्ण पदक के लिए भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान, जापान, नेपाल, मलेशिया, हांगकांग और ओमान समेत 10 टीमें मुकाबला करेंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 24 से 26 सितम्बर के बीच क्वालिफायर मुकाबलों से होगी। इसके बाद 28 और 29 सितम्बर को क्वार्टर फाइनल खेले जाएंगे। सेमीफाइनल एक अक्टूबर को होंगे, जबकि कांस्य और स्वर्ण पदक के मुकाबले 3 अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे। भारत ने अक्टूबर 2023 में चीन के हांगझोउ में हुए पिछले एशियन गेम में पुरु वर्ग का स्वर्ण पदक जीता था। अफगानिस्तान के खिलाफ फाइनल 18-2 ओवर के बाद बारिश की वजह से रद्द हो गया था, जिसके बाद उच्च वरीयता प्राप्त टीम होने के कारण भारत को विजेता घोित किया गया था। 2026 एशियन गेम्स की महिला क्रिकेट प्रतियोगिता 17 से 22 सितम्बर के बीच खेली जाएगी। स्वर्ण पदक के लिए बंगलादेश , भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, जापान, थाईलैंड, मलेशिया और चीन की टीमें चुनौती पेश करेंगी। भारत ने 2023 एशियन गेम्स में महिला क्रिकेट का भी स्वर्ण पदक जीता था। टीम ने फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से हराया था। एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिोक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन, इशान किशन, शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उपकप्तान), नीतीश रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिगटन सुंदर, वरूण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह।

## पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में आठ बिखरे परिवारों का हुआ पुनर्मिलन

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में संचालित पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक शनिवार को पुलिस लाइन बहजोई में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत ने की, जबकि थानाध्यक्ष डॉ. रूकमपाल सिंह भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत ने स्वयं उपस्थित रहकर दो जटिल मामलों की सुनवाई की। इनमें कई वर्षों से अलग रह रहे दंपतियों एवं उनके परिवारों को समझाइश देकर सुलह-समझौते के आधार पर पुन: एक साथ रहने के लिए राजी कराया गया। परिवार परामर्श केंद्र में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से बातचीत और समझौते के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया गया। काउंसलिंग के दौरान कुल 104 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई, जिनमें से 28 का निस्तारण किया गया। बैठक में आपसी सहमति और समझौते के आधार पर आठ परिवारों का पुनर्मिलन कराया गया। वहीं पांच मामलों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। इसके अलावा 15 पत्रावलियां आवेदक अथवा आवेदिका के उपस्थित न होने या मामले में रुचि न दिखाने के कारण बंद कर दी गईं।

इस अवसर पर काउंसलर लवमोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, पूनम अरोड़ा, कंचन माहेश्वरी, श्वेता गुप्ता, बबिता शर्मा और सीमा आर्य सहित कांस्टेबल शहजाद मलिक, महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलौत, महिला आरक्षी ज्योति तथा विनीता मौजूद रहीं। अधिकारियों ने कहा कि परिवार परामर्श केंद्र का उद्देश्य आपसी संवाद के माध्यम से पारिवारिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान कर परिवारों को टूटने से बचाना है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर न्यायालय परिसर में हुआ वृक्षारोपण

**चन्दौसी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सम्भल द्वारा न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष डॉ. विदुषी सिंह ने पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर डॉ. विदुषी सिंह ने पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण



बढ़ाने तथा भावी पीढिघ्यों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का संदेश दिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रत्येक नागरिक की निरंतर जिम्मेदारी है। वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ मानव जीवन के लिए प्राणवायु, छाया और प्राकृतिक संसाधनों के महत्वपूर्ण स्रोत हैं। इसलिए वृक्षारोपण के साथ-साथ उनका संरक्षण भी आवश्यक है। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रागिनी, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट अवधेश कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीपक कुमार जायसवाल, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सहित न्यायालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चन्दौसी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचीं 75 शिकायतें, सात का मौके पर निस्तारण

**चन्दौसी।** तहसील चंदौसी में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से सात मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। राजस्व विभाग में कुल 22 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से चार का निस्तारण किया गया। पुलिस विभाग से 12 शिकायतें आईं, जिनमें से एक का निस्तारण हुआ। चकबंदी विभाग से आठ शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक मामले का निस्तारण किया गया। विकास विभाग से 10, खाद्य एवं रसद विभाग से पांच और समाज कल्याण विभाग से दो शिकायतें प्राप्त हुईं, लेकिन इन विभागों में किसी भी मामले का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका।इसके अलावा अन्य श्रेणी में 16 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से एक शिकायत का निस्तारण किया गया। शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग से कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल चालक को रोकने गया दामाद बोनट पर लटका

**चन्दौसी।** मुरादाबाद रोड पर अकरौली चौराहे के पास शुक्रवार शाम एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भागने लगा। आरोप है कि उसे रोकने का प्रयास करने



वाले घायल के दामाद को चालक ने कार के बोनट पर लटका लिया और करीब 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार, चन्दौसी कोतवाली क्षेत्र के विकास नगर निवासी द्विजेंद्र कुमार शुक्रवार शाम मुरादाबाद से बाइक द्वारा लौट रहे थे। बनियाठेर थाना क्षेत्र स्थित अकरौली चौराहे के पास वह अपने दामाद श्यामेंद्र के घर जाने के लिए रुके थे। इसी दौरान पीछे से आई एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में द्विजेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मौके पर मौजूद श्यामेंद्र ने कार चालक को रोकने का प्रयास किया और वाहन के सामने खड़े हो गए। आरोप है कि चालक ने कार रोकने के बजाय उसकी रफ्तार बढ़ा दी, जिससे श्यामेंद्र कार के बोनट पर आ गिरे। इसके बाद भी चालक वाहन दौड़ाता रहा और युवक को करीब 100 मीटर तक घसीटता ले गया। सौभाग्य से श्यामेंद्र को गंभीर चोट नहीं आई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने कार का पीछा करते हुए बदायूं चुंगी के पास घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया। इसके बाद कार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया गया। उधर, घायल द्विजेंद्र कुमार को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना बनियाठेर प्रभारी बोी. बंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस-2026: दूसरे दिन स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**चन्दौसी।** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के दूसरे दिन नगरपालिका परिषद चन्दौसी द्वारा अधिशासी अधिकारी सत्यप्रकाश के नेतृत्व एवं आईटीसी एमएसके के तत्वावधान में वार्ड संख्या 24 लक्ष्मणगंज में स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पार्षदों, गणमान्य व्यक्तियों एवं स्थानीय नागरिकों को "सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2026" के अंतर्गत चार बिन आधारित कचरा पृथक्करण (सेग्रिगेशन) की जानकारी दी गई। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम)-2.0 के विभिन्न घटकों जैसे विजिबल क्लीननेस, सोर्स सेग्रिगेशन, पिट कंपोस्टिंग प्वाइंट, घरेलू हानिकारक अपशिष्ट प्रबंधन, स्वास्थ्यकर अपशिष्ट कलेक्शन प्वाइंट, आरआरआर सेंटर, एमआरएफ सेंटर तथा लिगेसी वेस्ट रेमेडिएशन के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। इस अवसर पर 'स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति' के सदस्य, जनप्रतिनिधि, पालिका के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ सपा का प्रदर्शन, सड़क पर उतरे सैकड़ों कार्यकर्ता

शाह टाइम्स ब्यूरो



**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी ने महंगाई, बेरोजगारी, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों तथा पेपर लीक की घटनाओं को लेकर शनिवार को बिलारी तहसील क्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन किया। सपा नेता राजेश यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबा. जी की।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में विभिन्न स्लोगन लिखे बैनर और तख्तियां लेकर मार्च निकाला। "अबकी बार अखिलेश सरकार" और "भाजपा तेरे राज में, कटोरा आ गया हाथ में" जैसे नारों के साथ सपाइयों ने सरकार की नीतियों का विरोध किया। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गर्म रहा और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। सपा नेता राजेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में युवाओं के सामने रोजगार का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार रोजगार उपलब्ध कराने में विफल साबित हुई है, जिससे पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक से छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं में निराशा बढ़ रही है।राजेश यादव ने कहा कि बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार की नीतियों से परेशान है और बदलाव चाहती है। प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबा. जी की और कहा कि वर्ष 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जनता अब सब समझ चुकी है और आने वाले चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश को नई दिशा देने का काम करेगी।

## दादा लाही जमीन पर रात के अंधेरे में दबंगी के बल पर कर रहे निर्माण

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव धीगरपुर में दादा लाही जमीन पर रात के अंधेरे में जमीन पर कर रहे अवैध निर्माण को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई थी बताते चलें कि रहीसन पत्नी शाहिद अली ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र मैं बताया कि मेरे देवर जेठ व मेरे पति की जमीन गाटा संख्या 1206, 1207 मैं हमारे नाम है जो की दादा इ लाही से चली आ रही है जिसमें गांव के ही कुछ लोग रात के अंधेरे में जबरदस्ती अवैध रूप से निर्माण कर रही थी इसकी सूचना जब मेरे पति शाहिद अली आसिया बेगम अवैध निर्माण रोकने को मना किया तो अवैध निर्माण कर रहे लोगों ने हमारे साथ मारपीट की व मेरी देव. रानी के कपड़े भी फाड़े। जमीन हड़पने का प्रयास किया था जो की नाकाम रहा, जिसमें आज फिर रात के अंधेरे में अवैध निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा था, फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों के एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया है।

## नशा मुक्ति के लिए रविवार को बिश्नोई आश्रम में लगेगा कैंप

**कांठ ( शाह टाइम्स )** नशा मुक्ति के लिए बिश्नोई आश्रम में रविवार 7 जून को एक कैंप का आयोजन किया जाएगा उक्त जानकारी गोरखनाथ सनातन संघ परिवार यतीश कुमार ठाकुर द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि आज काफी लोग नशे की गिरफ्त में आ गए हैं और नशा मुक्ति केंद्रों में पैसा खर्च करके भी नशे की पकड़ से आजाद नहीं हो पा रहे हैं। इसलिए उन्हें रविवार को यह दवाई मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी इस दौरान राहगीरो के लिए शरबत का वितरण भी होगा उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज के जन्म दिवस के उपलक्ष में यह शिविर संचालित होगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से इस पावन अवसर पर आकर लाभ उठाए जाने का आह्वान भी किया।

# सहसपुरी में 'खेती बचाओ अभियान' के तहत किसानों को दी फसल सुरक्षा की जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** कृषि विज्ञान केंद्र ठाकुरद्वारा के तत्वावधान में ब्लॉक डीलारी के ग्राम सहसपुरी में 'खेती बचाओ अभियान' के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन केवीके के पादप सुरक्षा वैज्ञानिक दीपक कुमार ने किया। वैज्ञानिक दीपक कुमार ने किसानों को फसलों में लगने वाले प्रमुख रोगों व कीटों की पहचान, समेकित कीट प्रबंधन आईपीएम तथा जैविक व रासायनिक उपायों के संतुलित उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, "फसल की सुरक्षा समय पर करें ख़ सही दवा, सही मात्रा और सही समय पर छिड़काव ही किसान की असली पूँजी है।"उन्होंने बताया कि वर्तमान मौसम में खरीफ फसलों में दीमक, तना छेदक तथा पत्ती धब्बा रोग का प्रकोप बढ़ रहा है। इनसे बचाव के लिए बीज शोधन, नीम आधारित कीटनाशकों के उपयोग और फसल चक्र अपनाने की सलाह दी।



किसानों की मिट्टी स्वास्थ्य को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने खेतों में आ रही समस्याएं साझा कीं। वैज्ञानिक ने उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान प्रस्तुत किया और फसल बचाव के व्यावहारिक तरीके समझाए। कृषि विभाग से प्राविधिक सहायक ब्रह्म सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किसानों ने 'खेती बचाओ अभियान' की सराहना की और इसे किसानों के लिए लाभकारी बताया। कार्यक्रम में क्षेत्र के महिपाल, सतेंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, चेतराम, कैलाशो देवी, अशरफी देवी सहित लगभग 30 प्रगतिशील किसानों व महिला कृषकों ने भाग लिया।कृषि विज्ञान केंद्र ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जाएंगे ताकि किसान वैज्ञानिक तकनीक अपनाकर फसल का नुकसान कम कर सकें और उत्पादन बढ़ा सकें।

# भाकियू अराजनीतिक ने किसानों की समस्याओं को लेकर दिया धरना, डीएम ने दिलाया समाधान का भरोसा



**कांठ ( शाह टाइम्स )** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के नेता चौधरी महेंद्र सिंह रंधावा के नेतृत्व में आज कार्यकर्ता तहसील पहुंचे और वहां पर धरना शुरू कर दिया। किसान नेताओं का कहना था कि किसानों को इस समय खाद की जरूरत है लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है और मिलता भी है तो उसके लिए कई शर्त किसानों को पूरा करने में दिक्कत बनी हुई है। उनका कहना था की किसान कृषि कार्ड 5 साल के लिए बनाया जाता है लेकिन बैंक उन्हें हर साल नवीनीकरण करती है जिससे किसान को साल के साल पूरी रकम इकट्ठा करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है उन्होंने कहा कि बैंक केवल 1 वर्ष का ब्याज जमा करा कर ही किसान कार्ड का रिनुअल करें। दूसरी ओर किसानों को 7 प्रतिशत ब्याज किसान कार्ड पर ब्याज देना होता है लेकिन बाद में 3 प्रतिशत की छूट आती है और 4 प्रतिशत जमा करना पड़ता है। मगर छूट के आने में उसे काफी वक्त लगता है जिससे किसान को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है उन्होंने कहा कि बाद में छूट न देकर किसान से 4 प्रतिशत के हिसाब से ही रकम जमा कराई जानी चाहिए, आदि शिकायत किसान नेताओं ने उठाई जिस पर जिलाधिकारी ने शिकायतों के समाधान का भरोसा दिलाया और कहा कि वह किसानों के साथ है इस मौके पर काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दो दोषियों को 20-20 साल की सख्त कैद

**चन्दौसी।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने जुनावई थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को तमंचे की नोक पर बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के अति-जंघनीय और गंभीर मामले में सुनवाई पूरी करते हुए दोनों मुख्य दोषियों इंद्रपाल पुत्र महीपाल (निवासी ग्राम लावर) और विजयपाल पुत्र नेमचंद (निवासी ग्राम बंदरई) को पॉक्सो एक्ट की धारा-6 के तहत दोषी पाते हुए 20-20 वर्ष के कठोर कारावास और 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है; जबकि मामले की सह-आरोपी महिला विद्यावती पत्नी नेमचंद को न्यायालय ने साक्ष्यों व ठोस गवाहों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह खौफनाक वारदात 4 जून 2023 की रात करीब 8 बजे घटित हुई थी,

जब आरोपी विद्यावती पीडिता को शौच कराने के बहाने बहला-फुसलाकर अपने बाजरे के खेत में ले गई थी, जहां पहले से ही घातक हथियार के साथ घात लगाकर बैठे विजयपाल और उसके फुफेरे भाई इंद्रपाल ने नाबालिग को दबोच लिया और तमंचे के बल पर जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ बारी-बारी से दरिंदगी करते हुए सामूहिक दुष्कर्म किया। पुख्ता गवाहों व वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर दोनों दोषियों पर दोष सिद्ध कराकर उन्हें उनके अंजाम तक पहुँचाया।

# सूबे में बनेगी सपा की सरकार, सिखों को मिलेंगे हक-अधिकार: कुलदीप सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** सपा के राष्ट्रीय सचिव सरदार कुलदीप सिंह भुल्लर के नेतृत्व में सिख सामाजिक न्याय यात्रा शनिवार को मुरादाबाद पहुंची। इस यात्रा का उद्देश्य 2027 में सपा की सरकार बनाना और सिख समाज को उनके हक दिलाना है। भुल्लर ने सिख आयोग के गठन की मांग की और सिखों को राजनीतिक शक्ति पहचानने का आग्रह किया। सपा के राष्ट्रीय सचिव सरदार कुलदीप सिंह भुल्लर के नेतृत्व में सूबे में निकाली जा रही सिख सामाजिक न्याय यात्रा शनिवार को मुरादाबाद पहुंची। सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिँह यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद सिविल लाइन स्थित सपा कार्यालय में हुई मासिक बैठक में कुलदीप सिंह भुल्लर ने कहा कि पीडीए के दम पर 2027 में सूबे में सपा की सरकार बनेगी। इसमें सिख समाज अहम भूमिका निभाएगा। सपा की सरकार बनने पर प्रदेश में सिख समाज के लोगों हक और अधिकार मिलेंगे। कहा कि पंजाब के बाद उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक सिख निवास करते हैं। प्रदेश की 13 लोकसभा और विधानसभा की 50 से 60 सीटों पर उनका महत्वपूर्ण प्रभाव है, लेकिन उनकी राजनीतिक शक्ति नगण्य है। कहा कि विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर सिख समाज को




न्याय दिलाने के लिए यह यात्रा निकाली जा रही है। भुल्लर ने प्रदेश भर के सिखों से एकजुट होने और अपनी राजनीतिक ताकत को पहचानकर उसे हासिल करने का आग्रह किया। सिख समाज के लिए अलग से विश्वविद्यालय अथवा बड़ा शैक्षिक संस्थान स्थापित कराया जाए। जहां पर 70 सालों से समाज के लोग जमीन पर काबिज है, उन्हें 50 साल को आधार मानते हुए मालिकाना हक दिया जाए। मासिक बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने कहा भाजपा ने देश का स्वर्ण-मान बेच दिया है। देश की जनता को समझ में आया कि भाजपा सरकार सोना खरीदने से मना क्यों कर रही थी क्योंकि अगर सोना जनता के पास चला जाता तो ये बेचते कैसे। जनता को समझ में आ गया है कि भाजपाई भ्रष्टाचार ने देश की अर्थव्यवस्था को पूरी तरह खोखला कर दिया है। मासिक बैठक मे जिलाध्यक्ष जयवीर सिँह यादव, पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रिजवान, जिला महासचिव फुरकान अली, अतहर हुसैन अंसारी, मौ उस्मान एडवोकेट, दिलप्रीत सिँह, परमजीत सिँह भुल्लर, अमरजीत सिँह, कश्मीर सिँह धर्मेन्द्र यादव, तालिब अंसारी, लाखन सिँह सैनी, धीरज पाल सिँह, जहानउल्ला खान, नौशाद पाशा, आदित्य चौधरी, शीरीगुल, संजीव चौधरी, आश्कार पाशा, वसीम कुरैशी, प्रेमबाबू बाल्मीकि, सुरेंद्र शर्मा, हाजी रईसऊदीन नईमी, अफरोज खान, परवेज अली, जयकुमार प्रजापति, मौ महमूद, तुषार रस्तोगी, प्रदीप यादव, योगेन्द्र यादव, नाजिर खान, जिगरी मलिक, लुकमान खान, सुशील यादव, शहजाद हुसैन, करीम खान राहुल यादव, रशीद मलिक वाजिद मलिक, लवी पाशा, बालकिशन शर्मा, हरपाल सिँह, जावेद अंसारी, क्यामुद्दीन सैफी मनोज चौधरी इकबाल हुसैन, जावेद आलम, मौ नबी, आदि प्रमुख थे।

## एक नजर

### भाजपा की कांठ मंडल बैठक का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कांठ की मासिक बैठक मंडल कार्यालय कांठ में की गई जिसमें मंडल प्रभारी चौधरी



विक्रांत सिंह ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों जनकल्याण शिविर, प्रदर्शनी, प्राकृतिक खेती कार्यशाला, वृक्षारोपण अभियान, योग दिवस तथा बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुखों के गठन को लेकर चर्चा की। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से इन कार्यक्रमों को सफल बनाने एवं संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सभासद ने जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर उठाएं परिसीमन पर सवाल, कहा नगर के पानी की निकासी के लिए हो नाला निर्माण

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सभासद चमन ने नगर पंचायत कांठ के परिसीमन को लेकर तैयार नक्शे पर सवाल खड़े किए और कहा कि नगर के पानी निकासी के लिए नाला निर्माण होना चाहिए। मोहम्मद असद के साथ तहसील पहुंचे सभासद चमन का कहना था की नगर पंचायत द्वारा कोई मीटिंग नहीं की जाती और सभासदों से सूचनाओं को गोपनीय रखा जाता है उन्होंने कहा कि नया गांव और कासमपुर को परिसीमन के दायरे में लाने की तैयारी की जा रही है जो कि मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है और कांठ में पहले से ही मुस्लिम मतदाता ज्यादा हैं इसलिए इसके स्थान पर मुख्तियारपुर नवादा महमूदपुर माफी और मोडी हजरतपुर को जोड़ा जाना चाहिए जिससे मतदाताओं का अनुपात बराबर हो सके। इसके अलावा उन्होंने खेतों में बह रहे नगर के पानी को लेकर सवाल खड़े किए और कहा कि हजारों बीघा जंगल नगर के पानी के खेतों में फैलने के कारण बर्बाद है और अब कुछ नए नालों का निर्माण होने के कारण नगर के पानी की मात्रा बढ़ जाने से यह पानी भी इन्हीं खेतों में जाने वाला है। उन्होंने कहा कि पानी निकासी की व्यवस्था कराने के लिए काफी समय से भारतीय किसान यूनियन और अन्य संगठनों द्वारा मांग की जा रही है लेकिन अभी तक इस पर कोई कदम नहीं उठाया गया उन्होंने खादर क्षेत्र में नाला निर्माण कराकर नगर पंचायत से निकलने वाले पानी की माकूल व्यवस्था कराने की मांग उठाई। ज्ञापन पर अमित सिंह देवन सिंह छिद्धा सिंह लीलावती रामदेव सिंह जबर सिंह जसवंत सिंह मनोज कुमार आदि ने भी हस्ताक्षर किए है।

### बिजेंद्र सिंह डिलारी थाना के बने प्रभारी निरीक्षक

**डिलारी।** विजेंद्र सिंह ने डिलारी थाना प्रभारी के रूप में कार्यवाल संभाल लिया है कार्यभार संभालते ही उन्होंने स्टाफ की बैठक करके संवेदनशील क्षेत्र में रात्रि की गस्त बढ़ाने और शिकायत लेकर आने वाले फरियादों की सुनवाई करने के निर्देश जारी किए हैं नए थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह ने आम आदमी से मिलने के लिए प्रतिदिन सुनवाई हेतु व्यवस्था करने के निर्देश भी स्टाफ को दिए हैं उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में आमजन के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने बताया कि महिला अपराध और साइबर क्राइम पर विशेष नजर रहेगी साथ ही छोटी-छोटी कमियों को दूर कर आमजन के दिलों में पुलिस के प्रति भरोसा दिलाएंगे थाने में शिकायत लेकर आने वाले शिकायतकर्ताओं की हर संभव मदद की जाएगी अपने कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी अगर कोई कानून को अपने हाथ में लेगा तो उसे किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा पीड़ितों को न्याय दिलाना ही मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी, थाना प्रभारी ने आगे बताया कि पीड़ित स्वयं अपनी समस्या लेकर थाने आए हर संभव पीडित फरियादी की मदद की जाएगी।



## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन





**कांठ( शाह टाइम्स )**शनिवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांठ में प्राचार्य दिनेश यादव के मार्गदर्शन में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें जनपद मुरादाबाद को निपुण जनपद बनाने हेतु निपुण सेल द्वारा प्रोजेक्ट एसोसिएट के पद हेतु डायट प्रशिक्षुओं का साक्षात्कार किया गया जिसमें डी एल एड प्रशिक्षण बैच 2021, 2022, 2023 के कुल 31 प्रशिक्षुओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रथम चरण में कुल 9 प्रशिक्षुओं को शॉर्ट लिस्ट किया गया है, उक्त प्रशिक्षुओं में से 04 प्रशिक्षुओं को द्वितीय चरण हेतु साक्षात्कार के बाद प्रोजेक्ट एसोसिएट के रूप में जनपद मुरादाबाद में ब्लॉकवार नियुक्त किया जाएगा जिनके द्वारा 50 विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाने हेतु कार्य किया जाएगा।

कार्यक्रम के प्रभारी के रूप में डायट प्रवक्ता आशुतोष त्यागी तथा निपुण सेल से साक्षात्कार हेतु सुश्री सिमरन उपस्थित रहीं।प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में भविष्य में भी डायट प्रशिक्षुओं हेतु इस प्रकार के आयोजनों को आयोजित कराया जाता रहेगा, जिससे अधिक से अधिक प्रशिक्षु लाभान्वित हो सकें।

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में ''डिजिटल कौशल और भविष्य के करियर'' विषय पर हुआ सत्र का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन (आईयूएए) द्वारा स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट (एसबीएम) के सहयोग से ''डिजिटल कौशल और भविष्य के करियर'' विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सत्र के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने



कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान के सफल एलुमनाई अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। इस सत्र में विश्वविद्यालय से पीएचडी (2014) बैच की पास आउट छात्रा व वर्तमान में विल्सोनिया डिग्री कॉलेज, मुरादाबाद में विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत डॉ. सारिका खन्ना मुख्य वक्ता रहीं। डॉ. खन्ना ने अपने वक्तव्य मे कहा कि डिजिटल साक्षरता अब वैकल्पिक नहीं रही, यह आधुनिक रोजगार बाजार की नींव है, जो भविष्य के करियर को आगे बढ़ाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा एनालिटिक्स जैसी अत्याधुनिक तकनीकी विशेषताओं को एकीकृत करने की आवश्यकता है। आयोजन सचिव व स्कूल की शिक्षिका डॉ. चारू दत्ता ने एल्यूमिना डॉ. खन्ना व अन्य अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार यादव, होटल मैनेजमेंट की विभागाध्यक्षा डॉ. मेघा भाटिया के अलावा डॉ. हिमांशु गुप्ता, डॉ. आरती गर्ग, डॉ. निखिल गुप्ता और डॉ. शेफाली अग्रवाल आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में संयोजिका डॉ. स्वाति राय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। सत्र के दौरान एसबीएम के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों उपस्थिति रही तथा 82 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# अमेरिका-ईरान फिर सैन्य टकराव के करीब

## दोनों पक्षों ने महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास एक-दूसरे पर सैन्य हमले किए

**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका-ईरान के बीच तनाव एक बार फिर सीधे सैन्य टकराव के बेहद करीब पहुंच गया। दोनों पक्षों ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास एक-दूसरे पर सैन्य हमले किए। खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष विराम की परीक्षा के बीच ईरान के अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागे जाने के बाद अमेरिकी सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरानी ड्रोन और रडार ठिकानों को निशाना बनाया।

इसी दौरान एक अन्य मोर्चे पर इजरायल-लेबनान में संघर्ष विराम समझौता होने के बावजूद इजरायली सेना और हिजबुल्लाह के बीच झड़पें तेज हो गई हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर यह युद्धविराम लागू है, लेकिन जमीन पर इसका पालन बेहद कमजोर नजर आ रहा है। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने एक बयान में कहा कि ईरानी बलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य और पड़ोसी खाड़ी देशों की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन दागे। शुरुआती आकलन के अनुसार, अमेरिकी सेना ने कुवैत और बहरीन को निशाना बनाकर दागी गई सात मिसाइलों में से छह को हवा में ही नष्ट कर दिया, जबकि सातवीं मिसाइल लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही गिर गई। बयान में कहा गया है कि किसी भी अमेरिकी कर्मी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। सेंटकॉम ने कहा कि बहरीन में अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचाने के ईरानी दावे पूरी तरह झूठे हैं। इससे पहले ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने दावा किया था कि उसने 'क्षेत्र में मौजूद दुश्मन के ठिकानों' पर हमले किए हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने यह भी बताया कि क्षेत्र में सक्रिय जहाजों के लिए सीधा खतरा बने ईरान के चार हमलावर ड्रोन को मार गिराया गया। जवाब में अमेरिका ने गोरुक और केश्म द्वीप पर स्थित ईरान के रडार और तटीय रक्षा ठिकानों पर हमले किए। ये वे महत्वपूर्ण ठिकाने हैं, जहां से तेहरान समुद्री यातायात पर नजर रखता है। अमेरिकी अधिकारियों ने इस कार्रवाई को रक्षात्मक कदम बताया। इसका उद्देश्य वाणिज्यिक जहाजरानी मार्गों की रक्षा करना और भविष्य के हमलों को रोकना है। ईरान ने इस घटनाक्रम को अलग तरह से पेश किया है। वहां की अर्ध-सरकारी 'मेहर न्यूज एजेंसी' ने खबर दी है कि ईरानी बलों ने जलडमरूमध्य के पास चेतावनी के तौर पर गोलीबारी की थी, जो संभवत: क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के जहाजों की नई तैनाती के जवाब में की गई थी। ईरान ने पूरे क्षेत्र में दुश्मन के ठिकानों को सफलतापूर्वक निशाना बनाने का भी दावा किया, हालांकि सेंटकॉम ने बहरीन में अमेरिकी पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचने की रिपोर्टों का सिरे से खंडन किया है। तड़के सुबह बहरीन और कुवैत में हवाई हमले के सायरन गूंज उठे। कुवैत की सेना ने कहा कि वह मिसाइलों और ड्रोनों के खतरों का सक्रियता से जवाब दे रही है। हालांकि किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन इस चेतावनी ने यह साफ कर दिया है कि जब भी अमेरिका-ईरान के बीच टकराव होता है, तो खाड़ी देश कितने जोखिम में आ जाते हैं। लेबनान के सरकारी मीडिया के अनुसार, शुक्रवार को वहां स्थिति और अधिक हिंसक हो गई, जहां दक्षिण में हुए इजरायली हमलों में 20 से अधिक लोग मारे गए।



बहरीन में अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचाने के ईरानी दावे पूरी तरह झूठे हैं

### अमेरिका ने ईरान की छह बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया: सेंटकॉम

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को होर्मुज जलडमरूमध्य और पड़ोसी खाड़ी देशों की ओर दागी गई ईरान की कई बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन को हवा में ही मार गिराया। सेंटकॉम के अनुसार अमेरिकी बलों द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के चार एकतरफा हमला करने वाले (आत्मघाती) ड्रोन मार गिराए जाने के बाद, ईरान ने कुवैत और बहरीन की ओर सात बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। सेंटकॉम ने दावा किया कि ईरान की छह मिसाइलों को रास्ते में ही नष्ट कर दिया गया, जबकि सातवीं मिसाइल लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। उसने यह भी कहा कि किसी भी अमेरिकी कर्मी को नुकसान नहीं पहुंचा। कमान ने ईरान के उन दावों को भी खारिज कर दिया, जिनमें बहरीन स्थित अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचने की बात कही गई थी।

### शांति शक्ति संतुलन पर निर्भर, खोखले वादों पर नहीं: ईरानी सलाहकार

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के सलाहकार अली अकबर विलायती ने कहा है कि स्थाई शांति केवल शक्ति संतुलन के माध्यम से ही हासिल की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने विरोधियों के साथ किसी भी तरह के समझौते या 'खोखले वादों' पर भरोसा करने के खिलाफ चेतावनी दी है। शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में विलायती ने कहा कि ईरान के बढ़ते प्रभाव को लेकर पश्चिमी देशों की चिंताएं अब हकीकत में बदल चुकी हैं और वैश्विक स्तर पर 'शक्ति का एक नया ढांचा' उभर कर सामने आया है। उन्होंने पश्चिमी मीडिया की उन रिपोर्टों का हवाला दिया जिनमें कहा गया है कि अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए एक अस्थाई समझौते की कोशिश कर रहा है। विलायती ने इसे 'ईरान को डराने की नीति की विफलता' और 'प्रतिरोध की जीत' के रूप में वर्णित किया। विलायती ने क्षेत्रीय ताकतों को राजनीतिक समझौते के जरिए अपने प्रतिरोध को कमजोर न करने की चेतावनी दी।

## पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में चुनाव से भारत नाराज

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में 7 जून को होने वाले विधानसभा चुनावों का कड़ा विरोध किया है। विदेश मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान जिस क्षेत्र पर अवैध और जबरन कब्जा किए हुए है, वहां चुनाव कराने की उसकी योजना पूरी तरह अस्वीकार्य है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पूरा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, जिसमें गिलगित-बाल्टिस्तान भी शामिल है, भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है।

इसलिए पाकिस्तान को उन क्षेत्रों में किसी भी तरह की राजनीतिक प्रक्रिया चलाने का कोई अधिकार नहीं है। चुनाव कराने जैसी गतिविधियां वहां की जमीनी हकीकत को नहीं बदल सकतीं। गिलगित- बाल्टिस्तान में रविवार को 10 जिलों की 24 सीटों पर मतदान कराया जाएगा। यह भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का हिस्सा है। हालांकि, यह पाकिस्तान के कब्जे में है। इसी वजह से वहां होने वाले हर चुनाव या राजनीतिक कदम पर भारत आमतौर पर आपत्ति दर्ज कराता है।



कहा: इससे अवैध कब्जा वैध नहीं होगा, 7 जून को 24 सीटों पर वोटिंग

गिलगित-बाल्टिस्तान में साढ़े पांच साल बाद चुनाव हो रहे हैं। इससे पहले यहां नवम्बर 2020 में चुनाव हुए थे, जिनमें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने जीत हासिल की थी। यहां का कार्यकाल 5 साल का होता है। 2020 में चुनी गई विधानसभा ने नवम्बर 2025 में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया था। नियमों के मुताबिक इसके बाद नए चुनाव कराए जाने थे, लेकिन खराब मौसम और प्रशासनिक कारणों से मतदान समय पर नहीं हो सका। क्षेत्र में सर्दियों के दौरान भारी बर्फबारी होती है, जिससे कई इलाकों में आवागमन प्रभावित हो जाता है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति राजधानी योजना आयोग ने ग्रेट ट्रायम्फल आर्क परियोजना को दी मंजूरी: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रीय राजधानी योजना आयोग ने वाशिगटन डीसी में ग्रेट ट्रायम्फल आर्क (विशाल विजय मेहराब) की योजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने परियोजना के पक्ष में 8.1 से मतदान करने के लिए आयोग को धन्यवाद दिया। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि राष्ट्रीय राजधानी योजना आयोग को बहुत-बहुत धन्यवाद जिसने आर्लिंगटन मेमोरियल ब्रिज के आधार पर बनने वाले भ आर्क डी ट्रायम्फ को 8-1 के बहुमत से मंजूरी प्रदान की है। इस संरचना की 200 वर्षों से अधिक समय से प्रतीक्षा की जा रही थी।

## ट्रम्प के साथ किसी भी परमाणु समझौते पर भरोसा नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता के एक वरिष्ठ सलाहकार एवं इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के पूर्व कमांडर-इन-चीफ मोहसिन रेजाई ने वर्ष 2015 के जेसीपीओए समझौते से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पीछे हटने का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका के साथ फिलहाल परमाणु पर कोई बातचीत नहीं होगी।

रेजई ने यह भी कहा कि ईरान-अमेरिका के बीच बातचीत बंद हो गई है और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए ट्रम्प को कदम उठाना चाहिए। ईरानी मीडिया के अनुसार, आईआरजीसी के पूर्व प्रमुख ने अमेरिका को दोबारा आक्रामकता दिखाने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने फिर से सैन्य कार्रवाई का रास्ता चुना, तो वह एक अंधेरी और अंतहीन सुरंग में प्रवेश कर जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर युद्ध और नाकेबंदी जारी रही तो ईरान इस टकराव को फारस की खाड़ी से आगे हिंद महासागर, लाल सागर, बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य और भूमध्य सागर तक बढ़ा सकता है। रेजाई ने इस बात पर जोर दिया कि बातचीत गतिरोध पर पहुंच गई है और ईरान के फ्रीज किए गए फंड को जारी करना विश्वास बहाली के लिए एक जरूरी परीक्षा है। उन्होंने 'सीएनएन' से कहा कि अब गेंद ट्रम्प के पाले में है और ईरान के रोके गए फंड को जारी करना विश्वास बहाली के उपाय के रूप में काम करेगा।

ईरान-अमेरिका के बीच बातचीत बंद हो गई है और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए ट्रम्प को कदम उठाना चाहिए

### सूडानी नागरिक की जांच रिपोर्ट आई इबोला निगेटिव, अस्पताल से जल्द मिलेगी छुट्टी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद के सरकारी गांधी अस्पताल के इबोला आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराए गए एक संदिग्ध सूडानी यात्री की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। अस्पताल के अधिकारियों ने शनिवार को इस बात की पुष्टि की है कि मरीज में इबोला वायरस का कोई संक्रमण नहीं पाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, यह यात्री गुरुवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा था। हवाई अड्डे पर थर्मल स्क्रीनिंग के दौरान उसे हल्का बुखार पाया गया, जिसके बाद एहतियात के तौर पर उसे तुरंत अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया था।

## अमेरिका-ईरान समझौता जब्त संपत्तियों की रिहाई पर निर्भर: मोहसिन रज़ाई

**तेहरान।** ईरान के वरिष्ठ सलाहकार मो. हसिन रजाई ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच किसी भी संभावित समझौते की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि ट्रम्प प्रशासन ईरान की 24 अरब डॉलर की जब्त की हुई संपत्तियों को जारी करने की मांग स्वीकार करता है या नहीं। सीएनएन को दिए एक साक्षात्कार में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई के सैन्य सलाहकार रजाई ने कहा कि अब अगला कदम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उठाना है।

उन्होंने कहा कि वार्ताएं गतिरोध की स्थिति में हैं और इस गतिरोध को तोड़ना ट्रम्प की जिम्मेदारी है। गेंद अब ट्रम्प के पाले में है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सैन्य टकराव फिर शुरू हुआ तो संघर्ष का दायरा फारस की खाड़ी से कहीं आगे तक फैल सकता है। रजाई के अनुसार ईरान चाहता है कि अंतरिम समझौते पर हस्ताक्षर होते ही 12 अरब डॉलर जारी किए जाएं, जबकि शेष 12 अरब डॉलर बाद में दिए जाएं। उन्होंने कहा कि यह राशि जारी करना विश्वास बहाली का महत्वपूर्ण कदम होगा और युद्ध समाप्त करने के लिए समझौते तक पहुंचने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यदि ट्रम्प वास्तव में ईरान के साथ समझौता करना चाहते हैं तो यह 24 अरब डॉलर विश्वास की परीक्षा है। अमेरिका को यह परीक्षा पास करनी होगी, तभी आगे का रास्ता खुलेगा। यह हमारा अपना पैसा है, अमेरिका का नहीं। यह मांग ऐसे समय सामने आई है जब ईरान के परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में राहत, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय तनाव जैसे मुद्दों पर संभावित समझौते के लिए अप्रत्यक्ष वार्ताएं जारी हैं, लेकिन अब तक कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है। अमेरिकी अधिकारियों ने आशंका जताई है कि इस स्तर पर ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने से वार्ता में अमेरिका की दबाव बनाने की क्षमता कम हो सकती है। रजाई ने संभावित सैन्य कार्रवाई के परिणामों को लेकर भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका फिर से सैन्य कार्रवाई करता है तो ईरान युद्ध का दायरा बढ़ा देगा। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य से लेकर हिद महासागर, बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य, लाल सागर और भूमध्यसागर तक के रणनीतिक समुद्री मार्गों का उल्लेख करते हुए कहा कि संघर्ष को नया आयाम दिया जा सकता है।



वार्ताएं गतिरोध की स्थिति में हैं और इस गतिरोध को तोड़ना ट्रम्प की जिम्मेदारी है: रज़ाई

# ट्रम्प सरकार की जासूसी करा रहा इजरायल

## बर्नर फोन का इस्तेमाल कर रहे अमेरिकी अधिकारी, इजरायल बोला: आरोप झूठा

**वाशिंगटन।** अमेरिका और इजरायल के बीच ईरान को लेकर मतभेद बढ़ रहे हैं। इस बीच अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) के भीतर यह चिंता बढ़ गई है कि इजरायल अमेरिकी अधिकारियों और ट्रम्प सरकार की अंदरूनी जानकारी जुटाने के लिए जासूसी की कोशिश कर रहा है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक दो मौजूदा और एक पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि पेंटागन की डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी (डीआईए) ने हाल ही में इजरायल से जुड़े काउंटर-इंटेलिजेंस खतरे का स्तर बढ़ाकर 'क्रिटिकल' कर दिया है। यह एजेंसी का सबसे गंभीर अलर्ट माना जाता है। अमेरिका और इजरायल जैसे बेहद करीबी सहयोगियों के बीच ऐसा होना बेहद असाधारण माना जाता है। हालांकि इजरायल ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। इजरायली दूतावास का कहना है कि वह अमेरिकी अधिकारियों की जासूसी नहीं करता और उसकी खुफिया एजेंसियां सहयोगियों नहीं, बल्कि दुश्मनों पर नजर रखती हैं। काउंटर-इंटेलिजेंस खतरे का स्तर बढ़ाने का सबसे ज्यादा असर उन अमेरिकी अधिकारियों पर पड़ सकता है जो इजरायल की यात्रा करते हैं या इजरायली अधिकारियों के साथ सीधे संपर्क में रहते हैं। हालांकि अमेरिका और इजरायल के बीच खुफिया जानकारी साझा करने का सहयोग फिलहाल जारी रहेगा। एक अमेरिकी अधिकारी ने एनबीसी को बताया कि अमेरिका पहले से ही अपने सीनियर अधिकारियों की इजरायल यात्रा के दौरान खास सावधानी बरतता है। इजरायल में रह रहे अमेरिकी अधिकारी अपने फोन-लैपटाप का इस्तेमाल करने से बचते हैं। वे बर्नर फोन (इस्तेमाल कर फेंक दिए जाने वाले फोन) और खास कम्प्यूटर का इस्तेमाल करते हैं। कई बार वे होटल के कमरों या ऐसी जगहों पर संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा करने से भी बचते हैं, जहां निगरानी का खतरा हो सकता है। इसकी वजह यह है कि इजरायली खुफिया एजेंसियां जानकारी जुटाने के मामले में काफी आक्रामक मानी जाती हैं। हालांकि अधिकारियों ने यह भी कहा कि ऐसा कोई एक बड़ा घटनाक्रम नहीं था जिसकी वजह से खतरे का स्तर अचानक बढ़ाया गया हो। इसके बजाय कई घटनाओं और आकलनों के आधार पर यह फैसला लिया गया। यह विवाद ऐसे समय सामने आया है जब ईरान को लेकर ट्रम्प और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच मतभेद बढ़ रहे हैं। अप्रैल में युद्धविराम के बाद ट्रम्प ईरान के साथ एक बड़े समझौते की कोशिश कर रहे हैं, जबकि नेतन्याहू का मानना है कि ईरान किसी समझौते का पालन नहीं करेगा।



अमेरिका और इजरायल जैसे बेहद करीबी सहयोगियों के बीच ऐसा होना बेहद असाधारण माना जाता है

### अमेरिका ने ईरान के ऊर्जा और छद्म वित्तीय नेटवर्क पर कड़े किए प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने शुक्रवार को ईरान के खिलाफ बड़ी आर्थिक कार्रवाई करते हुए उसके एक 'संगठित नेटवर्क' पर नए प्रतिबंधों का एलान किया है। अमेरिकी प्रशासन के अनुसार, यह नेटवर्क 'अवैध ऊर्जा व्यापार और वैश्विक वित्तीय धोखाधड़ी' में लिप्त था। इसके जरिए दक्षिण और पूर्वी एशिया के बाजारों में करोड़ों डॉलर मूल्य की ईरानी एलपीजी की तस्करी की जा रही थी। अमेरिकी विदेश और वित्त मंत्रालय के जारी बयानों के मुताबिक ईरान इसे ओमान जैसे तीसरे देशों का बताकर बेच रहा था। इस पूरे खेल को छिपाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और चीन में सक्रिय मुखौटा कंपनियों के साथ-साथ ईरान के जहाजों के लिए छद्म बेड़े का इस्तेमाल किया जा रहा था। ये जहाज अपनी पहचान और ईंधन के ईरानी मूल को छिपाकर परिवहन कर रहे थे।




भोपाल। कोलार जल आपूर्ति की मरम्मत पूरी न हो पाने के कारण आपूर्ति बाधित होने से पानी भरने के लिए कतार में खड़े लोग।

### 'ऑपरेशन तूफान' के तहत दो प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट के सरगना अरेस्ट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल पुलिस ने मादक पदार्थों की श्रृंखलाओं को नष्ट करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे राज्यव्यापी नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान 'ऑपरेशन तूफान-द नार्को हंट' के तहत एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क से जुड़े दो प्रमुख सरगनाओं को गिरफ्तार किया है। गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने बताया कि नाइजीरियाई नागरिक सैमुअल क्लिफसन ओकफोर को दिल्ली में पंडालम में दर्ज एक मामले के संबंध में गिरफ्तार किया गया, जबकि पेरिनद, पथानामथिट्टा में दर्ज एक मामले में वांछित विदेशी नागरिक एल्सीना संतन सुसान को बेंगलुरु में पकड़ा गया।

# जंग के बावजूद ईरानी फुटबॉल टीम को अमेरिकी वीजा मिला

सपोर्ट स्टाफ को अब तक इजाजत नहीं, ईरान बोला: यह भेदभाव

**तेहरान।** ईरान और इजरायल के बीच जारी जंग के बावजूद ईरानी फुटबाल टीम के खिलाड़ियों को अमेरिका का वीजा मिल गया है। हालांकि टीम के कई सपोर्ट स्टाफ और अधिकारियों को अब तक अमेरिकी वीजा नहीं मिला है।

इस पर ईरान ने अमेरिका पर भेदभाव करने का आरोप लगाया है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, फुटबाल महासंघ के महासचिव हेदायत मोम्बेनी, उपाध्यक्ष मेहदी मोहम्मद नबी समेत 14 अधिकारी और सहयोगी स्टाफ अभी भी वीजा का इंतजार कर रहे हैं। महासंघ का कहना है कि इससे टीम को बराबरी का मौका नहीं मिल रहा है और वह इस मामले को फीफा के सामने उठाएगा। वहीं, अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि सभी खिलाड़ियों, कोच, ट्रेनर और कुछ सपोर्ट स्टाफ को वीजा जारी कर दिया गया है, लेकिन कुछ आवेदनों को मंजूरी नहीं दी गई। ईरानी टीम फिलहाल तुर्किये के अंताल्या में अभ्यास कर रही है और वहां से मेक्सिको रवाना होगी। फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होगा। पहली बार यह टूर्नामेंट तीन देशों की मेजबानी में खेला जाएगा। इसमें 48 टीमें हिस्सा लेंगी।



# ईरान के पास समझौते के अलावा विकल्प नहीं: ट्रम्प

## अप्रैल में हुआ युद्धविराम अभी तक किसी तरह कायम है, लेकिन दोनों देशों के बीच कूटनीतिक गतिरोध बना हुआ है

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अभी तक कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है, क्योंकि ईरानी नेतृत्व 'मजबूत' और 'स्वाभिमानी' है, लेकिन अंतत: उसके पास समझौते के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। ट्रम्प ने एनबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि वे मजबूत हैं, वे गर्व से भरे हुए हैं।

कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें करने के बारे में उन्होंने कभी नहीं सोचा था, लेकिन अब उन्हें करना पड़ेगा। उनके पास कोई विकल्प नहीं है, हालांकि इसमें थोड़ा समय लगेगा। ट्रम्प की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए चल रही वार्ता चौथे महीने में प्रवेश कर चुकी है। अप्रैल में हुआ युद्धविराम अभी तक किसी तरह कायम है, लेकिन दोनों देशों के बीच कूटनीतिक गतिरोध बना हुआ है। हाल के दिनों में होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास दोनों पक्षों द्वारा की गई सैन्य कार्रवाइयों के कारण तनाव फिर बढ़ गया है, जिससे युद्धविराम पर भी खतरा मंडराने लगा है।अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बुधवार को कांग्रेस के सदस्यों से कहा कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' नाम से संचालित सैन्य अभियान समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह की गई अमेरिकी सैन्य कार्रवाई पूरी तरह रक्षात्मक थी और यह होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट जहाजों पर ईरानी हमलों के जवाब में की गई। रुबियो ने कहा कि अपनी सेनाओं की सुरक्षा के लिए हम केवल ड्रोन को नहीं, बल्कि उन्हें लॉन्च करने वालों को भी निशाना बनाते हैं। यदि वे जहाजों पर हमला नहीं करेंगे तो हम भी कार्रवाई नहीं करेंगे, लेकिन जवाब देना हमारी मजबूरी है। ट्रम्प और उनकी रिपब्लिकन सरकार लगातार यह दावा करती रही है कि इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर की गई सैन्य कार्रवाई उसके परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को रोकने के लिए आवश्यक थी।




कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें करने के बारे में उन्होंने कभी नहीं सोचा था, लेकिन अब उन्हें करना पड़ेगा: ट्रम्प

### दर्शकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए पेड्डी में बदलाव करेंगे निर्देशक बुची बाबू सना

**मुंबई।** फिल्म पेड्डी को लेकर उठी आपत्तियों के बीच निर्देशक बुची बाबू सना ने दर्शकों की प्रतिक्रियाओं का सम्मान करते हुए फिल्म के कुछ दृश्यों में बदलाव करने की घोषणा की है। बुची बाबू सना ने जारी बयान में कहा कि फिल्म के कुछ हिस्सों को लेकर सामने आई चिंताओं को गंभीरता से लिया गया है और उनकी समीक्षा के बाद आवश्यक बदलाव किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक फिल्ममेकर के रूप में उनका मानना है कि सिनेमा का उद्देश्य लोगों का मनोरंजन करना, उन्हें प्रेरित करना और उनसे जुड़ाव बनाना है। किसी को असहज महसूस कराना या उसका अपमान करना कभी भी उनका उद्देश्य नहीं रहा है।उन्होंने कहा कि वह हमेशा महिलाओं का सम्मान करते आए हैं, चाहे वह पर्दे पर हों या वास्तविक जीवन में। उनका कहना है कि फिल्म में किसी महिला किरदार को गलत तरीके से प्रस्तुत करने या उसका अपमान करने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि यदि फिल्म का कोई हिस्सा दर्शकों को ऐसा महसूस कराता है, तो वह उनकी भावनाओं का सम्मान करते हैं और इसके लिए दिल से माफी मांगते हैं।

# AI के सबसे अच्छे 5 कोर्स
# नहीं होगी नौकरी की दिक्कत और मिलेगी बंपर सैलरी



**नई दिल्ली।** शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, बिजनेस और आईटी सहित लगभग हर क्षेत्र में एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। एआई के कुछ कोर्स आपको अच्छी सैलरी वाली नौकरी दिलाने और करियर में शानदार तरक्की करने में मदद कर सकते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि एआई आज के दौर की सबसे तेजी से उभरती टेक्नोलॉजी में से एक है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, बिजनेस और आईटी जैसे लगभग हर सेक्टर में एआई का इस्तेमाल बढ़ रहा है। इसलिए ही कंपनियां एआई और डेटा साइंस प्रोफेशनल्स तलाश रही हैं। अगर आपने 12वीं पास कर ली है और आगे चलकर अच्छी नौकरी के साथ बंपर सैलरी चाहते हैं, तो एआई से जुड़े कोर्स आपके लिए बेहतरीन ऑपशन साबित हो सकते हैं। जानें ऐसे 5 प्रमुख कोर्स, जिनकी मांग आने वाले सालों में और बढ़ने की उम्मीद है।

**एआई में डिप्लोमा**

एआई में डिप्लोमा एक शॉर्ट-टर्म कोर्स है, जिसमें छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बेसिक और एडवांस कॉन्सेप्ट्स सिखाएं जाते हैं। इसमें Python प्रोग्रामिंग, मशीन लर्निंग, डेटा प्रोसेसिंग और अलग-अलग एआई टूल्स की ट्रेनिंग दी जाती है। यह कोर्स आमतौर पर 6 महीने से 2 साल तक का होता है। इसकी फीस लगभग 50 हजार से 3 लाख रुपये तक हो सकती है। यह डिप्लोमा ML इंजीनियर और एआई आर्किटेक्ट जैसी हाई-पेइंग रोल्स के लिए बेस्ट है।

**एआई और डेटा साइंस में बीटेक**

एआई और डेटा साइंस से B.Tech भी अच्छा करियर ऑप्शन है। इस चार साल की इंजीनियरिंग डिग्री में डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, बिग डेटा और प्रोग्रामिंग लैंग्वेज जैसे Python C++ और R की पढ़ाई जाती है। इस कोर्स की फीस संस्थान के अनुसार 4 लाख से 20 लाख रुपये तक हो सकती है। कोर्स पूरा करने के बाद छात्रों के लिए टेक कंपनियों में हाई सैलरी के साथ बेहतर करियर अवसर उपलब्ध होते हैं।

**एआई से BCA**

जो छात्र कॉमर्स, आर्ट्स या किसी भी दूसरी स्ट्रीम से 12वीं पास कर चुके हैं, उनके लिए AI से BCA एक अच्छा ऑप्शन है। इस कोर्स में कंप्यूटर एप्लीकेशन के साथ AI और मशीन लर्निंग की पढ़ाई कराई जाती है। इसमें प्रोग्रामिंग, डेटा एनालिसिस, एल्गोरिदम और डीप लर्निंग जैसे सब्जेक्ट्स शामिल होते हैं। इसकी फीस लगभग 50 हजार से 3 लाख रुपये सालाना तक हो सकती है। इस कोर्स के बाद अब प्रोग्रामर या डेटा एनालिस्ट सहित दूसरे रोल्स पर काम करते हुए अच्छी-खासी कमाई कर सकते हैं।

**एआई और डेटा साइंस से B.Sc**

यह 3-ईयर डिग्री कोर्स मशीन लर्निंग और डेटा साइंस पर फोकस करता है। इसमें छात्रों को डेटा माइनिंग, स्टैटिस्टिक्स, डेटा विजुअलाइजेशन और एनालिटिक्स जैसे सब्जेक्ट्स पढ़ाए जाते हैं। इस कोर्स की फीस 30 हजार से 3 लाख रुपये सालाना तक हो सकती है। डेटा साइंस और रिसर्च के क्षेत्र में करियर बनाने वाले छात्रों के लिए यह एक अच्छा ऑप्शन माना जाता है। यह कोर्स ML इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट और AI आर्किटेक्ट जैसे हाई-पेइंग रोल्स दिलाने में मदद कर सकता है।

**एआई और डेटा साइंस से B.Tech भी अच्छा करियर ऑप्शन है। इस चार साल की इंजीनियरिंग डिग्री में डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, बिग डेटा और प्रोग्रा. मिंग लैंग्वेज जैसे Python C++ और R की पढ़ाई जाती है। इस कोर्स की फीस संस्थान के अनुसार चार लाख से 20 लाख रुपये तक हो सकती है। कोर्स पूरा करने के बाद छात्रों के लिए टेक कंपनियों में हाई सैलरी के साथ बेहतर करियर अवसर उपलब्ध होते हैं। जो छात्र कॉमर्स, आर्ट्स या किसी भी दूसरी स्ट्रीम से 12वीं पास कर चुके हैं, उनके लिए AI से BCA एक अच्छा ऑप्शन है।**



# JEE एडवांस के बिना मिलेगा IIT दिल्ली में एडमिशन, शुरू हुआ AI कोर्स

**नई दिल्ली।** IIT दिल्ली के लिए AI पद Healthcare प्रोग्राम के लिए आवेदन किए जा रहे हैं। क्लासेज शनिवार और रविवार को चलाई जाएंगी। IIT Delhi AI Course: आईआईटी दिल्ली IIT Delhi से करना चाहते हैं पढ़ाई तो आपके लिए सुनहरा मौका है। IIT Delhi us Continuing Education Programme CEP Executive Programme for AI in Healthcare का दूसरा बैच लॉन्च कर दिया है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। कैंडिडेट्स 30 जुलाई 2026 से पहले अप्लाई कर लें। संस्थान ने खुद इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया पर दी है

**IIT Delhi ने शेयर की जानकारी**

IIT क्मसीप ने X पर किए एक पोस्ट में शेयर किया है कि संस्थान ने AI पद Healthcare प्रोग्राम के दूसरे ब्रांच के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही संस्थान ने इस प्रोग्राम से जुड़ी सभी जानकारी शेयर की है।

**क्या है यह प्रोग्राम**

IIT Delhi के इस एक्जीक्यूटिव लेवल प्रोग्राम में स्टूडेंट्स को हेल्थकेयर इंडस्ट्री में AI के इस्तेमाल की जानकारी दी जाएगी।

डाटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग और मेडिकल टेक्नोलॉजी के इंटीग्रेशन की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस प्रोग्राम का उद्देश्य प्रोफेशनल्स को हेल्थकेयर और टेक्नोलॉजी के कॉम्बिनेशन में एक्सपर्ट बनाना है, ताकि वे फ्यूचर की डिजिटल हेल्थ सर्विसेज में बेहतर योगदान दे सकें।

## अप्लाई करने के लिए जरूरी डिटेल

**प्रोग्राम:** Executive Programme for AI in Healthcare Batch
**संस्थान:** IIT Delhi
**आवेदन प्रक्रिया:** ऑनलाइन
**लास्ट डेट:** 30 जुलाई 2026
**Class Schedule-** शनिवार: शाम 6:00 बजे से 7:30 बजे तक, रविवार- सुबह 11:00 बजे से 12:30 बजे तक

## कौन कर सकता है अप्लाई

कोई भी ग्रेजुएट प्रोफेशनल आवेदन कर सकता है
उम्मीदवार इंडस्ट्री या एकेडमिक सेक्टर से जुड़ा होना चाहिए

**आवेदन कैसे करें**

IIT Delhi के इस प्रोग्राम के ceppay.iitd.ac.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। सबसे पहले आपको नाम, फोन नंबर और ईमेल डालकर लॉगिन करना होगा। इसके बाद फॉर्म भरें। आईआईटी दिल्ली का यह प्रोग्राम उन प्रोफेशनल्स के लिए एक बेहतरीन अवसर है जो AI और हेल्थकेयर के फील्ड में अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं। यह कोर्स फ्यूचर की टेक्नोलॉजी आधारित हेल्थ सिस्टम के लिए एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

# यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 8 जून से

**उम्मीदवारों के लिए राहत की बात यह है कि इस परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं रखी गई है। यानी अगर कोई जवाब गलत हो जाता है तो उसके लिए नंबर नहीं काटे जाएंगे। हालांकि उम्मीदवारों को जवाब सोच-समझकर ही भरने चाहिए।**

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में नौकरी पाने का सपना देख रहे लाखों युवाओं के लिए बड़ी खबर है। यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 8 जून से शुरू होने जा रही है। लंबे समय से इस परीक्षा की तैयारी कर रहे उम्मीदवार अब अंतिम दौर में पहुंच चुके हैं। ऐसे समय में सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि परीक्षा से जुड़े नियमों की जानकारी होना भी बहुत जरूरी है। हर साल कई अभ्यर्थी देर से पहुंचने, जरूरी दस्तावेज साथ न रखने या नियमों की जानकारी न होने की वजह से परेशानी में पड़ जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी इस परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं तो एग्जाम वाले दिन किसी तरह की दिक्कत से बचने के लिए भर्ती बोर्ड की ओर से जारी सभी जरूरी नियम पहले से जान लें।

**8 से 10 जून तक होगी परीक्षा**

यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 8 जून, 9 जून और 10 जून को कराई जाएगी। परीक्षा के लिए राज्यभर में कई केंद्र बनाए गए हैं। बड़ी संख्या में उम्मीदवार इसमें शामिल होने वाले हैं।

**दो शिफ्ट में होगा एग्जाम**

परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगी। दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। उम्मीदवारों को अपनी शिफ्ट का समय एडमिट कार्ड में देख लेना चाहिए।

**समय से पहले पहुंचना जरूरी**

भर्ती बोर्ड ने साफ कहा है कि तय समय के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। सुबह की शिफ्ट वाले उम्मीदवारों को सुबह 8 बजे से 9:30 बजे के बीच केंद्र पहुंचना होगा। वहीं दूसरी शिफ्ट वालों को दोपहर 1 बजे से 2:30 बजे के बीच रिपोर्ट करना होगा। इसलिए आखिरी समय तक इंतजार करने की गलती न करें।

**एडमिट कार्ड और पहचान पत्र जरूर रखें**

परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड जरूरी है। इसके साथ आधार कार्ड या कोई दूसरा सरकारी पहचान पत्र भी रखना होगा। बिना पहचान पत्र के उम्मीदवारों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**सेंटर बदलने की सुविधा नहीं**

कई उम्मीदवारों का परीक्षा केंद्र उनके शहर से दूर आया है, लेकिन भर्ती बोर्ड ने साफ कर दिया है कि एक बार सेंटर तय होने के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों को उसी केंद्र पर परीक्षा देनी होगी जो उनके एडमिट कार्ड में लिखा है।

**यह सामान बिल्कुल न ले जाएं**

मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर, नोट्स, कागज या किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक सामान परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी सभी उम्मीदवारों की बायोमेट्रिक जांच भी की जाएगी।

**गलत जवाब पर नहीं कटेंगे नंबर**

उम्मीदवारों के लिए राहत की बात यह है कि इस परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं रखी गई है। यानी अगर कोई जवाब गलत हो जाता है तो उसके लिए नंबर नहीं काटे जाएंगे। हालांकि उम्मीदवारों को जवाब सोच-समझकर ही भरने चाहिए।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॅान कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108



**OMR शीट पर भरने होंगे जवाब**

यह परीक्षा कंप्यूटर पर नहीं होगी। उम्मीदवारों को प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट दी जाएगी। सभी जवाब ओएमआर शीट पर भरने होंगे। इसके लिए काला या नीला बॉल पेन साथ रखना जरूरी है। प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में मिलेगा।